राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, हाथरस, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



06 रामायण में शूर्पणखा क्यों बनीं रकुल...

दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र

बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



एक और ऐतिहासिक उपलब्धि की ... 12

गाजियाबाद, मंगलवार 03 नवंबर 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 239, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

ट्रंप पर दबाव बना रहे नेतन्याहू, अमेरिकी मध्यावधि चुनाव के बाद ईरान पर हमले की इच्छा

यरुशलम। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करने का दबाव बना रहे हैं। बताया जा रहा है कि नेतन्याहू चाहते हैं कि अमेरिका मध्यावधि चुनाव के बाद ईरान पर हमला करे। हालांकि, राष्ट्रपति ट्रंप फिलहाल सैन्य कार्रवाई के पक्ष में नहीं हैं और ईरान के साथ बातचीत जारी रखना चाहते हैं। इस मुद्दे पर शनिवार को दोनों नेताओं के बीच विस्तार से चर्चा हुई, जिसमें उनके विचारों में मतभेद सामने आए। एक रिपोर्ट में इजरायली और अमेरिकी



अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। इजरायली सूत्र ने दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत को काफी जटिल बताया, जबकि अमेरिकी सूत्र ने इसे सीधी बातचीत करार दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू ने ट्रंप के सामने ईरान पर हमले का मुद्दा उठाते हुए सैन्य कार्रवाई के लिए दबाव बनाया, लेकिन ट्रंप ने फिलहाल इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया। बताया जा रहा है कि ट्रंप के इस रुख से नेतन्याहू चिंतित हैं। ट्रंप ने शनिवार को नेतन्याहू के साथ बातचीत होने की पुष्टि की थी, हालांकि उन्होंने चर्चा के विस्तृत ब्योरे साझा नहीं किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल अमेरिका ईरान के साथ बातचीत के रास्ते को प्राथमिकता दे रहा है। इस बीच, अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पिछले सप्ताह ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख मोहसेन रेजाई को एक पत्र भेजा था।

दिवाली से पहले दिल्ली की हवा गंभीर, आधी रात को एक्यूआई 500 के पार पहुंचा

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली में सर्दियों की शुरूआत से पहले ही वायु प्रदूषण ने गंभीर रूप लेना शुरू कर दिया है। दिवाली से पहले ही दिल्ली की हवा की गुणवत्ता बेहद खराब हो गई है। सोमवार को राजधानी के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 350 के पार पहुंच गया, जबकि आधी रात के कुछ समय बाद यह 512 दर्ज किया गया। रविवार को दिल्ली का 24 घंटे का औसत एक्यूआई 261 था, जो खराब श्रेणी में आता है। सोमवार को इसमें और गिरावट दर्ज की गई और वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण



बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार सुबह दिल्ली के कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर चिंताजनक रहा। रोहिणी में एक्यूआई 396, अलीपुर में 375, विवेक विहार में 370 और नरेला में 363 दर्ज किया गया। आईटीओ और अक्षरधाम में यह 349, इंडिया गेट और जनपथ में 335 तथा चांदनी चौक में 358 रहा। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 343 और बुराड़ी में 308 एक्यूआई दर्ज किया गया।

वहीं, आया नगर में एक्यूआई 276, हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 पर 263 और आनंद विहार में 242 रहा। सोमवार सुबह पंजाबी बाग, जहांगीरपुरी और रोहिणी में प्रदूषण का स्तर 400 के पार पहुंच गया। दिल्ली से सटे नोएडा में भी स्थिति

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 343 और बुराड़ी में 308 एक्यूआई दर्ज किया गया

गंभीर रही। वहां सुबह 11 बजकर 1 मिनट पर एक्यूआई 409 दर्ज किया गया। राजधानी में रविवार शाम छह बजे के बाद प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ना शुरू हुआ।

उमर अब्दुल्ला और निधि राजदान की शादी पर मौलना रजवी ने जारी किया फतवा

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और वरिष्ठ पत्रकार निधि राजदान के विवाह को लेकर धार्मिक गलियारों में विवाद खड़ा हो गया है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने इस शादी के खिलाफ फतवा

बताया 'गैर-इस्लामी और नाजायज

जारी करते हुए इसे इस्लामी शरीयत की कसौटी पर पूरी तरह गैर-कानूनी और नाजायज करार दिया है। मौलाना के इस कड़े रुख और फतवे के सामने आने के बाद राजनीतिक व सामाजिक स्तर पर नई बहस छिड़ गई है।

'शरीयत के नियमों का नहीं हुआ पालन,

शादी से पहले धर्म परिवर्तन की दी दलील

मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने रविवार को



अपने बयान में कहा कि इस्लाम में निकाह को लेकर बेहद स्पष्ट और निर्धारित कायदे-कानून बनाए गए हैं। शरीयत के अनुसार एक मुस्लिम पुरुष और गैर-मुस्लिम महिला के विवाह को लेकर सख्त प्रावधान तय हैं। उन्होंने तर्क दिया कि चूंकि उमर अब्दुल्ला मुस्लिम हैं और निधि राजदान गैर-मुस्लिम हैं, इसलिए इस्लामी नजरिए से यह निकाह मान्य नहीं ठहरता। मौलाना ने कहा कि यदि विवाह से पहले निधि राजदान का धर्म परिवर्तन कराकर उन्हें इस्लाम कबूल कराया जाता और उसके बाद निकाह होता, तभी यह रिश्ता इस्लामी नियमों के तहत जायज माना जा सकता था। धार्मिक नियमों की अनदेखी के चलते इस निकाह को शरीयत से खारिज किया जाता है।

गोंडा में योगी का सपा पर हमला, बोले- समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश के लिए शाप, भाजपा आस्था को सम्मान देने वाली पार्टी

लखनऊ (आरएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोंडा में समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सपा अपने आप में उत्तर प्रदेश के लिए शाप है। यह जब भी सत्ता में आई, प्रदेश में तबाही मचाई। उन्होंने कहा कि यदि किसी सपाई या किसी अन्य व्यक्ति को मां दुर्गा की पूजा से परेशानी है तो वह अपने घर में शोक मनाए, लेकिन दूसरों को पूजा करने से न रोके। भाजपा आस्था को सम्मान देने वाली पार्टी है, जबकि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का मतलब अपराध से जुड़ा रहा है। वे बदमाश लाते हैं और हम बदलाव लाते हैं। मुख्यमंत्री ने यह बात 520 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 69 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर आयोजित जनसभा में कही।योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा सरकार के दौरान देवीपाटन मंडल में मां दुर्गा की पूजा के पंडालों को लेकर विवाद खड़े किए जाते थे। पूजा की अनुमति नहीं मिलती थी और नवरात्र जैसे धार्मिक आयोजनों में भी बाधाएं पैदा की जाती थीं। इस बार पूरे प्रदेश में नवरात्र के दौरान 67 हजार मूर्तियां स्थापित की गईं। उन्होंने कहा कि गोंडा मंडल में मूर्ति स्थापना के लिए अनुमति मांगने की जरूरत नहीं होनी चाहिए।

जो भी अपने घर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करना चाहता है, उसे इसकी अनुमति मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उनकी सरकार में धार्मिक आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से हो रहे हैं और उत्तर प्रदेश अब कर्फ्यू तथा दंगों से मुक्त है। मुख्यमंत्री ने कांवड़ यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यात्रा निकालने में बाधाएं खड़ी की जाती थीं और दंगे की आशंका जताकर धार्मिक आयोजनों को रोकने का प्रयास होता था। इस वर्ष गाजियाबाद से हरिद्वार के बीच कांवड़ यात्रा में करीब साढ़े चार करोड़ श्रद्धालु शामिल हुए। नवरात्र के दौरान भी पूरे प्रदेश में शांतिपूर्ण माहौल रहा। उन्होंने कहा कि पहले त्योहारों के समय उपद्रव की आशंका से बाजार बंद हो जाते थे और लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते थे, लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है।

दो नवंबर 1990 की अयोध्या की घटना का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि तत्कालीन समाजवादी पार्टी सरकार में राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान रामभक्तों पर गोली चलाई गई थी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने रामभक्तों पर पुष्पवर्षा कर अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया और धार्मिक आस्था के साथ विकास को भी आगे बढ़ाया। सात नवंबर को अयोध्या में दीपोत्सव का दसवां संस्करण आयोजित होगा। इसकी रोशनी केवल अयोध्या तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि विकास के



मुख्यमंत्री ने कांवड़ यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यात्रा निकालने में बाधाएं खड़ी की जाती थीं और दंगे की आशंका जताकर धार्मिक आयोजनों को रोकने का प्रयास होता था

रूप में गोंडा और पूरे देवीपाटन मंडल तक पहुंचेगी।मुख्यमंत्री ने गोंडा के विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि करीब दस वर्ष पहले गोंडा से देवीपाटन स्थित मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ पहुंचने में ढाई से तीन घंटे लगते थे। सड़कें जर्जर थीं, विकास कार्य ठप थे, नौजवान बेरोजगार थे और किसान परेशान थे। महिलाओं और व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर भी चिंताएं थीं। वर्ष 2016 के स्वच्छ सर्वेक्षण में गोंडा देश के सबसे गंदे शहरों में शामिल था। उन्होंने कहा कि महाराजा सुहेलदेव के शौर्य, महाराजा देवी बख्श सिंह के पराक्रम, महर्षि पतंजलि की योग परंपरा और गोस्वामी तुलसीदास की रामकथा से जुड़ी इस भूमि की पहचान विकास के अभाव में प्रभावित हुई थी।





योगी आदित्यनाथ
माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
औद्योगिक विकास मंत्री, उत्तर प्रदेश



जसवन्त सैनी
औद्योगिक विकास राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश

Yamuna Expressway Industrial Development Authority YEIDA FUTURE IS HERE

राष्ट्र के आकांक्षाओं की उड़ान



अगली पीढ़ी के ग्रोथ कॉरिडोर के तौर पर रणनीतिक रूप से तैयार किया गया YEIDA, तेज़ी से एक ऐसे केंद्र के रूप में उभर रहा है जहाँ विश्व-स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, भविष्य के उद्योग और बेजोड़ कनेक्टिविटी का संगम है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से मिली नई ऊँचाइयों के साथ, YEIDA निवेश, इनोवेशन और रोज़गार का केंद्र है । 25 साल के पड़ाव पर YEIDA, नई रफ़्तार के साथ आगे बढ़ने और उत्तर प्रदेश के $1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था और 'विकसित भारत' के विज़न को साकार करने के लिए समर्पित है।

YEIDA @ 25 : प्रमुख उपलब्धियाँ

उत्कृष्टता का पर्याय

- विकास का इंजन: 100 मीटर चौड़े यमुना एक्सप्रेसवे पर बसा, निर्बाध क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के साथ
- लैंड बैंक: 3,000+ हेक्टेयर का नियोजित विकास क्षेत्र, दीर्घकालिक विस्तार और विकास की क्षमता युक्त
- शहरी अवसंरचना को प्रोत्साहन: सस्टेनेबल शहरी जीवन के लिए एकीकृत सड़कों, यूटिलिटीज, हरित क्षेत्र और सामाजिक अवसंरचना के साथ नियोजित सेक्टर
- विश्वसनीय विद्युत इंफ्रास्ट्रक्चर: निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करते समर्पित सबस्टेशन और उच्च क्षमता वाला ट्रांसमिशन नेटवर्क

अतुलनीय कनेक्टिविटी

- भारत का एविएशन गेटवे: नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा – 11,700+ एकड़, 22.5 करोड़ वार्षिक यात्री क्षमता।
- लॉजिस्टिक्स एवं माल ढुलाई का लाभ: ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (DFC) | एयरपोर्ट DFC कनेक्टिविटी | 87 एकड़ कार्गो हब | एयरपोर्ट से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे तक संपर्क
- शानदार कनेक्टिविटी: दिल्ली - वाराणसी के बीच प्रस्तावित हाई स्पीड रेल कनेक्टिविटी | घोला (कोलकाता-हावड़ा लाइन) से रुंधी (मुंबई लाइन) तक रेल कनेक्टिविटी | प्रस्तावित रैपिड रेल ट्रांज़िट सिस्टम (RRTS)
- एक्सप्रेसवे नेटवर्क: 100 मीटर चौड़ा ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे | 130 मीटर चौड़ी सड़क - ग्रेटर नोएडा से YEIDA तक | 100 मीटर चौड़ा एक्सप्रेसवे - पलवल से खुर्जा तक | गंगा एक्सप्रेसवे

उद्योग जगत का आकर्षण

- निवेश का केंद्र: 2017 से अब तक ₹50,000+ करोड़ का निवेश; मजबूत नीतिगत समर्थन।
- औद्योगिक विस्तार: 2,730+ एकड़ में 2,200+ प्लॉट, जो दे रहे औद्योगिक विकास को गति ।
- रोज़गार सृजन: विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 4 लाख रोजगार सृजित।

विकास के लिए नियोजित

- सेक्टोरल मेगा पार्क: मेडिकल डिवाइसेस, डेटा सेंटर, अपैरल, MSME, खिलौने, इस्तशिल्प एवं सेमीकंडक्टर पार्क के क्लस्टर।
- इलेक्ट्रॉनिक्स हब: सेक्टर-10 में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर।
- वैश्विक शहर: सिंगापुर, जापानी एवं कोरियन सिटी - प्रत्येक 500 एकड़
- फिनटेक हब: कार्यालय, रिटेल और आवास का एकीकृत उभरता इकोसिस्टम।
- अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी: 230+ एकड़ में विश्वस्तरीय फिल्म निर्माण सुविधा।

फ्यूचर मास्टरप्लान – विकास का पथ

- टप्पल - बाजना अर्बन सेंटर में प्रस्तावित लॉजिस्टिक्स हब
- राया अर्बन सेंटर, मथुरा में प्रस्तावित हेरिटेज सिटी
- हाथरस अर्बन सेंटर का प्रस्तावित मास्टर प्लान
- आगरा अर्बन सेंटर का प्रस्तावित मास्टर प्लान

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
प्रथम तल, वाणिज्यिक परिसर, पी-2, सेक्टर- ओमेगा I, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश, 201308
वेबसाइट: www.yamunaexpresswayauthority.com

दिल्ली में इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन में शामिल हुए सपा नेता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आह्वान पर इंडिया गठबंधन की ओर से आयोजित प्रदर्शन में मोदीनगर से समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओ ने बड़ी संख्या में पहुंचकर हिस्सा लिया। प्रदर्शन में शामिल होने के लिए सपा नेताओं का जत्था दिल्ली रवाना हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओ में खासा उत्साह दिखाई दिया। सपा नेताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के अधिकारों और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाना जरूरी है। उन्होंने इंडिया गठबंधन के इस कार्यक्रम को लोकतांत्रिक आवाज बुलंद करने का मंच बताया। प्रदर्शन में मोदीनगर से पहुंचे नेताओं और कार्यकर्ताओ की मौजूदगी क्षेत्र में पार्टी की सक्रियता को भी दर्शा रही है।





प्रदर्शन में जिला कोषाध्यक्ष मनीष बंसल, प्रदेश काराकारिणी सदस्य कृष्णा रुहेला, प्रदेश सचिव महिला सभा कमलेश चौधरी, राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति, श्रवण त्यागी, सोएब मलिक, आरिफ खान, इरफान, सागर यादव, मोंटी, शाहनवाज, फिरोज, परवेज, आलम, राजेश जाटव, तरुण जाटव, बल्लू सिकरी, अक्ष रुहेला, पार्थ रुहेला, विपिन रुहेला, अजय रुहेला आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

यूपी में केतली चलेगी गीत से राहुल कलछीना ने बटोरी सुर्खियां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। मोदीनगर तहसील क्षेत्र के गांव कलछीना निवासी उभरते गायक राहुल कुमार कलछीना ने अपनी गायकी के जरिए क्षेत्र का नाम आगे बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। आजाद समाज पार्टी से जुड़े राहुल कुमार ने हापुड़ के रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में भाई चंद्रशेखर आजाद के समक्ष अपना चर्चित गीत यूपी में केतली चलेगी प्रस्तुत किया।

उनकी प्रस्तुति पर कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने उत्साह जताया और उनका हौसला बढ़ाया। राहुल कुमार अपने गीतों के माध्यम से सामाजिक मुद्दों, बहुजन समाज की आवाज और अपने विचारों को जनमानस तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। उनका गीत यूपी में केतली चलेगी भी इन दिनों चर्चा में है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने वर्ष 2027 के राजनीतिक अभियान और केतली चुनाव चिह्न से जुड़े विचार भी गीत के माध्यम से प्रस्तुत किए। गांव कलछीना से निकलकर बड़े मंचों तक पहुंचने की उनकी कोशिश स्थानीय क्षेत्र के लिए भी गर्व का विषय है। हापुड़ में मिली सराहना ने उनके आत्मविश्वास को नई ऊर्जा भर दी है। राहुल ने कार्यक्रम में मिले स्नेह और सम्मान के लिए लोगों का खासतौर से आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद का आभार व्यक्त किया।



गायकी के क्षेत्र में अभी अपनी पहचान बना रहे राहुल कुमार कलछीना के लिए यह शुरूआत आगे बढ़ने का अवसर है। उम्मीद है कि वह अपनी प्रतिभा, निरंतर मेहनत और प्रस्तुतियों के दम पर आने वाले समय में नई पहचान बनाएंगे और अपने गांव व क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

वैश्य संगठन ने तीन पदाधिकारियों को सौंपी प्रदेश स्तरीय जिम्मेदारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। अखिल भारतीय वैश्य संगठन ने संगठन विस्तार के तहत नगर के तीन पदाधिकारियों को प्रदेश स्तर पर नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इस संबंध में आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गोयल ने सोपी गई जिम्मेदारियां की घोषणा की। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने घोषणा करते हुए बताया कि डॉ ब्रजभूषण बंसल को प्रदेश उपाध्यक्ष, देवराज मित्तल को संगठन मंत्री तथा संजय सिंघल को प्रदेश मंत्री का कार्यभार सौंपा गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन की गतिविधियों को गति देने और समाज को संगठित करने की अपेक्षा जताई गई।



बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि देश और समाज की सेवा ही वैश्य समाज का प्रमुख उद्देश्य है। इसके लिए संगठन को मजबूत बनाने के साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की आवश्यकता है। इसके अलावा राष्ट्रीय महामंत्री जितेंद्र गोयल ने सभी सदस्यों से संगठन की नीतियों और उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सुदेश मित्तल, डॉ आसाराम, मुकेश गुप्ता, नरेश दानी, प्रवीण गुप्ता, अश्वनी कंसल, डॉ संजय अग्रवाल, अमित अग्रवाल, आरके गोयल, केके गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, अभिषेक गोयल, सर्वेश मित्तल, मोहन गुप्ता, प्रमोद गोयल, पीके गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, गिरीश गोयल, नरेश मित्तल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

नन्हे पत्रकार प्रतियोगिता में सृष्टि अव्वल,गगन दूसरे स्थान पर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। बच्चों में लेखन क्षमता, सामाजिक चेतना और पत्रकारिता की समझ विकसित करने के उद्देश्य से साहित्यिक जागृति मंच की ओर से आयोजित नन्हे पत्रकार प्रतियोगिता में सृष्टि ने प्रथम और गगन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गुंजन और मुस्कान संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं। विजेताओं को नगद पुरस्कार, प्रतीक चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

भूपेन्द्रपुरी स्थित डॉ बीआर आंबेडकर पुस्तकालय में आयोजित समारोह की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष डॉ आशीष दीपांकर ने की। मुख्य अतिथि मेरठ के स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ संतोष कुमार गौतम रहे। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें जनता पब्लिक स्कूल की सृष्टि प्रथम, फजलगढ़ के सहायक विद्यालय माध्यमिक हायर सेकेंडरी के गगन द्वितीय तथा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, कलछीना की गुंजन और रुक्मणी मोदी महिला इंटर कॉलेज की मुस्कान संयुक्त रूप से तृतीय रहीं। अन्य प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार, मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर 'पत्रकारिता और आज का दलित सरोकार : प्रतिनिधित्व, प्रतिरोध और सामाजिक न्याय' विषय पर विचार गोष्ठी हुई। डॉ संतोष कुमार गौतम ने कहा कि सच्ची पत्रकारिता में साहस और सत्य के साथ वंचित वर्गों की आवाज को स्थान मिलना जरूरी है। बच्चों को पढ़ने, लिखने और समाज से जुड़े सवाल उठाने की आदत विकसित करनी चाहिए। उन्होंने अपनी पुस्तक 'उत्तर प्रदेश के शिल्पी' मंच को भेंट की। पूर्व सभासद विनोद गौतम ने शिक्षा और प्रशिक्षण को देश की मजबूती का आधार बताया। वहीं डॉ कामिनी दीपांकर ने बच्चों के लेखन में देशभक्ति और सकारात्मक विचारों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन भीम भारत भूषण ने किया।



इस दौरान हरपाल सिंह एडवोकेट, हरभजन मास्टर, सुभाष चंद मास्टर, नरेंद्र दरोगा, जगमोहन सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

वृद्धाश्रम स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे एसआरएम के एनसीसी कैडेट्स

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के 23 एनसीसी कैडेट्स ने स्वामी कल्याणदेव मानव सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा संचालित वृद्धाश्रम का दौरा कर बुजुर्गों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों का हालचाल जाना, उनके साथ समय बिताया और खाद्य सामग्री सहित दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं भेंट कीं।



२सामाजिक सेवा के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में कैडेट्स ने बुजुर्गों के जीवन के अनुभव सुने और उनका आशीर्वाद लिया। इस पहल के माध्यम से उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता का संदेश दिया। कार्यक्रम संस्थान के निदेशक डॉ एस विश्वनाथन और डीन प्रो आरपी महापात्र के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। एनसीसी अधिकारी कैप्टन ए. कथिरेसन ने इसका समन्वय किया। एनसीसी इंस्ट्रक्टर देवराज सिराधना और ज्योति सचदेवा ने कैडेट्स का मार्गदर्शन किया। निदेशक और डीन ने कैडेट्स की सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों को मजबूत करती हैं। उन्होंने स्वयं भी वृद्धाश्रम के लिए खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई। एनसीसी इंस्ट्रक्टरों ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के साथ समाज सेवा का भाव भी विकसित करता है।

इस अवसर पर तन्वी सिंह, वंशिका सिंह, सर्वोच्च श्रीवास्तव, रिशित त्यागी, अनंत दुबिश, दिव्यांश चौहान, हर्ष भारद्वाज, यशस्वी शर्मा और आदर्श चौहान सहित अन्य कैडेट्स मौजूद रहे।

फैशन शो में छात्राओं ने रैंप पर बिखेरे भारतीय संस्कृति के रंग

बुलन्द संदेशज्ञ ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में वस्त्र एवं परिधान विभाग की ओर से आयोजित फैशन शो में छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और हुनर का प्रदर्शन करते हुए भारतीय संस्कृति, पारंपरिक वेशभूषा और क्षेत्रीय लोक परंपराओं को आकर्षक अंदाज में प्रस्तुत किया। विभिन्न विषयों पर आधारित परिधानों के प्रदर्शन के माध्यम से छात्राओं ने फैशन की दुनिया में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो पूनम शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें फैशन एवं वस्त्र उद्योग से जुड़े व्यावसायिक अवसरों से परिचित कराना था। मुंबई की इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के सीईओ हिमांशु ने अतिथि के रूप में छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने फैशन और वस्त्र उद्योग में रोजगार तथा स्वरोजगार की संभावनाओं पर भी जानकारी दी। प्रतियोगिता में गुजराती गरबा थीम पर प्रस्तुति देने वाली खुशबू और कर्नाटक ट्रेडिशन थीम प्रस्तुत करने वाली वैशाली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लवी की साउथ इंडियन और विधि की ब्लॉसम थीम दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि खुशी की इंडो-वेस्टर्न थीम और हिमानी की पारंपरिक साड़ी को तीसरा स्थान मिला। विभागाध्यक्ष डॉ मीनू अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव और व्यावसायिक कौशल विकसित करने का अवसर देते हैं। कार्यक्रम का संयोजन डॉ राखी शर्मा तथा सहसंयोजन गायत्री शर्मा ने किया।



आयोजन में डॉ राखी मित्तल, डॉ चेतना, डॉ नम्रता शर्मा, डॉ शिखा त्यागी, डॉ ईशा सचदेवा और आशी गुप्ता का सहयोग रहा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले भाजपा नेता दीपक वत्स

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। भाजपा नेता एवं पूर्व सभासद दीपक वत्स ने दिल्ली स्थित आवास पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र और प्रदेश से जुड़े विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक विषयों पर चर्चा की। आगामी विधानसभा चुनाव के साथ ही यूसीजी से जुड़े मुद्दों को भी प्रमुखता से रक्षा मंत्री के समक्ष रखा और इन विषयों पर उनका ध्यान आकर्षित कराया। मुलाकात के दौरान दीपक वत्स ने जनहित से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श करते हुए उनके समाधान की अपेक्षा भी जताई।



बच्चों ने मिट्टी से बनाए आकर्षक शुभ-लाभ, मनाया दीपावली उत्सव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। उत्थान फाउंडेशन की ओर से संचालित बढ़ते कदम योजना के तहत रविवार को निःशुल्क इंग्लिश स्पीकिंग कक्षाओं में दीपावली के उपलक्ष्य में रचनात्मक कार्यशाला और उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें 50 से अधिक बच्चों ने मिट्टी से आकर्षक कलाकृतियां बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यशाला में क्रिएटिव आर्ट विशेषज्ञ डॉ ईशा सचदेवा ने बच्चों को क्ले मोल्डिंग का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने मिट्टी से दीपावली पर घरों की सजावट के लिए शुभ-लाभ बनाने की कला सिखाई। बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति का उपयोग करते हुए रंग-बिरंगी कलाकृतियां तैयार कीं। इस अवसर पर फाउंडेशन की संस्थापक सचिव डॉ सोनिका जैन ने डॉ ईशा सचदेवा को पटका पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि किताबी शिक्षा के साथ रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसी कार्यशालाओं से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी छिपी प्रतिभा सामने आती है। फाउंडेशन की शिक्षिका कविता गुप्ता ने बताया कि दीपावली उत्सव के तहत बच्चों के लिए विभिन्न खेल और मनोरंजक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। विजेताओं एवं प्रतिभागियों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया।



इस दौरान ज्योति रानी और मनीषा ने सभी बच्चों को मिठाइयां और बिस्कुट वितरित किए। आयोजन में बच्चों का उत्साह देखते ही बना।

दीपावली मिलन समारोह में महिलाओं ने साझा कीं त्योहारों की खुशियां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। स्थानीय होटल के सभागार में करवाचौथ एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। रिया गुप्ता एवं प्रियंका मोदी के संयोजन में आयोजित इस समारोह में दर्जनों महिलाओं ने हिस्सा लेकर त्योहारों की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में महिला वैश्य समाज की अध्यक्ष मिताली अग्रवाल और उपसंयोजक रजनी मित्तल विशेष रूप से मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन महिलाओं को आपस में जोड़ने के साथ ही सामाजिक मेलजोल बढ़ाने और पारंपरिक त्योहारों की सांस्कृतिक महत्ता को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। समारोह में पारंपरिक परिधानों में पहुंचीं महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। इसके अलावा मेहंदी और खानपान के स्टॉल के साथ संगीत की भी व्यवस्था रही। महिलाओं ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और एक-दूसरे को त्योहारों की शुभकामनाएं द। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं और आयोजन के लिए रिया गुप्ता एवं प्रियंका मोदी की उपस्थित महिलाओं ने सराहना की। इस अवसर पर आयोजकों ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए करवाचौथ एवं दीपावली की शुभकामनाएं दीं।



आयोजन डॉ.आर.पी.चड्ढा, चेयरमैन तथा अर्पित चड्ढा वाइस चेयरमैन आई.टी.एस-द एजुकेशन ग्रुप ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दी

आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में अनुभव 2026 समर इंटर्नशिप प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादनगर/गाजियाबाद। (नासिर मंसूरी) आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, मोहन नगर, गाजियाबाद द्वारा अनुभव 2026 समर इंटर्नशिप प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दिल्ली-एनसीआर एवं देश के विभिन्न क्षेत्रों से 25 संस्थानों के 94 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने इंटर्नशिप अनुभवों के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान, प्रबंधकीय दक्षता एवं कॉर्पोरेट कौशल प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना था।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में डॉ. शमीम अहमद, पूर्व कुलपति एनआईआईएलएम कैथल, इंदु भूषण लेंका उप सचिव कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, सुरेंद्र सूद, निदेशक-जनसंपर्क आई.टी.एस तथा प्रो. डॉ.अजय कुमार, निदेशक, आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट उपस्थित रहे।

डॉ. आर.पी. चड्ढा, चेयरमैन तथा अर्पित चड्ढा वाइस चेयरमैन आई.टी.एस-द एजुकेशन ग्रुप ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं। अतिथियों ने अपने संबोधन में शैक्षणिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक कौशल, व्यावसायिक ईमानदारी, नवाचार, समस्या-समाधान क्षमता एवं निरंतर सीखने के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट जगत की अपेक्षाओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन उद्योग एवं शिक्षा जगत के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों द्वारा किया गया, जिनमें हेमांशु कुमार, डॉ. आलोक कुमार, संदीप शर्मा एवं डॉ. सीमा मिश्रा शामिल रहे। विद्यार्थियों ने मार्केटिंग, फाइनेंस, जनरल मैनेजमेंट एवं ह्यूमन रिसोर्स सहित चार प्रमुख श्रेणियों में अपनी इंटर्नशिप परियोजनाएँ प्रस्तुत कीं।

प्रतियोगिता के प्रमुख विजेता

मार्केटिंगः प्रथम शुभम श्री (आईआईएम अमृतसर) द्वितीय-शशांक गुप्ता (जयपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस), फाइनेंसः प्रथम-अर्पण श्रीवास्तव (जेआईएमएस कालकाजी) द्वितीय - अभिनंदन तक (सीसीएस नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल मार्केटिंग)। जनरल मैनेजमेंटः प्रथम-सना अशरफ (आईआईएचएस गाजियाबाद) द्वितीय- अक्षत अत्रे (आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट)। ह्यूमन रिसोर्स प्रथम-आशुतोष त्रिपाठी (आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट), द्वितीय-भूमिका अग्रवाल (आरडीआईएएस दिल्ली)। समापन समारोह में निर्णायकों ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। अनुभव 2026 ने उद्योग एवं शिक्षा जगत के बीच समन्वय को सुदृढ़ करने के साथ विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव में परिवर्तित करने का प्रभावी मंच प्रदान किया।

आई.टी.एस डेंटल कॉलेज में 11वें कॉम्प्रेहेन्सिव ओरल इंप्लांटोलॉजी कोर्स के पहले मॉड्यूल का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादनगर(नासिर मंसूरी)। दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आई.टी.एस डेंटल कॉलेज में 11वें कॉम्प्रेहेन्सिव ओरल इंप्लांटोलॉजी कोर्स के पहले मॉड्यूल का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। यह कोर्स सी.डब्ल्यू.एम. इम्प्लांट्स, पुसान विश्वविद्यालय, साउथ कोरिया के सहयोग से संचालित हुआ। चार मॉड्यूल वाले इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें निजी दंत चिकित्सक, कॉलेज के पूर्व छात्र, संस्थान के दंत चिकित्सक, एम.डी.एस. विद्यार्थी और अन्य कॉलेजों के अध्यापक सम्मिलित थे। यह कार्यक्रम आई.टी.एस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के सहयोग से आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को ओरल इंप्लांटोलॉजी में नवीनतम क्लीनिकल तकनीकों से परिचित कराना था, ताकि वे मरीजों के लापता दांतों को इम्प्लांट्स के जरिए लगा सके और मरीजों को समग्र उपचार प्रदान कर सकें। इस पाठ्यक्रम के गेस्ट स्पीकर प्रसिद्ध ओरल इम्प्लांटोलॉजिस्ट डॉ विजय सिंह मोरे सभी प्रतिभागियों को ओरल इंप्लांटोलॉजी के उपचार की प्रक्रियाओं के बारे में व्याख्यान प्रस्तुत किये, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को इंप्लांटोलॉजी की मूलभूत अवधारणाओं से परिचित कराय। इस मॉड्यूल में हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण गतिविधियां एवं लाइव सर्जिकल प्रदर्शन भी शामिल रहे, जिनके माध्यम से प्रतिभागियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ आधुनिक इम्प्लांट प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों के क्लीनिकल कौशल को विकसित करना तथा इम्प्लांटोलॉजी के क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षा को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को ओरल इंप्लांटोलॉजी के बारे में नवीनतम ज्ञान प्राप्त हुआ जिसके लिये सभी ने आई.टी.एस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, श्री अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

लिफ्ट देने के बहाने यात्रियों को बनाते थे लूट का शिकार

पुलिस मुठभेड़ के बाद 4 बदमाश गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-63 थाना पुलिस ने लूटपाट करने वाले गिरोह के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल हो गए, जबकि दो अन्य को पुलिस ने कॉम्बिंग अभियान के दौरान गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे, दो चाकू, दो मोटरसाइकिल और एक ब्रेसलेट बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार, आरोपी रात में किराये की गाड़ी लेकर चलते थे और यात्रियों को लिफ्ट देने के बहाने वाहन में बैठाकर हथियारों के बल पर लूटपाट करते थे।

किराये की गाड़ी में बैठाते, सुनसान जगह ले जाकर लूटते थे यात्री

पुलिस के मुताबिक, एक नवंबर को सेक्टर-63 थाना पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान विकास उर्फ कालू उर्फ कल्लू और राजेश उर्फ ढेड़ा को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। वहीं, उनके दो अन्य साथी शंकर शर्मा और कपिल कश्यप को बहलोलपुर अंडरपास से ग्रीन बेल्ट सर्विस



रोड के पास कॉम्बिंग अभियान चलाकर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे, जिनकी नाल में एक-एक खोखा कारतूस फंसा हुआ था, दो जिंदा कारतूस और दो अवैध चाकू बरामद किए हैं। इसके अलावा एक बुलेट मोटरसाइकिल, एक अपाचे बाइक और एक ब्रेसलेट भी मिला है। पुलिस के अनुसार, बुलेट बाइक थाना फेस-3 और अपाचे बाइक थाना सेक्टर-49 में दर्ज मुकदमों से संबंधित है, जबकि ब्रेसलेट सेक्टर-63 में दर्ज लूट के मुकदमे से जुड़ा है। **किराये की गाड़ी से देते थे वारदात को अंजाम**

पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी किराये की गाड़ी लेकर रात के समय यात्रियों को लिफ्ट देने के बहाने बैठाते थे। इसके बाद सुनसान जगह पर ले जाकर अवैध हथियारों का डर दिखाते हुए मारपीट करते और नकदी, आभूषण समेत अन्य कीमती सामान लूट लेते थे। वारदात के बाद पीड़ितों को सुनसान स्थान पर छोड़कर फरार हो जाते थे।

ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति आवेदन शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (ईबीसी) और विमुक्त घुमंतू जनजातियों (डीएनटी) के विद्यार्थियों के लिए शीर्ष श्रेणी शिक्षा योजना के तहत छात्रवृत्ति के नए आवेदन शुरू हो गए हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) खोल दिया गया है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2026 निर्धारित की गई है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश कुमार सिसोदिया ने बताया कि संबंधित शिक्षण संस्थान पात्र विद्यार्थियों के आवेदन निर्धारित समय सीमा के भीतर पोर्टल पर जमा कराना सुनिश्चित करें, ताकि कोई पात्र विद्यार्थी आवेदन से वंचित न रहे।

दादरी में फर्जी गोलीकांड का खुलासा, पड़ोसी को फंसाने के लिए खुद पर चलवाई गोली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। दादरी में पड़ोसी को हत्या के प्रयास के झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने के लिए खुद पर फायरिंग कराने की साजिश का पुलिस ने पदार्फाश किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि हरेन्द्र नागर ने अपने पांच अन्य साथियों के साथ मिलकर यह षड्यंत्र रचा था। योजना के तहत घर में लगे सीसीटीवी कैमरे के सामने अतुल भाटी और प्रतीक उर्फ कलुआ से खुद पर फायरिंग कराई गई। इसके बाद पड़ोसी विकास सैन के खिलाफ दादरी थाने में झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया गया। पुलिस ने मामले में वादी के बेटे, साले और भतीजे समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार, हरेन्द्र नागर और उसके पड़ोसी विकास सैन के बीच कहासुनी हुई थी। इसी विवाद को आधार बनाकर हरेन्द्र ने विकास को गंभीर आपराधिक मामले में फंसाने की योजना बनाई। इसके लिए उसने अतुल भाटी और प्रतीक उर्फ कलुआ को घर बुलाया। आरोप है कि दोनों ने सीसीटीवी कैमरे के सामने हरेन्द्र पर फायरिंग की। इसके बाद विकास सैन के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया गया।



बिसाहड़ा अंडरपास से तीन गिरफ्तार

पुलिस ने दो नवंबर को कार्रवाई करते हुए मामले में वांछित तीन आरोपियों को बिसाहड़ा अंडरपास से गिरफ्तार किया। इनकी पहचान प्रतीक उर्फ कलुआ निवासी कूड़ीखेड़ा, अतुल भाटी निवासी साकीपुर और अभिषेक नागर निवासी न्यादरगंज, दादरी के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, प्रतीक हरेन्द्र का भतीजा, अतुल उसका साला और अभिषेक उसका बेटा है।आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त .315 बोर का अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस, काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और सीपी प्लस कंपनी का डीवीआर बरामद किया गया है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और विवेचना में मिले साक्ष्यों के आधार पर पूरे षड्यंत्र का खुलासा हुआ है।

अतुल पर पहले से छह मुकदमे दर्ज

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अतुल भाटी के खिलाफ वर्तमान मामले के अलावा मारपीट, चोरी, लूट और अन्य धाराओं में छह मुकदमे दर्ज हैं। वहीं प्रतीक उर्फ कलुआ और अभिषेक नागर का आपराधिक इतिहास फिलहाल इसी मामले से संबंधित बताया गया है।पुलिस जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि हरेन्द्र नागर का भाई सतेन्द्र उर्फ सत्ते वर्ष 2007 के एक मुकदमे में हत्या के मामले में दोषी ठहराया जा चुका है। पुलिस मामले में षड्यंत्र में शामिल अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

दीपावली से पहले खाद्य विभाग की छापेमारी, 360 किलो रसगुल्ले नष्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। दीपावली से पहले मिलावटी और दूषित खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सोमवार को

चार मिठाई निर्माण शालाओं से लिए नौ नमूने, दूषित मिले रसगुल्ले

जिले में छापेमारी की। इस दौरान चार मिठाई निर्माणशालाओं से नौ खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए, जबकि दूषित मिलने पर 360 किलो रसगुल्ले नष्ट कराए गए। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा



के अनुसार, जोधपुरवाला की मिठाई निर्माणशाला से केसर चमचम और लड्डू के नमूने लिए गए। देवला स्थित सोनू पाल की निर्माणशाला से दूध, छेना और रसगुल्ले के नमूने लिए गए। यहां करीब 300 किलो रसगुल्ले में मक्खी-मच्छर मिलने पर नष्ट कराए गए। तिलपता कर्णवास, दादरी में बूंदी के लड्डू और रसगुल्ले तथा गढ़ी बावन बीघा, दनकौर स्थित कृष्णा स्वीट भंडार से छेना रसगुल्ला और डोडा बर्फी के नमूने लिए गए। यहां 60 किलो रसगुल्ले नष्ट कराए गए। सभी नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जाएंगे। विभाग ने विक्रेताओं को बिल सहित लाइसेंसी आपूर्तिकताओं से सामग्री खरीदने के निर्देश दिए हैं। अभियान जारी रहेगा।

दीपावली से पहले नोएडा की हवा हुई बेहद खराब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नोएडा। दीपावली से पहले ही नोएडा और ग्रेटर नोएडा की हवा प्रदूषित होने लगी है। सोमवार को कई इलाकों में धुंध और स्मॉग का असर दिखाई दिया। एक्यूआई डॉट इन के आंकड़ों के अनुसार नोएडा का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 305 दर्ज

एक्यूआई 305 पर पहुंचा, कई इलाकों में 300 के पार

किया गया। यह 'बेहद खराब' श्रेणी में आता है। वहीं, कई इलाकों में एक्यूआई 300 के पार पहुंच गया है।

आंकड़ों के अनुसार नोएडा के सेक्टर-78 में सबसे अधिक 311 एक्यूआई दर्ज किया गया। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-5 में 309 और नॉलेज पार्क-2 में 308 एक्यूआई रहा। इसके



अलावा ग्रेटर नोएडा के ओमिक्रॉन-1ए में 297, नोएडा के सेक्टर-94 में 295 और सेक्टर-36 में 294 एक्यूआई दर्ज किया गया।

कई सेक्टरों में भी प्रदूषण का असर

नोएडा के सेक्टर-128 में एक्यूआई 287, सेक्टर-29 में 283, सेक्टर-52 में 268 और सेक्टर-100 में 266 दर्ज किया गया। आंकड़े बताते हैं कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा के विभिन्न इलाकों में वायु प्रदूषण की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

पीएनबी घोटाले पर किसानों की महापंचायत, बैंक में तालाबंदी की चेतावनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की ऐच्छर स्थित सेक्टर पाई शाखा में करीब 35 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के विरोध में

35 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी पर खाताधारकों में आक्रोश

सोमवार को किसानों और खाताधारकों ने महापंचायत की। इसमें सैकड़ों किसान और पीड़ित खाताधारक शामिल हुए। बैंक प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए किसानों ने दोपहर एक बजे तक



का अल्टीमेटम दिया। चेतावनी दी कि निर्धारित समय तक पीड़ितों की पूरी रकम वापस नहीं की गई तो बैंक शाखा पर तालाबंदी की जाएगी। महापंचायत में खाताधारकों ने बैंक की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उनका आरोप है कि इतने बड़े कथित घोटाले की जिम्मेदारी केवल एक महिला कर्मचारी पर डालकर मामले की लीपापोती की जा रही है।

बकरा चोर गिरोह का सदस्य मुठभेड़ में घायल, साथी फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। जारचा थाना क्षेत्र में रविवार रात प्यावली डैम के पास पुलिस और बकरा चोर गिरोह के सदस्यों के बीच मुठभेड़ हो गई। चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट की

बाइक से रेकी कर रात में चार पहिया वाहन से करते थे चोरी, आरोपी पर 15 मुकदमे दर्ज

मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्धों को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। भागने पर पुलिस ने पीछा किया तो एक बदमाश ने तमंचे से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई, जबकि दूसरा बद घायल आरोपी की



पहचान संभल के ग्राम जगन्नाथपुर निवासी कमल उर्फ कमलुआ उर्फ कल्लू उम्र 28 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और चोरी के बकरे बेचकर मिले 7,560 रुपये बरामद किए हैं। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर बकरा चोरी करता था। गिरोह के सदस्य पहले बाइक से उन स्थानों की रेकी करते थे, जहां बड़ी संख्या में बकरे रखे जाते थे। इसके बाद रात में चार पहिया वाहन से पहुंचकर बकरे चोरी कर दिल्ली में बेच देते थे। गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ और संभल समेत दिल्ली-एनसीआर में गिरोह ने वारदातें की हैं।

पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ अलग-अलग जिलों में चोरी, शस्त्र और आबकारी अधिनियम समेत 15 मुकदमे दर्ज हैं। जारचा थाने में भी वर्ष 2026 के दो मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस फरार साथी और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

जीएनआईओटी ने तीन संस्थाओं के साथ किया एमओयू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। जीएनआईओटी इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट के सिविल इंजीनियरिंग विभाग ने उद्योग और शिक्षा के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए तीन संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।



ईशान आयुर्वेदिक कॉलेज में राष्ट्रीय सीएमई कार्यक्रम का समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। ईशान आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में आयुर्वेद की महत्वपूर्ण शाखा अगद तंत्र पर आयोजित छह दिवसीय राष्ट्रीय सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का समापन हो गया। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के

11 राज्यों के आठ विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव, देशभर के 30 चिकित्सकों ने लिया प्रशिक्षण

प्रायोजन और राष्ट्रीय आयुर्वेद परिषद के समन्वय में आयोजित इस कार्यक्रम में 11 राज्यों से आए आठ विशेषज्ञ वक्ताओं ने व्याख्यान दिए। देशभर से चयनित 30 चिकित्सकों ने भी इसमें भाग लिया।

कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने विष विज्ञान,



विषैले पदार्थों के प्रभाव, उनकी पहचान, रोकथाम और उपचार से जुड़ी जानकारी दी। साथ ही चिकित्सकों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

समापन समारोह संस्थान के ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में योगदान देने वाले विशेषज्ञ वक्ताओं, अतिथियों और प्रतिभागी चिकित्सकों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. डीके गर्ग, सीईओ डॉ. तुषार आर्य, डॉ. अमन आर्य और प्राचार्य डॉ. एसके अकाब सहित शिक्षक, विद्यार्थी और आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

किसान एकता महासंघ 15 नवंबर को मनाएगा स्थापना दिवस

दनकौर में होगा आयोजन, कई राज्यों के किसान होंगे शामिल, लगेगा रक्तदान शिविर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। किसान एकता महासंघ 15 नवंबर को अपना दूसरा स्थापना दिवस दनकौर स्थित किसान आदर्श इंटर कॉलेज के प्रांगण में मनाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर सोमवार को जुनेदपुर गांव में राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कसाना के नेतृत्व में बैठक हुई। प्रवीण पहलवान के आवास पर हुई बैठक की अध्यक्षता मुन्नी लाल भगत ने की, जबकि संचालन जिला अध्यक्ष चौधरी अरविंद सेक्रेटरी ने किया।



संगठन के राष्ट्रीय प्रभारी पप्पू प्रधान ने बताया कि समारोह में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली और राजस्थान सहित कई राज्यों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा। इसमें स्थानीय किसानों और विभिन्न किसान संगठनों के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में बालजीत हवलदार, कर्मवीर भाटी, अमित नागर, मास्टर इंद्रपाल सिंह, राजवीर ठेकेदार, दीपक नागर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

दादरी में चिटहेरा बिजली घर से जुड़ी सप्लाई लाइन से जुड़े उपभोक्ता को 4 अक्टूबर 2026 के लिए जरूरी सूचना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। दादरी सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 04.11.2026 को रोड चौड़ीकरण हेतु पेड़ों की कटाई के कारण 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र चिटहेरा दादरी से निर्गत 11 केवी जीटी रोड फीडर, 11 केवी तुलसी विहार फीडर, 11 केवी पल्ला फीडर, 11 केवी चिटहेरा फीडर व 11 केवी इन्डस्ट्रियल फीडर का शट-डाउन समय प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 15:00 बजे तक किया जायेगा। जिससे ग्राम पल्ला, ग्राम कठहेरा, ग्राम चिटहेरा, जीटी रोड, नई आबादी, रेलवे रोड, कठहेरा रोड, राम वाटिका, शिव वाटिका तथा अन्य पोषित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति निर्धारित समय में बाधित रहेगी, सलिल कुमार गौतम, सहायक अभियंता - 7, 11 केवी एवं एलटी नेटवर्क यीडा, नोएडा द्वारा कहा गया है कि उपभोक्ताओं को हुई असुविधा के लिये खेद है।

रोजगार मेला करीब 5,000 युवाओं का पंजीकरण, 1,376 अभ्यर्थियों ने दिया साक्षात्कार, 746 अभ्यर्थी चयनित एवं शॉर्टलिस्ट

जेवर विधानसभा स्तरीय रोजगार मेले में 18 कंपनियों की सहभागिता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय, गौतम बुद्ध नगर एवं श्री द्रोणाचार्य पी.जी. कॉलेज, दनकौर के संयुक्त तत्वावधान में जेवर विधानसभा स्तरीय रोजगार मेले का भव्य आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। विधायक श्री धीरेन्द्र सिंह एवं जिलाधिकारी श्रीमती मेधा रूपम के मार्गदर्शन में जिला सेवायोजन अधिकारी श्रीमती मनीषा अत्री के नेतृत्व में आयोजित इस रोजगार मेले में 18 प्रतिष्ठित कंपनियों ने सहभागिता की।

रोजगार मेले में शेपर्स हायर टैलेंट सर्विसेज, के.बी. एंटरप्राइजेज, धर्मपाल सत्यपाल फूड्स लिमिटेड, डिक्सन टेक्नोलॉजीज, आर.एस.टी. ग्रुप ऑफ सर्विसेज, आर्या फैशन्स, वेविन लिमिटेड, युवा शक्ति फाउंडेशन सहित अन्य कंपनियों ने युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से भाग लिया। इस रोजगार मेले में लगभग 5,000 युवाओं ने पंजीकरण कराया। इनमें से 1,376 अभ्यर्थियों ने विभिन्न कंपनियों की चयन प्रक्रिया के अंतर्गत साक्षात्कार में प्रतिभाग किया, जबकि कुल 746 अभ्यर्थियों को चयनित एवं शॉर्टलिस्ट किया गया। युवाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता और कंपनियों की सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण रोजगारपरक उपलब्धि बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अति विशिष्ट अतिथि श्री अभिषेक शर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा, गौतम बुद्ध नगर तथा विशिष्ट अतिथियों श्री राकेश कुमार गर्ग, अध्यक्ष, श्री द्रोण





गौशाला समिति (रजि.), दनकौर; श्री मुंशीलाल गौतम भूतपूर्व विधायक विधान सभा शिकारपुर ,श्रीमती मनीषा अत्री, जिला सेवायोजन अधिकारी, गौतम बुद्ध नगर एवं श्री रजनीकांत अग्रवाल, प्रबंधक, श्री द्रोण गौशाला समिति, (रजि .) दनकौर एवं सदस्यगण श्री मनीष सिंघल , श्री दीपांशु मित्तल , श्री विकास कुमार गोयल एवं सोनू वर्मा जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री अभिषेक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। रोजगार मेले युवाओं और रोजगार प्रदाता कंपनियों के बीच एक प्रभावी सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने युवाओं को शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल, सकारात्मक सोच एवं आत्मविश्वास विकसित करने के लिए प्रेरित किया। जिला सेवायोजन अधिकारी श्रीमती मनीषा अत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में रोजगार के बदलते स्वरूप के अनुरूप कौशल विकास, तकनीकी दक्षता एवं निरंतर सीखने की प्रवृत्ति अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने रोजगार मेले के सफल आयोजन में श्री द्रोणाचार्य पी.जी. कॉलेज द्वारा प्रदान किए गए उत्कृष्ट सहयोग की सराहना करते हुए महाविद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य, उप-प्राचार्या एवं समस्त सहयोगी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।महाविद्यालय के सचिव/प्रबंधक रजनीकांत अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के शैक्षिक, व्यावसायिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। रोजगार मेले जैसे आयोजन विशेष रूप से ग्रामीण एवं क्षेत्रीय युवाओं को अपने क्षेत्र में ही रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने इस आयोजन को युवाओं के भविष्य निर्माण की दिशा में एक सार्थक एवं सराहनीय प्रयास बताया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गिरीश कुमार वत्स ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल शैक्षणिक डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि रोजगार प्राप्त करने के लिए कौशल, संप्रेषण क्षमता, व्यावहारिक ज्ञान एवं आत्मविश्वास भी आवश्यक हैं।

संबंध विच्छेद

मैं इरफान अहमद पुत्र श्री इदरीश निवासी दादरी, जिला गौतमबुद्धनगर अपने पुत्र आमिर सैफी व पुत्रवधू आसमीना को दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखलकर सभी सम्बन्ध समाप्त करता हूँ। भविष्य में उनके किसी भी कार्य व लेन-देन के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश
https://bulandsandesh.Com

मुरादाबाद-रामपुर

गाजियाबाद, मंगलवार, 03 नवंबर 2026

एक माह में दो मासूमों की बुखार से मौत,ग्रामीणों में दहशत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हसनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव आगापुर उर्फ याकूबपुर व आसपास के क्षेत्र में संदिग्ध बुखार का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले एक माह के भीतर उपचार के दौरान दो मासूमों की मौत से पूरे क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है और ग्रामीणों

हसनपुर का मामला, परिजनों में मचा कोहराम

में दहशत का माहौल है।



मासूम का फोटो

कोतवाली क्षेत्र के गांव आगापुर उर्फ याकूबपुर निवासी सलीम सैफी की पांच माह की मासूम पुत्री रोजी को बीते एक माह से तेज बुखार आ रहा था। परिजनों ने उसका जगह-जगह उपचार कराया, लेकिन रविवार देर रात उपचार के दौरान मासूम की मौत हो गई। बताया गया है कि मृतका तीन बहनों और एक भाई में सबसे छोटी थी।इससे पहले एक माह पूर्व ही गांव के एक वर्षीय मासूम अबू बकर पुत्र आसिफ की भी बुखार के चलते मेरठ में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। एक ही माह में दो मासूमों की जान जाने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।गांव में लगातार बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है। ग्रामीण रामराज सिंह सैनी और हाफिज अबरार ने स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन से गांव में तुरंत मेडिकल कैंप लगाने, बुखार की जांच और दवा वितरण की मांग की है, ताकि अन्य बीमार बच्चों को समय पर इलाज मिल सके और बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सके।

झोलाछाप के इंजेक्शन लगाने से व्यक्ति की मौत,परिजनों ने किया हंगामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हसनपुर। थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव बहादुरपुर में सीने में दर्द की शिकायत के बाद निजी क्लिनिक पर उपचार के दौरान 38 वर्षीय नेत्रपाल की मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सक पर उपचार में लापरवाही बरतने और इंजेक्शन लगाते ही मौत का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मृतक के बेटे ओमवीर ने बताया कि सीने में दर्द होने पर उसके पिता को गांव के ही एक निजी क्लिनिक पर ले जाया गया था। आरोप है कि झोलाछाप चिकित्सक ने जैसे ही इंजेक्शन लगाया, उसके दो मिनट के भीतर ही नेत्रपाल की हालत बिगड़ गई और कुछ ही पलों में उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को भी दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

मिलक नौखरीद पुल के पास दो बाइकों में आमने-सामने की भीषण भिड़ंत,एक युवक की मौत,तीन गंभीर घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मसवासी। मसवासी चौकी क्षेत्र में रविवार देर शाम एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। मिलक नौखरीद पुल के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई। वहीं दूसरी बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची मसवासी पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ग्राम धनौरी निवासी विवेक मौर्य पुत्र राजाराम मौर्य की शादी गांव मिलकनौखरीद में हुई थी। रविवार को विवेक अपनी मोटरसाइकिल से अपनी ससुराल आया हुआ था। विवेक की अचानक हुई इस मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वह अपने पीछे दो छोटे-छोटे मासूम बच्चों को बे सहारा छोड़ गया है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रिश्तेदारी से लौट रहे थे। दूसरी बाइक सवार वहीं, दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार अरुण पुत्र ओमकार, अंशिका पुत्री वीर सिंह और किरन पुत्री रामकुंवर निवासी अपनी किसी रिश्तेदारी बाजपुर से वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी मोटरसाइकिल मिलक नौखरीद पुल के पास पहुंची,तभी सामने से आ रहे विवेक की मोटरसाइकिल से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई।दूसरी बाइक पर सवार अरुन, अंशिका और किरन तीनों भी गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से तीनों घायलों को तुरंत काशीपुर के हायर सेंटर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। हादसे की जानकारी मिलते ही मसवासी चौकी इंचार्ज सोहनपाल सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए मौके पर शांति व्यवस्था कायम की। इसके बाद पुलिस ने विवेक के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल मोर्चरी रामपुर भेज दिया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।



मृतक का फाइल फोटो

ठेका सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति में भ्रष्टाचार की बू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। नगर पालिका परिषद में भ्रष्टाचार इस कदर है कि यहां पर बिना रिश्वत लिए कोई नाम नहीं हो रहा हैं। यह हम नहीं कह रहे हैं बल्कि इन दिनों खुद पालिका प्रशासन सुर्खियों में हैं। कभी कोई कर्मचारी जांच के नाम पर खुलेआम रिश्वत ले रहा है। लेकिन अब ठेका सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति का मामला सामने आया है।



नगर पालिका परिषद

पूर्व सभासद आशीष सागर के आरोपों के मुताबिक वार्ड नंबर 4 में कुल 17 सफाई कर्मचारी है। इनमें तीन स्थायी, तीन संविदा और 11 ठेका सफाई कर्मचारी शामिल है। इस वार्ड में वर्तमान में अनिल कुमार कार्यवाहक सफाई नायक के रूप में सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। पूर्व सभासद ने इस मामले को उठाते हुए आरोप लगाया कि वार्ड नंबर 4 में तैनात ठेका सफाई कर्मचारियों की सूची में कार्यवाहक सफाई नायक अनिल कुमार के परिवार के तीन सदस्यों ने नाम में शामिल है। सभासद का दावा है कि नगर पालिका परिषद के पोर्टल पर उपलब्ध ठेका सफाई कर्मचारियों की सूची में क्रम संख्या 11,13 और 14 पर दर्ज नामों की पड़ताल करने पर अनिल कुमार के परिवार के सदस्यों के नाम आए हैं। सूची में अनिल कुमार की बेटी निकिता, पत्नी अनीता, दामाद राज पुत्र राकेश दर्ज है। इस मामले में पूर्व सभासद ने कहा कि आखिर सूची में एक ही परिवार के तीन सदस्यों को किस आधार पर शामिल किया गया है। तैनाती एवं उपस्थिति सत्यापन किस प्रकार किया गया है। इस सभी बिन्दुओं की जांच होनी चाहिए। जिससे कि दूध का दूध, पानी का पानी हो जाए।

रासलीला में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हसनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव मछरई स्थित त्रिमूर्ति शेषनाग धाम पर चल रहे कार्तिक महोत्सव के दौरान सोमवार को रासलीला मंचन में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंचन के दौरान दिखाया गया कि कैसे मथुरा की जेल में भगवान कृष्ण का जन्म हुआ और इसके बाद उन्हें सुरक्षित गोकुल पहुंचाया गया।



रासलीला के दौरान श्री कृष्ण जन्म की झांकी की गई प्रस्तुत

भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक लीलाओं को देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए।जन्मोत्सव के प्रसंग पर भक्तों ने जमकर नृत्य किया और वसुदेव-देवकी के स्वरूप से बधाई ली। इस दौरान पूरा पंडाल भक्तिमय नजर आया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी परमदेव जी महाराज, अतर सिंह चौहान, बबलू चौहान, पिंटू चौहान, गुड्डू गुर्जर, बृजपाल सिंह जाटव, सचिन जाटव, बंटी सैनी, मूलचंद सैनी, हरपालु देवी, मीनू देवी, ममता देवी, अनुशी देवी, सोना देवी व कुमारी प्रीति समेत क्षेत्र से भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, 50 किलो दूषित छेना मिठाई नष्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। दीपावली पर्व पर लोगों को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने और मिठाइयों में मिलावट पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सोमवार को विशेष छापामार अभियान चलाया। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर की गई कार्रवाई में दो मिठाई प्रतिष्ठानों से छेना रसगुल्ला के तीन नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। इस दौरान लगभग 50 किलोग्राम दूषित छेना मिठाई, जिसकी अनुमानित कीमत 10 हजार रुपये है, नियमानुसार नष्ट कराई। सहायक आयुक्त (खाद्य) मनोज कुमार वर्मा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों राहुल शुक्ला एवं अशोक कुमार की टीम ने केमरी स्थित रफीक स्वीट हाउस से छेना रसगुल्ला के दो नमूने लिए। यहां मौके पर मिली लगभग 50 किलोग्राम दूषित छेना मिठाई को नष्ट कराया। सहायक आयुक्त खाद्य ने बताया कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद मिलावट की प्रकृति के अनुरूप संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।सभी मिठाई विक्रेताओं से अपील की है कि वे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक रंगीन मिठाइयों की बिक्री से बचें।आमजन से भी अपील की गई है कि मिठाइयां खरीदते समय उनकी गुणवत्ता पर ध्यान दें। त्योहार के दौरान मिलावट के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा।



दूषित छेना नष्ट करती टीम

राहुल गांधी के आह्वान पर रामलीला मैदान पहुंचे कांग्रेसी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। नवंबर को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित वोट बचाओ, देश बचाओ रैली में जिला कांग्रेस कमेटी ने अपने सभी पदाधिकारियों एवं लगभग 600 समर्थकों के साथ भाग लिया।राहुल गांधी के साथ मार्च कर लोकतंत्र एवं मताधिकार की रक्षा के संकल्प को मजबूती दी।



रैली में शामिल कांग्रेसी

इस अवसर पर राहुल गांधी ने कहा कि ज्ञानेश कुमार ने देश के मतदाताओं के साथ धोखा किया है। 13 करोड़ लोगों के मताधिकार को छीनकर असंवैधानिक कार्य किया।इस अपराध के लिए उन्हें सजा मिलनी चाहिए।जिन लोगों के कहने पर यह सब किया गया है, वे भी बच नहीं सकते।उन्हें भी अपने किए की सजा भुगतनी होगी।जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित,संजय कपूर,मोतिउर रहमान खान, बाकर अली खान,नोमान मुमताज खान,अर सलान खान,साहिर रजा खान, आमिर कुरैशी, जकी खान, गुरबाश सिंह, राजेश लोधी, शकील मंसूरी सहित सैकड़ों कांग्रेस पदाधिकारी एवं समर्थक रामपुर से दिल्ली पहुंचे। कांग्रेस के कार्यकताओं ने रैली में अपनी भागीदारी दर्ज कराते हुए लोकतंत्र, संविधान और प्रत्येक नागरिक के मतदान के अधिकार की रक्षा के लिए राहुल गांधी के संघर्ष को मजबूती देने का संकल्प दोहराया।

हाईवे पार कर रही महिला को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने रौंदा, मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

भोट। रामपुर काठगोदाम नेशनल हाईवे पर खूंटाखेड़ा चौराहे के पास सोमवार सुबह सड़क पार कर रही महिला को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना भोट क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी इन्द्र माया (80) पत्नी विद्याराम सोमवार सुबह करीब दस बजे किसी काम से बिलासपुर जा रही थीं। खूंटाखेड़ा चौराहे पर हाईवे पार करते समय बिलासपुर की ओर से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलासपुर ले गई, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बाद में परिजन शव को जिला अस्पताल रामपुर ले आए।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। फरार चालक की तलाश की जा रही है।



एंबुलेंस में महिला ने बच्ची को दिया जन्म


बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। प्रसव पीड़ा बढ़ने पर एंबुलेंस में सुरक्षित प्रसव कराया गया है। मामला सैदनगर क्षेत्र के देवरनिया गांव का है। गांव निवासी कविता पत्नी वीरेंद्र को सोमवार को प्रसव पीड़ा हुई। प्रसव पीड़ा होने पर वीरेंद्र ने अस्पताल जाने के लिए एम्बुलेंस सेवा 102 पर कॉल किया।एंबुलेंस मौके पर पहुंची, ईएमटी राजरतन ने महिला को उसमें बैठाया। गांव से बाहर निकलते ही महिला की प्रसव पीड़ा तेज हो गई। राजरतन ने एंबुलेंस रूकवाकर प्रसव कराया। जहां कविता ने स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद ईएमटी ने जच्चा और नवजात की स्थिति पर नजर रखी। दोनों को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में दोनों की हालत सामान्य बताई गई है। एंबुलेंस सेवा के प्रोग्राम मैनेजर ने बताया कि कर्मचारियों को सराहनीय कार्य किया है और दोनों को सम्मानित किया जाएगा।

सेवानिवृत कर्मचारियों ने समस्याओं को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट का सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। सेवानिवृत्ति कर्मचारी एवं पेंशनर संगठन के प्रांतीय आवाहन पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन अंबेडकर पार्क में चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों का ऑनलाइन व्यवस्था को समाप्त कराए जाने के लिए किया गया। मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिला मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। धरने की अध्यक्षता करते हुए राम मोहनलाल सक्सेना सक्सेना ने कहा कि यह कि पेंशनरों के चिकित्सा व्यय बिल अपने विभाग में ऑफ लाइन ही प्राप्त किया जाए। यह है कि ऑनलाइन व्यवस्था ही रखनी है तो विभागीय पेंशनरों के ऑफ लाइन प्राप्त दावों को अपने कार्यालय स्तर से ऑनलाइन करा कर भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। परवेज अहमद खान, राजेंद्र प्रकाश सक्सेना, ओमवीर सिंह वैदिक, रूप बसंत सिंह, कृष्ण कुमार, डॉक्टर अरविंद कुमार गौतम, अजय सक्सेना, चैन सिंह, भगवान दास, अनिल कुमार, जोगिंदर पाल, सुरेंद्र जौहरी, दिनेश कुमार सक्सेना आदि ने विचार व्यक्त किए।संगठन के संरक्षक वेद प्रकाश शर्मा द्वारा कहा गया कि सरकार द्वारा सरलीकरण के लिए पेंशन सलाहकार समिति का गठन किया, लेकिन चिकित्सा विभाग अपनी मनमानी पर ऑनलाइन की व्यवस्था का जटिलीकरण किया जा रहा है।



धरने को संबोधित करते वक्ता

22 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हसनपुर। कोतवाली पुलिस ने रविवार रात गांव दीप पुर बस स्टैंड के पास चेकिंग के दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 90 ग्राम स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 22 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस के अनुसार, चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रुकने का इशारा किया गया तो वह भागने लगा।पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहसिन पुत्र इकरार, निवासी मोहल्ला कायस्थान, हसनपुर बताया।तलाशी में उसके पास से स्मैक के अलावा एक रियलमी मोबाइल फोन और

कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

इस्तेमाल की जा रही मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सरोहा व अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

जिले में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता, कालाबाजारी या अधिक कीमत वसूलने पर किसान करें शिकायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जनपद में निजी एवं सहकारिता क्षेत्र में 22,355 मीट्रिक टन यूरिया, 7,112 मीट्रिक टन एनपीके तथा 1,489 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि 1 नवंबर को इफको की 2,665 मीट्रिक टन डीएपी की रैक प्राप्त हो चुकी है।20 प्रतिशत डीएपी निजी क्षेत्र तथा 80 प्रतिशत सहकारी समितियों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। 03 नवंबर को आरसीएफ कंपनी की 1,339 मीट्रिक टन एनपीके और 1,339 मीट्रिक टन डीएपी की रैक भी प्राप्त होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि जनपद में किसानों की आवश्यकता के अनुसार उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

निजीकरण का प्रस्ताव तत्काल वापस लिया जाए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बिलासपुर। बिलासपुर में सोमवार को बीमा कर्मचारियों ने आईडीबीआई बैंक के निजीकरण का विरोध जताया। उन्होने सरकार से मांग की कि निजीकरण का प्रस्ताव तत्काल वापस लिया जाए। नगर में केमरी रोड स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम के कार्यालय के गेट पर दोपहर के समय बीमा कर्मचारी एकत्रित हुए। उन्होंने ऑल इंडिया इंश्योरेंस इम्प्लॉइज एसोसिएशन के आह्वान पर आईडीबीआई बैंक के निजीकरण संबंधी सरकार के निर्णय के विरोध में प्रदर्शन किया।कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने सरकार के फैसले की कड़ी आलोचना की, कि सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम की संयुक्त 60.72 प्रतिशत हिस्सेदारी कनाडा की फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स को 52,878 करोड़ रुपये में बेचना गलत है।

सौंपा ज्ञापन सभी सहयोग करने वाले संगठनों ने मिलकर आंदोलन करने के लिए कहा

शिक्षकों ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। बबीता सिंह खंड शिक्षा अधिकारी शाहबाद के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों में गलत तरीके से तीन शिक्षकों को निलंबित करने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को 6 सूत्रीय मांग पत्र दिया। 15 दिन के अंदर कार्रवाई न करने पर सभी सहयोग करने वाले संगठनों ने मिलकर आंदोलन करने के लिए कहा।

बबीता सिंह खंड शिक्षा अधिकारी शाहबाद के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों में गलत तरीके से तीन शिक्षकों को निलंबित करने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को 6 सूत्रीय मांग पत्र दिया। 15 दिन के अंदर कार्रवाई न करने पर सभी सहयोग करने वाले संगठनों ने मिलकर आंदोलन करने के लिए कहा सहयोग करने वालों में पंडित रामबाबू शर्मा,नरेंद्र पाल सिंह,परवेज खां, जसराज सिंह सागर, मनोज कुमार सागर, अजय राठौर,संघ शर्मा, इसरार अहमद, हरिओम सिंह, मुराद खान,रोहित कुमार राय, भगवान दास, विक्रम सिंह दिवाकर, दिलशाद अहमद, सरफराज अहमद, तनवीर अहमद, चरण सिंह, इंद्रेश कुमार, राम अवतार शर्मा,राजेंद्र सिंह, राम प्रसाद, रहमत अली, तरुण पांडे, संदीप शर्मा, अमरपाल यादव, सभी संगठनों के अनेकों पदाधिकारी उपस्थित रहे। चतुर्थी कर्मचारी संगठन स्वास्थ्य विभाग हरिओम सिंह मौजूद रहे।

बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

जामा मस्जिद टांडा में इस्लाह-ए-मुआशरा के तहत जलसे का आयोजन

बुलन्द सन्देश ब्यूरो

टांडा। रविवार की शाम जामा मस्जिद टांडा में इस्लाह-ए-मुआशरा के शीर्षक से एक महत्वपूर्ण जलसे का आयोजन किया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुफ्ती सैयद मोहम्मद अफ्फान मंसूर पुरी (अमरोहा) ने शिरकत की। मुफ्ती ने निकाह को आसान बनाने, शादी-ब्याह में फिजूलखर्ची और गैरजरूरी रस्मों से बचने तथा मस्जिदों में निकाह करने पर जोर दिया। उन्होंने मुसलमानों से अपील की कि निकाह को सुन्नत और शरीअत के अनुसार अंजाम दें तथा समाज से गैर-शरई रस्मों और रिवाजों को खत्म करने में अपना योगदान दें।मुख्य अतिथि का परिचय मौलाना मुहम्मद फहीम कासमी, नाजिम जमीयत उलेमा जिला रामपुर ने पेश किया। अतिथियों का स्वागत हाजी सरफराज आलम और मौलाना जहीरुल इस्लाम कासमी सदर जमीयत उलमा जिला रामपुर ने किया। अंत में मुफ्ती अशरफ ने आभार व्यक्त किया। जलसे के कन्वीनर मौलाना मोहम्मद उस्मान रहे।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश
https://bulandsandesh.Com
रामपुर 5
गाजियाबाद, मंगलवार, 03 नवंबर 2026

कांग्रेस लगातार भ्रम और अराजकता फैलाने का प्रयास कर रही

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर 5 नवंबर को गाजियाबाद में आयोजित होने वाली लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ रैली को सफल बनाने के संबंध में बैठक आयोजित की।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ रैली को सफल बनाने के लिए भाजपा की बैठक आयोजित

बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव सिसोदिया ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस द्वारा लगाया गया आपातकाल और शाहबानो प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने जैसे कदम लोकतंत्र की हत्या के उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार भ्रम और अराजकता फैलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से कांग्रेस के इस दुष्प्रचार का मजबूती से जवाब देने और 5 नवंबर को गाजियाबाद में होने वाली लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ रैली को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम और उसके राजनीतिक उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए संगठन के कार्यक्रमों को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाए।बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार रहें। संगठन की मजबूती और जनसंपर्क को प्राथमिकता देते हुए सभी कार्यकर्ता अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने गाजियाबाद में होने वाली ह्यलोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ रैली को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से पूरी ताकत के साथ जुटने का आह्वान किया।



मुख्य अतिथि के साथ मौजूद भाजपा कार्यकर्ता

यह रहे मौजूद

बैठक में सुनीता सिंह सैनी, अर्चना गंगवार, मोहित सैनी, मोहन कुमार लोधी, राजीव लोचन रविंद्र सिंह रवि, अर्जुन रस्तोगी, जगपाल सिंह यादव, हरिओम मौर्य, मीडिया प्रभारी आकाश सक्सेना, सुनील मौर्य ,प्रदीप गुप्ता, विवेक रुहेला, कुंवर बहादुर राजपूत, संतोष सिंह खैरा, दीपक गुप्ता, श्रेया मदन शकुंतला लोधी, ऋषि पांडे, श्वेता शर्मा, स्फूर्ति जैन, सुरेश राजपूत, टेकचंद गंगवार, कुंवर नागेंद्र गंगवार, योगेंद्र गंगवार शुभांक गंगवार, विक्रम सिंह सहित सभी मंडल अध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

विधान सभा चुनाव को लेकर अधिकारियों ने कसी कमर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। जिसमें सेक्टर जोनल मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए है। जिसमें 9 नोडल अधिकारी नियुक्त किये है। इसके अलावा वोटर लिस्ट पर काम चल रहे है। सोमवार को मेरठ में बैठक हुई। जिसमें जिले के डीएम और एसपी शामिल हुए।

कई मामलों में टली सुनवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। स्पेशल कोर्ट सेशन-मजिस्ट्रेट कोर्ट में पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खां आदि के कई मामलों में तारीख थी।जिसमें गवाह को धमकाने में सुनवाई नहीं हो सकी।फांसी घर में आरोप तय नहीं हो सके। सेशन कोर्ट में गवाह को धमकाने में आजम खां के कोर्ट नहीं आने के कारण 313 नहीं बन सकी।अन्य सभी आरोपी मौके पर मौजूद थे। आजम खां 31 अक्टूबर को जेल से रिहा होने के तुरंत बाद ईडी ने हिरासत में लेकर गाजियाबाद रवाना हो गई थी। रविवार को आजम खां गाजियाबाद कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में लेकर 13 नवंबर तक डासना जेल भेज दिया। अलग-अलग तारीखों पर सुनवाई होगी।

हुनरमंद बनकर निकलेंगे युवा,अब स्वरोजगार की ओर बढ़ेंगे कदम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। पहाड़ी गेट स्थित बैंक ऑफ बड़ौदाझग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी में संचालित 30 दिवसीय रेफ्रिजरेटर एवं एयर कंडीशनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक सत्येंद्र कुमार शर्मा, सहायक अग्रणी जिला प्रबंधक विजय शंकर कुमार एवं आरसेटी फैकल्टी सरफराज हुसैन उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए एलडीएम सतेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं तकनीकी कौशल का सदुपयोग करते हुए प्रशिक्षणार्थी शीघ्र ही अपना स्वयं का कार्य अथवा दुकान प्रारंभ करें। आजीविका अर्जित कर आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने कहा कि सफलता प्राप्त करने के साथ-साथ प्रशिक्षणार्थी समाज में अपनी अलग पहचान बनाएं तथा दूसरों के लिए प्रेरणास्रोत बनें। एएलडीएम विजय शंकर कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में रेफ्रिजरेटर एवं एयर कंडीशनर की मांग शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेजी से बढ़ रही है। इसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में स्वरोजगार एवं रोजगार की अपार संभावनाएं विकसित हो रही हैं।प्रशिक्षणार्थियों को मेहनत, लगन एवं आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सफल प्रशिक्षणार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सभी प्रशिक्षणार्थियों को उज्ज्वल भविष्य एवं सफल उद्यमी बनने की बधाई दी गई।



पहाड़ी गेट स्थित आरसेटी में खड़े प्रशिक्षणार्थी।

खेती पर आने वाली लागत कई गुना बढ़ी:चौधरी गजेन्द्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

स्योहारा/बिजनौर। भारतीय किसान यूनियन की बैठक में गन्ना का मूल्य आठ सौ रुपए प्रति क्विंटल करने की मांग की गई की गई। गन्ना समिति हाल में आयोजित हुई बैठक को संबोधित करते हुए भाकियू तहसील अध्यक्ष चौधरी गजेन्द्र सिंह टिकैत ने कहा कि शुगर मिलें चलने को तैयार हैं लेकिन सरकार और चीनी मिल मालिकों ने अभी तक गन्ने के रेट की घोषणा नहीं की है। कृषि उपयोग में आने वाली खाद दवाइयां, मजदूरी बहुत महंगी हो गई है किसान लगातार घाटे की खेती कर रहा है। गन्ने की बुआई से लेकर मिल पहुंचाने तक की खेती पर आने वाली लागत कई गुना बढ़ रही है। इसलिये गन्ना मूल्य आठ सौ रुपए प्रति क्विंटल ही होना चाहिए।उन्होंने कहा कि स्योहारा शुगर मिल चलने वाली है। लेकिन अभी तक नूरपुर मार्ग के रेलवे फाटक पर निमार्णाधीन फ्लाईओवर ब्रिज के कारण उधर से आने वाले वाहनों के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि गन्ना पराई सत्र में किसानों का 70 प्रतिशत गन्ना इसी मार्ग से ट्रक, ट्रैक्टर ट्राली, ट्रिपल बुग्गी आदि से आता है और शुगर मिल के पीछे वाले फाटक के पास भी रेलवे ने दो लाइन उठा दी हैं रेलवे विभाग और पीडब्ल्यूडी विभाग से किसने की गंभीर समस्या को देखते हुए तुरंत ही सेक्टर मार्ग और ग्राम सर कड़ी के पास से गुजरने वाली छोटी नहर के बराबर से ग्राम सतो नंगली के निकट से चीनी मिल तक एक वैकल्पिक मार्ग तैयार करने की मांग की है।ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार ने कहा किसानों की समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं हुआ तो किसान संघर्ष के लिए तैयार है।



बैठक को संबोधित करते किसान नेता

बैठक में चीनी मिल की ओर से गन्ना प्रबंधक विश्वास राज ने विश्वास दिलाया कि किसानों की समस्याओं का समाधान जो चीनी मिल स्तर की शीघ्र किया जायेगा। बाकी समस्याओं के समाधान हेतु भी चीनी मिल प्रबंधन तंत्र की ओर से प्रयास जारी है।गन्ना विशेष सचिव प्रदीप शर्मा ने बताया कि हमारा कैलेंडर का काम पूरा हो चुका है, सभी किसान अपने कैलेंडर को नेट पर चेक कर सकते हैं अगर किसी के कैलेंडर में कोई दिक्कत है,तो ऑफिस में आकर अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं। बैठक में गजराम सिह, हरिओम यादव, दीपक त्यागी, भूपेंद्र सिंह, पोखर सिंह, सुख वीर सिंह, फयाजुद्दीन, रामोतार सिंह, आलोक कुमार, दीपक चौहान, यशपाल सिंह, बंटी कुमार, सत्यवीर सिंह, आदी बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

जिला अस्पताल में वार्ड बॉय की हुई विदाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। जिला अस्पताल में तैनात वार्ड ब्वॉय राकेश कुमार की सोमवार को विदाई हुई। इस मौके पर सीएमएस डॉ.बीसी सक्सेना ने वार्ड ब्वॉय को उनके कुशल सेवाकाल के लिए फूल मालाओं का हार पहनाकर बधाई दी। अस्पताल प्रशासन की ओर से पार्टी भोज एवं मिष्ठान कराया गया। इस अवसर पर हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. लखवीर सिंह, फार्मासिस्ट हरीश धोनी, प्रेम प्रकाश, शाकिर अली, मेडिकल नर्सिंग स्टॉफ सीनियर नर्स सुधा सिंह, कविता, सोनम, सत्यम भाटिया, मुजीब उर रहमान आदि मौजूद रहे।



जिला अस्पताल में वार्ड ब्वॉय को उपहार देते।

जिन्दगी चुने तंबाकू नहीं,शहर में निकाली गई रैली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर तंबाकू युवा अभियान का शुभारंभ किया। तंबाकू मुक्त युवा अभियान भाग 4.0 जनपद रामपुर में दो माह तक मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य जनपद रामपुर को तंबाकू मुक्त बनाना है विशेष तौर पर युवाओं को तंबाकू से होने वाले रोग एवं हानियों के बारे में जानकारी देना कॉलेज एवं विद्यालयों को तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान गाइडलाइन के अंतर्गत तंबाकू घोषित करने एवं विशेष अभियान चला कर पुलिस विभाग एवं खाद्य सुरक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन के साथ कोटपा अधिनियम 2003 के अनुपालन के लिए विशेष अभियान चलाना। सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यम से जन जागरूकता एवं आम जनमानस कि तंबाकू मुक्ति के अभियान में सक्रिय भागीदारी करना है। इस दौरान उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजीज हसन, डॉ. देवेश चौधरी, तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के सलाहकार डॉ. शहजाद समेत अधिकारियों एवं कर्मचारी तथा तथा एएनएम ने प्रतिभाग किया।



रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं सीएमओ।

वीरांगना लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। उच्च प्राथमिक विद्यालय करतारपुर (कम्पोजिट)में चल रहे वीरांगना लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का सोमवार को समापन हो गया।समापन समारोह में इंचार्ज प्रधानाध्यापक के द्वारा बालिकाओ को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

प्रशिक्षण बालिकाओ को आत्मनिर्भर ,निडर और अपने अधिकारों के प्रति सजग व जागरूक बनता है` यूपी सरकार द्वारा बालिकाओ के लिए चलाया जा रहा यह वीरांगना लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण बालिकाओं को विपरीत परिस्थितियों में साहस प्रदान करता है। जनपद रामपुर के समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों, कंपोजिट विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में 48 दिवसीय प्रशिक्षण कराया जा रहा है।



छात्रा को सम्मानित करती मुख्य अतिथि

इम्पैक्ट कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया स्वास्तिक केमिकल्स का औद्योगिक भ्रमण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, थूनापुर, रामपुर के विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ औद्योगिक क्षेत्र की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराने के उद्देश्य से स्वास्तिक केमिकल्स का शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण में कॉलेज के विज्ञान विभाग, बायोटेक्नोलॉजी विभाग, पीसीएम विभाग एवं बीसीए विभाग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।



औद्योगिक भ्रमण का नेतृत्व कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आसिम अहमद ने किया। उनके साथ संबंधित विभागों के विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकगण भी मौजूद रहे। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योगों में होने वाली उत्पादन प्रक्रिया, आधुनिक तकनीकी उपकरणों, गुणवत्ता नियंत्रण, सुरक्षा मानकों तथा औद्योगिक प्रबंधन की व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराना था, ताकि विद्यार्थी अपने शैक्षणिक ज्ञान को वास्तविक कार्यक्षेत्र से जोड़ सकें।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने स्वास्तिक केमिकल्स की विभिन्न औद्योगिक गतिविधियों और उत्पादन संबंधी प्रक्रियाओं को नजदीक से देखा तथा उनके बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। कंपनी के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी औद्योगिक इकाई में उत्पादन की गुणवत्ता बनाए रखने, आधुनिक तकनीक के उपयोग, कर्मचारियों की सुरक्षा और बेहतर प्रबंधन की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस दौरान विद्यार्थियों ने अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर सवाल-जवाब भी किए और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

इस अवसर पर स्वास्तिक केमिकल्स के जनरल मैनेजर संजय अग्रवाल तथा मैनेजिंग डायरेक्टर वत्सल अग्रवाल सहित अन्य अधिकारियों ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का आत्मीयता के साथ स्वागत किया। कंपनी प्रबंधन की ओर से दिए गए सहयोग, मार्गदर्शन और आतिथ्य सत्कार की सभी ने सराहना की। अधिकारियों के साथ संवाद के दौरान विद्यार्थियों को उद्योग जगत की चुनौतियों, तकनीकी विकास और व्यावसायिक कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिला। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आसिम अहमद ने स्वास्तिक केमिकल्स के प्रबंधन एवं सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित रहना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना भी आवश्यक है। औद्योगिक भ्रमण से विद्यार्थियों को यह समझने में मदद मिलती है कि कक्षा में पढ़ाए जाने वाले विषयों का वास्तविक उद्योगों में किस प्रकार उपयोग किया जाता है। इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के ज्ञान, तकनीकी समझ, आत्मविश्वास और कौशल विकास को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में विद्यार्थियों के लिए उद्योग जगत की आवश्यकताओं और कार्यप्रणाली को समझना बेहद जरूरी है। ऐसे शैक्षणिक भ्रमण उनके भविष्य के करियर निर्माण में सहायक साबित होते हैं। इस औद्योगिक भ्रमण को विद्यार्थियों एवं शिक्षकगण ने ज्ञानवर्धक और उपयोगी अनुभव बताया। इम्पैक्ट कॉलेज प्रबंधन ने भविष्य में भी विद्यार्थियों को उद्योगों एवं व्यावसायिक संस्थानों से जोड़ने के लिए इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियां जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

रंजिश में परिवार पर घर में घुसकर हमला,दो आरोपियों का चालान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

टांडा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर धम्मन में रंजिश को लेकर पड़ोसियों द्वारा एक परिवार पर घर में घुसकर हमला करने का मामला सामने आया है।

आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज के बाद लाठी-डंडों से लैस होकर घर में घुसकर मारपीट की, जिसमें महिलाओं और बच्चों को भी नहीं बख्शा गया। कई लोग घायल हो गए, जबकि एक व्यक्ति का दांत टूट गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दो आरोपियों को हिरासत में लेकर चालान कर दिया।

गांव निवासी नूर मोहम्मद के अनुसार, रविवार सुबह करीब 8 बजे वह अपने घर से ट्रैक्टर निकालकर सामने खड़ा कर रहा था। तभी पड़ोस में रहने वाले इरफान और इमाम बख्श वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद उन्होंने नूर मोहम्मद के पुत्र का गिरेबान पकड़कर उसे नीचे खींचा और मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच इरफान के परिवार के अन्य सदस्य भी लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए और परिवार के सदस्यों पर हमला बोल दिया। महिलाओं और बच्चों पर भी लात-घूंसों से वार किए गए।नूर मोहम्मद ने तहरीर में तय्यब, जब्बार, पीरबख्श, अबरार और समी समेत कई लोगों की पहचान बताई है। मारपीट में नूर मोहम्मद का दांत टूट गया, जबकि समतुल्ला, आसिम, समी, मोहम्मद आसिफ समेत अन्य लोग घायल हुए। पीड़ित पक्ष का कहना है कि घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना कैद हुई है।

शिक्षक को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। उच्च प्राथमिक विद्यालय महूनागर, ब्लॉक बिलासपुर के इंचार्ज प्रधानाध्यापक अकील अहमद ने ईमानदारी की एक अनूठी मिसाल पेश की है।

पिछले दिनों शिक्षक अकील अहमद को बिलासपुर में एक राहगीर का मोबाइल फोन गिरा हुआ मिला। उसके बाद उन्होंने मोबाइल के मालिक से संपर्क किया। इसके बाद मालिक को लौटा दिया।जिसको देखते हुए इंपैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी थूनापुर के अध्यक्ष डॉ. सुल्तान जौहर सैफी ने अकील अहमद को कॉलेज परिसर में आमंत्रित किया। कॉलेज प्रबंधन द्वारा समाज के सामने एक बेहतरीन उदाहरण पेश करने वाले इस शिक्षक को शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मीनू वोहरा जिला यूथ ऑफिसर,मेघा ठाकुर ने शिरकत की। उनके साथ ही इंपैक्ट कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर सरताज अहमद और प्रिंसिपल असीम अहमद भी उपस्थित रहे।कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. सुल्तान जौहर सैफी ने कहा कि शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक होता है। अकील अहमद ने मोबाइल लौटाकर न सिर्फ अपनी ईमानदारी दिखाई है, बल्कि युवा पीढ़ी और छात्रों के सामने नैतिक मूल्यों का एक बेहतरीन उदाहरण भी पेश किया है।



शिक्षक को सम्मानित करती मुख्य अतिथि

जागरूकता रैली अपर पुलिस अधीक्षक ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

सुरक्षित सफर,सुरक्षित जीवन के संकल्प के साथ यातायात माह शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर। अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को अंबेडकर पार्क से हरी झंडी दिखाकर यातायात जागरूकता रैली एवं प्रचार-प्रसार वाहन को रवाना किया।

अवगत कराया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रत्येक नागरिक का यातायात नियमों के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार होना आवश्यक है

जागरूकता रैली के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों का पालन करने, सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। अवगत कराया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रत्येक नागरिक का यातायात नियमों के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार होना आवश्यक है। यातायात माह के दौरान रामपुर पुलिस द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से वाहन चालकों, छात्र-छात्राओं एवं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तन की कार्यवाही भी की जाएगी।पुलिस ने आमजन से अपील की कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। निर्धारित गति सीमा का पालन करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें।पुलिस का संदेश है, कि यातायात नियमों का पालन केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं एवं दूसरों का जीवन सुरक्षित रखने के लिए करें।



कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

सम्पादकीय


असल सूरत की गलत व्याख्या



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

सरकार और रेजीम एक ही चीज नहीं हैं। सरकार लोगों का एक समूह है, जिसके पास सत्ता होती है। जबकि रेजीम नियमों की वो व्यवस्था है, जिसके तहत सत्ता पाई जाती है और उसका संचालन होता है। वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त विरोधी वर्तमान आंदोलन 'रेजीम चेंज (शासन-तंत्र में परिवर्तन) के लिए है और इसमें कोई बुराई नहीं है। चूंकि उसके कुछ ही रोज पहले भूषण नेता विपक्ष राहुल गांधी के निवास पर एक बैठक में शामिल हुए थे, इसलिए भाजपा को इस बयान में कांग्रेस को घेरने का मौका नजर आया। यहां तक कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तक ने इस वक्तव्य को देश में अराजकता फैला कर सत्ता प्राप्त करने की कांग्रेस की कोशिश का प्रमाण बताया। कांग्रेस ने इसका जवाब यह कह कर दिया कि लोकतंत्र में विपक्ष का काम ही सरकार को बेनकाब करना, विरोध करना और उसे पद से हटाने की कोशिश करना है। मगर राजनीति-शास्त्र के नजरिए से देखें, तो सरकार और शासन-तंत्र एक ही चीज नहीं हैं। इसके मुताबिक सरकार लोगों का एक खास समूह है, जिसके हाथ में सत्ता होती है। जबकि रेजीम (शासन-तंत्र) नियमों की वह व्यवस्था है, जिनके जरिए सत्ता हासिल की जाती है और उसका संचालन किया जाता है। इस अर्थ में देखें तो नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा का 2014 में सत्ता में आना रेजीम चेंज साबित हुआ है। मोदी तब स्थापित या प्रचलित कायदों के जरिए सत्ता में जरूर आए, लेकिन उनकी सरकार ने सत्ता संचालन की रवायत, संदर्भ बिंदु और अनेक कायदों को बदल डाला है।

एक समझ है यह कि ऐसा कर चुकने के बाद वह सत्ता प्राप्त करने के कायदों को बदलने में जुटी हुई है। धारणा बनी है कि निर्वाचन आयोग इसी मकसद को लागू करने की एजेंसी बन गया है। फिलहाल छिड़ा सियासी आंदोलन इसी शिकायत से उपजा है। अतः ताजा बहस में मुद्दा है कि क्या मोदी विरोधी इस आंदोलन के जरिए पुरानी रवायतों को वापस लाने की बात कर रहे हैं या कोई नई व्यवस्था थोपना चाहते हैं? अगर नई व्यवस्था की बात नहीं है (जैसाकि प्रथम दृष्टि में दिखता है), तो वे असल में रेजीम चेंज के बजाय रेजीम बहाली की बात कर रहे हैं। इसे अराजकता या संवैधानिक दायरे से बाहर बताना संभवतः असल सूरत की गलत व्याख्या है।



चक्रवातों के साये में तटीय भारत का भविष्य



डॉ. प्रियंका सौरभ

समुद्र जितना जीवनदायी है, उसका रौद्र रूप उतना ही विनाशकारी हो सकता है। भारत की करीब 7,500 किलोमीटर लंबी तटरेखा देश की अर्थव्यवस्था, व्यापार, मत्स्य पालन और पर्यटन के लिए बेहद अहम है। लेकिन यही तटीय क्षेत्र हर साल चक्रवातों, समुद्री तूफानों, बाढ़ और तटीय कटाव का खतरा भी झेलते हैं। चक्रवात अर्नब ने एक बार फिर तटीय भारत की संवेदनशीलता और आपदा प्रबंधन की तैयारियों पर सवाल खड़े किए हैं। सवाल केवल यह नहीं है कि चक्रवात कब और कहां आएगा, बल्कि यह भी है कि उससे निपटने के लिए हमारी तैयारी कितनी मजबूत है। बदलते मौसम के दौर में अब आपदा आने के बाद राहत पहुंचाने के बजाय पहले से नुकसान कम करने की रणनीति बनानी होगी। चक्रवातों से निपटने में सबसे बड़ी चुनौती उनके बदलते स्वरूप और तीव्रता का अनुमान लगाना है। आधुनिक तकनीक और मौसम पूवार्नुमान में सुधार के बावजूद कई बार चक्रवात कम समय में अधिक शक्तिशाली हो जाते हैं। ऐसे में प्रशासन के पास लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और राहत सामग्री जुटाने के लिए बहुत कम समय बचता है। तेज हवाओं के साथ भारी बारिश, समुद्र में उठने वाली ऊंची लहरें और नदियों में बाढ़ एक साथ तबाही मचा सकती हैं। जलवायु परिवर्तन और समुद्र के बढ़ते तापमान ने इस चुनौती को और गंभीर बना दिया है।

तटीय क्षेत्रों में कमजोर बुनियादी ढांचा भी बड़ी समस्या है। चक्रवात के दौरान बिजली के खंभे गिर जाते हैं, सड़कें जलमग्न हो जाती हैं और संचार सेवाएं ठप पड़ जाती हैं। इससे राहत और बचाव कार्य प्रभावित होते हैं। कई तटीय शहरों में अनियोजित निर्माण, जल निकासी की खराब व्यवस्था और निचले इलाकों में बस्तियों का विस्तार खतरे को बढ़ा रहा है। ऐसे में आपदा के समय लोगों को बचाने के साथ-साथ बिजली, पानी, स्वास्थ्य और परिवहन जैसी जरूरी सेवाओं को जल्द बहाल करना भी बड़ी चुनौती बन जाता है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग की पूर्व चेतावनी प्रणाली पहले से बेहतर हुई है, लेकिन चुनौती अब भी यह है कि चेतावनी समय पर हर व्यक्ति तक पहुंचे। समुद्र में मछली पकड़ने वाले मछुआरों, दूरदराज के गांवों और छोटे द्वीपों में रहने वाले लोगों तक सूचना पहुंचाना आसान नहीं है। कई बार लोग चेतावनी को गंभीरता से नहीं लेते या घर और आजीविका छोड़ने के डर से सुरक्षित स्थानों पर जाने में देरी करते हैं। इसलिए केवल चेतावनी जारी करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि लोगों को उसके खतरे और उससे बचने के उपायों के बारे में समझाना भी जरूरी है।

चक्रवात का असर सभी पर समान नहीं पड़ता। गरीब परिवार, महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और दिव्यांग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। जिन परिवारों की आजीविका खेती, मछली पकड़ने या दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर है, उनके लिए घर छोड़कर सुरक्षित स्थान पर जाना भी आसान नहीं होता। उन्हें अपनी संपत्ति, पशुओं और रोजगार की चिंता सताती है। चक्रवात के बाद मछली पकड़ने का काम बंद हो जाता है, खेतों में खारा पानी भर जाता है और छोटे कारोबार ठप पड़ जाते हैं। इससे प्रभावित परिवारों के सामने लंबे समय तक आर्थिक संकट बना रहता है। प्राकृतिक सुरक्षा कवच का कमजोर होना भी चिंता का विषय है। मैंग्रोव वनों की कटाई, आर्द्रभूमियों का विनाश और समुद्र तटों पर बढ़ता निर्माण चक्रवातों के खतरे को बढ़ाते हैं। मैंग्रोव वन समुद्री लहरों की ताकत कम करने और तटीय इलाकों को बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। तटीय क्षेत्रों में विकास जरूरी है, लेकिन पर्यावरण की कीमत पर होने वाला विकास भविष्य के लिए बड़ा संकट बन सकता है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए सबसे पहले पूर्व चेतावनी प्रणाली को मजबूत करना होगा। मौसम विभाग की तकनीकी क्षमता बढ़ाने के साथ उपग्रहों, डॉप्लर रडार और समुद्री निगरानी तंत्र का विस्तार जरूरी है। चेतावनी केवल मोबाइल संदेशों तक सीमित न रहे। सायरन, सामुदायिक रेडियो, स्थानीय प्रशासन और पंचायतों के माध्यम से भी सूचना लोगों तक पहुंचाई जाए। चेतावनी स्थानीय भाषा में हो और उसमें यह साफ बताया जाए कि लोगों को क्या करना है और कहां जाना है।

इसके साथ ही तटीय इलाकों में मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार करना होगा। चक्रवात आश्रयस्थलों की संख्या बढ़ाने, सुरक्षित निकासी मार्ग बनाने और अस्पतालों, बिजलीघरों तथा पेयजल व्यवस्था को आपदा के लिहाज से मजबूत करने की जरूरत है। आश्रयस्थलों में महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगों की जरूरतों का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। नियमित मॉक ड्रिल से लोगों को आपदा के समय सही कदम उठाने का अभ्यास कराया जा सकता है।

आपदा प्रबंधन में स्थानीय समुदायों की भागीदारी भी जरूरी है। पंचायतों, स्वयंसेवी संगठनों, मछुआरा समितियों और युवाओं को आपदा प्रबंधन योजनाओं से जोड़ा जाना चाहिए। स्कूलों में आपदा संबंधी जागरूकता और प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया जाए। स्थानीय लोगों को अपने क्षेत्र के जोखिम की बेहतर जानकारी होती है। इसलिए उनकी भागीदारी से राहत और बचाव कार्य अधिक प्रभावी बनाए जा सकते हैं।

प्रकृति के साथ तालमेल बनाकर भी नुकसान कम किया जा सकता है। मैंग्रोव वनों, आर्द्रभूमियों और तटीय वनस्पतियों का संरक्षण किया जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में अनियंत्रित निर्माण पर रोक लगे और तटीय विनियमन के नियमों का सख्ती से पालन हो। इसके अलावा मछुआरों, किसानों और छोटे कारोबारियों के लिए बीमा, आर्थिक सहायता और आजीविका पुनर्वास की व्यवस्था जरूरी है, ताकि आपदा के बाद वे दोबारा अपने पैरों पर खड़े हो सकें। चक्रवात अर्नब ने यह समझने का अवसर दिया है कि प्राकृतिक आपदाओं से पूरी तरह बचना संभव नहीं, लेकिन बेहतर तैयारी से उनके नुकसान को जरूर कम किया जा सकता है। भारत ने मौसम पूवार्नुमान और लोगों की निकासी के मामले में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन तटीय क्षेत्रों में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। अब जरूरत राहत और बचाव तक सीमित रहने की नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था बनाने की है जो आपदा से पहले ही नुकसान को कम कर सके। आखिरकार, सुरक्षित तट केवल मजबूत इमारतों से नहीं बनते, बल्कि जागरूक नागरिकों, जवाबदेह प्रशासन और संरक्षित पर्यावरण से बनते हैं।

नशा दौलत का हो या शराब का

नशा दौलत का हो या शराब का,
अंजाम होता दोनों का खराब सा।
छीन लेता चैनो-सुकून हर इक का,
भयानक है वो जहर शबाब सा।


जोश में होश को जो खो बैठता
गिरता वो बुरा सर-ए-राह सा।
संभल जा अभी वक्त है तेरे हाथ,
ढल रहा उम्र का हर पल ख्वाब सा।

दौलत के नशे में जो इंसान खो गया,
चेहरा भी उसका लगता नकाब सा।

शराब पीके भूल गया गम ज़िंदगी के,
हर सुबह सामने आया नया अजाब सा।
[अजाब-सजा,दंड।]

होश होकर खुद को खुदा समझने लगा,
टूटकर बिखर गया जीवन ख़्वाब सा।
दौलत ने छीन ली थी उसकी सारी सादगी,
चेहरे पे चढ़ गया था कोई हिजाब सा।

मयखाने में ढूँढ़ता रहा सुकून उम्र भर,
घर में मगर बिखरता रहा सैलाब सा।
जिसको मिला ज़िंदगी का अनमोल कारवाँ,
खुद ही बना लिया उसने इसे बेहिसाब सा।



संजीव ठाकुर

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

रामायण में शूर्पणखा क्यों बनीं रकुल प्रीत? बोलीं- वो सिर्फ खलनायिका नहीं, उसे गलत समझा गया




नितेश तिवारी की आगामी फिल्म रामायणः राइज ऑफ अ लेजेंड में अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह शूर्पणखा का किरदार निभाती नजर आएंगी। रकुल ने ये रोल चुनने की वजह बताते हुए कहा कि शूर्पणखा का किरदार काफी उलझा हुआ और गहराई से भरा है, जिसे अक्सर लोगों ने गलत समझा है। इतिहास में भले ही उन्हें सिर्फ एक घटना के लिए याद किया जाता हो, लेकिन इस चुनौतीपूर्ण किरदार के कई अलग-अलग पहलू भी हैं।

रकुल ने बताया कि भारतीय संस्कृति को वैश्विक स्तर पर पेश करने का मौका मिलना उनके लिए इस फिल्म से जुड़ने की सबसे बड़ी वजहों में से एक था।

रकुल बोलीं, मेरे लिए इस फिल्म में सबसे ज्यादा रोमांचक 2 बातें थीं। पहली ये कि यह दुनिया के सामने भारत, हमारे इतिहास और हमारी सच्चाई का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली वैश्विक फिल्म है और दूसरी यह कि शूर्पणखा का किरदार काफी जटिल है।

रकुल का कहना है कि रामायण में शूर्पणखा का किरदार काफी जटिल है और इसे अक्सर गलत समझा गया है। रामायण के युद्ध की शुरूआत वही वजह बनी थी, इसलिए इसके अलग-अलग रंगों को पर्दे पर जीना बहुत दिलचस्प रहा। रकुल ने सोशल मीडिया पर एक फैन के खत का जवाब देते हुए भी बताया था कि शूर्पणखा के रोल की इसी गहराई और चुनौती ने उन्हें ये फिल्म साइन करने के लिए प्रेरित किया। रामायण में रावण की बहन शूर्पणखा की भूमिका बेहद अहम है, जो भगवान राम और रावण के बीच युद्ध की वजह बनती है। राम और लक्ष्मण से मुलाकात के बाद वो रावण के पास जाती है, जिसके बाद सीता हरण और बड़ा युद्ध होता है। रकुल के बयान से साफ है कि फिल्म में शूर्पणखा को केवल युद्ध की वजह के रूप में नहीं, बल्कि उसकी पूरी कहानी और सोच को गहराई से दिखाया जाएगा।

यूपी के अस्पतालों में सक्रिय लव जिहादी-जबरन धर्मांतरण गैंग



संजय सक्सेना

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित प्रतिष्ठित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) इस समय एक बेहद संवेदनशील और गंभीर विवाद के केंद्र में है। हाल ही में उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) द्वारा शासन को सौंपी गई एक विस्तृत जांच रिपोर्ट के बाद केजीएमयू परिसर के भीतर चल रहे एक सुनियोजित धर्मांतरण और उत्पीड़न नेटवर्क का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। एसटीएफ की करीब दस महीने चली लंबी जांच में विश्वविद्यालय के विभिन्न चिकित्सा विभागों जैसे पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी और गांधी वार्ड में हिंदू महिला डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और संविदा कर्मचारियों के मानसिक व शारीरिक शोषण तथा जबरन धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के कम से कम 12 अलग-अलग मामले सामने आए हैं। इस खुलासे ने न केवल चिकित्सा जगत को झकझोर कर रख दिया है, बल्कि परिसरों के भीतर महिला कर्मचारियों की सुरक्षा और प्रशासनिक जवाबदेही पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस पूरे नेक्सस की परतें तब खुलनी शुरू हुईं, जब पैथोलॉजी विभाग की एक जूनियर महिला रेजिडेंट डॉक्टर ने विभाग के ही सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर रमीजुद्दीन नायक (रमीज मलिक) के खिलाफ गंभीर शिकायत दर्ज कराई। आरोप था कि डॉ. रमीज ने पीड़िता को शादी का झूठा झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया, जबरन गर्भपात कराया और उस पर लगातार इस्लाम कबूल करने व निकाह करने का दबाव बनाया। जब महिला डॉक्टर ने इसका विरोध किया, तो उसे भीषण मानसिक प्रताड़ना दी गई, जिससे तंग आकर उसने दवाओं का ओवरडोज लेकर आत्महत्या तक करने का प्रयास किया। शिकायत के बाद जब पुलिस ने कार्रवाई शुरू की, तो आरोपी डॉक्टर फरार हो गया था, जिसे बाद में चार राज्यों की खाक छानने के बाद लखनऊ के ठाकुरगंज इलाके से गिरफ्तार किया गया। इस मामले में डॉ. रमीज के माता-पिता की भी संलिप्तता पाई गई और उन्हें भी जेल भेजा गया। जांच एजेंसियों को डॉ. रमीज के पास से मिले डिजिटल सबूतों और बैंक खातों के लेन-देन से इसके पीछे किसी बड़े सिंडिकेट, जैसे कि इस्लामिक मेडिकोस ग्रुप, और कुछ अन्य कट्टरपंथी संगठनों के कनेक्शन होने का भी संदेह गहराया है।

एसटीएफ की रिपोर्ट के मुताबिक, यह समस्या केवल एक आरोपी डॉक्टर तक सीमित नहीं थी, बल्कि कैंपस के भीतर एक बेहद संगठित नेटवर्क के रूप में काम कर रही थी, जिसमें उच्च पदों पर बैठे फैकल्टी सदस्यों से लेकर चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों तक की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। माइक्रोबायोलॉजी विभाग में तैनात एक संविदा कंप्यूटर ऑपरेटर युवती के मामले में सामने आया कि वहाँ के एक कर्मचारी शफात अली खान ने युवती के साथ छेड़छाड़ की, उसका पीछा किया और उस पर निकाह करने का दबाव बनाया। जब पीड़िता ने इस अनैतिक मांग का विरोध करते हुए प्रबंधन से शिकायत की, तो उसकी संविदा ही समाप्त कर दी गई और उसे नौकरी से निकाल दिया गया। इसी तरह रेडियोलॉजी विभाग में तैनात रेजिडेंट डॉक्टर रिजवान और गांधी वार्ड के नर्सिंग स्टाफ नफीस व फुरकान पर भी हिंदू महिला सहकर्मियों को प्रभावित करने, उन्हें ब्लैकमेल करने और धर्म परिवर्तन के लिए उकसाने के गंभीर आरोप दर्ज हैं। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे चिंताजनक और हैरान करने वाला पहलू विश्वविद्यालय प्रशासन तथा कुछ वरिष्ठ प्रोफेसरों की कथित निष्क्रियता और आरोपियों को दिया गया मौन संरक्षण रहा है। एसटीएफ की रिपोर्ट में पैथोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुरेश बाबू और एडिशनल प्रोफेसर डॉ. सुमायरा कयूम जैसी उच्च पदस्थ फैकल्टी की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। आरोप है कि जब पीड़ित महिलाओं ने अपने साथ हो रहे दुर्व्यवहार और प्रताड़ना की शिकायतें वरिष्ठों के समक्ष रखीं, तो शिकायतों को सुनने और त्वरित कानूनी कार्रवाई करने के बजाय उन्हें कई दिनों तक दबाकर रखा गया। इतना ही नहीं, विरोध दर्ज कराने वाली महिला डॉक्टरों और कर्मचारियों को उनका करियर पूरी तरह बर्बाद करने, परीक्षाओं में फेल करने की धमकियाँ दी गईं और कुछ मामलों में तो पीड़ितों को ही मानसिक रूप से विक्षिप्त साबित करने की सुनियोजित साजिशें रची गईं, ताकि आरोपियों के खिलाफ कोई कानूनी अड़चन न आए। विश्वविद्यालय की आंतरिक विशाखा कमेटी ने भी प्रारंभिक स्तर पर मुख्य आरोपी को दोषी पाया था, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर ढुलमुल रवैये के कारण मामले समय पर पुलिस तक नहीं पहुँच सके।

यह स्थिति केवल लखनऊ के केजीएमयू तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उत्तर प्रदेश के कई अन्य बड़े सरकारी और निजी अस्पतालों व मेडिकल कॉलेजों में भी इस तरह के छद्म प्रेम और जबरन धर्मांतरण के मामले समय-समय पर सामने आते रहे हैं, जहाँ पेशेवर पदों पर काम करने वाले संवेदनशील युवाओं को निशाना बनाया जाता है। चिकित्सा परिसरों में इस तरह की गतिविधियों के पनपने के पीछे संगठित समूहों की सोची-समझी रणनीति काम करती है, जो कार्यस्थलों पर महिलाओं की भावनात्मक और पेशेवर मजबूरियों का फायदा उठाते हैं। केजीएमयू के इस बड़े रैकेट के उजागर होने के बाद, चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव आनंद कुमार त्रिपाठी ने 30 अक्टूबर 2026 को केजीएमयू के कुलसचिव को एक आधिकारिक पत्र जारी कर एसटीएफ द्वारा चिह्नित सभी डॉक्टरों, प्रोफेसरों और कर्मचारियों के खिलाफ केजीएमयू अधिनियम, 2002 और सेवा नियमावली के तहत तत्काल प्रभाव से सख्त कानूनी और विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं तथा इसकी पूरी रिपोर्ट शासन को तलब की है। वर्तमान में, केजीएमयू प्रशासन को इन दावों और आंतरिक रिपोर्टों के आधार पर अंतिम न्यायिक निष्कर्ष आने तक आवश्यक अनुशासनात्मक कदम उठाने और परिसर के माहौल को सुरक्षित व निष्पक्ष बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए गए हैं, ताकि चिकित्सा जैसे पवित्र क्षेत्र की गरिमा धूमिल न हो।

मंगलवार का राशिफल

मेष गलती सुधारने का मौका मिलेगा, नौकरी छोड़कर व्यवसाय शुरू करने का फैसला सही रहेगा, शरीर में विटामिन की कमी सम्भव है, कोई सौदा हाथ से नहीं छोड़ना चाहेंगे। भाग्य 60%

वृषभ करियर फिर से शुरू करना पड़ेगा, फिटनेस पर ध्यान देना होगा, खुद को व्यस्त रखें, डिजिटल कार्य में लेखन, स्पोर्ट्स, प्रिंटिंग, कॉस्मेटिक व्यवसाय चलेगा। भाग्य 56%

मिथुन सरकारी कार्य अटक सकता है, संतान शिक्षा स्वास्थ्य में लापरवाह कर सकती है, कॉमर्स, डिजिटल, होटल, ट्रैवल कार्य में परेशानी आएगी। भाग्य 50%

कर्क उत्साह कायम रखें, कोई चुनौती आए तो हार ना माने, स्वास्थ्य का ध्यान रखें सोच-विचार ज्यादा ना करें, करियर में बात बनती बिगड़ती नजर आएगी। भाग्य 50%

सिंह यात्रा में पैसा खर्च करेंगे, कोई कागज साइन करेंगे, कोई विद्या,स्किल ठीक से सीखे,अखबार में विज्ञापन दे सकते हैं, पैसा जरूर प्राप्त होगा। भाग्य 54%

कन्या नौकरी में ट्रांसफर लेना चाहेंगे, परिवार में किसी की सेहत का ध्यान रखना पड़ेगा, पैसे का खर्चा बढ़ेगा, राजनीति में ब्यान सोच समझकर दे। भाग्य 51%

तुला प्रेम प्रसंग और विवाह में उतार चढ़ाव आ सकता है, स्तिथियो को सम्भलना पड़ेगा, मीडिया क्षेत्र में मुश्किल आ सकती है, क्रोध उत्तेजना पर काबु रखें। भाग्य 50%

वृश्चिक दूर क्षेत्र से काम मिलेगा, अपनी इमेज का ध्यान रखें, सुख साधन पर कम खर्चा करें, शिक्षा और रिसर्च में कुछ अच्छा करेंगे। भाग्य 56%

धनु अध्यात्म और पढ़ने लिखने के लिए अच्छा समय हैं, संतान की परेशानी से दुखी रहेंगे, आमदनी के लिए अच्छा समय हैं। भाग्य 52%

मकर खुद को हौसला देते रहे,मानसिक रूप से कार्य में लगे रहे, करियर में कुछ ज्यादा अच्छा नहीं होगा। भाग्य 55%

कुंभ मेहनतकश रहेंगे, काम को सम्भाले रखें, सर्दी गर्मी से बचें, किसी मसले में घर में चर्चा होगी, बजट के अनुसार कार्य करें तो धन की कमी नहीं होगी। भाग्य 53%

मीन किसी पर कटाक्ष करने से बचे, शिक्षा में मन नहीं लगेगा, कोई निर्णय लेने में मुश्किल आएगी, प्रेम प्रसंग में भरोसा नहीं कर सकेंगे। भाग्य 50%



अशनिका शर्मा ज्योतिष।

हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

ग्राम नेकपुर मुख्तयारपुर में गूंजे 'हर-हर महादेव' के जयकारे, शिव-सती विवाह प्रसंग पर झूमे भक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नेकपुर मुख्तयारपुर। क्षेत्र के ग्राम नेकपुर मुख्तयारपुर में आयोजित





श्रीमद्शिवमहापुराण कथा के चौथे दिन कथा व्यास ने भगवान शिव और माता सती के पावन विवाह का अत्यंत मनमोहक वर्णन किया। कथा के दौरान विवाह का प्रसंग सुनते ही पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भक्ति में सराबोर हो गए। 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान कथा व्यास ने शिव-सती के जीवन प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए पारिवारिक और आध्यात्मिक जीवन के कई महत्वपूर्ण संदेश दिए। विवाह प्रसंग के दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर अपनी खुशी जाहिर की और भजनों पर झूमते नजर आए। इस पावन अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष निमित औलख, कोषाध्यक्ष रॉबिन शर्मा, विवेक शर्मा, अजयवीर औलख, प्रशांत औलख और जिला पंचायत सदस्य नकुल औलख विशेष रूप से मौजूद रहे। कथा के अंत में भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने सम्मिलित होकर क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

अमरोहा वेटरन्स की शानदार जीत, मुजफ्फरनगर को 6 विकेट से हराया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अमरोहा। राइजिंग स्टार क्रिकेट अकादमी, बछरायु के मैदान पर डॉ. गौरहरि सिंघानिया उत्तर प्रदेश वेटरन्स स्टेट क्रिकेट लीग 2026-27 के अंतर्गत अमरोहा वेटरन्स क्रिकेट एसोसिएशन और मुजफ्फरनगर वेटरन्स क्रिकेट एसोसिएशन के बीच खेले गए मुकाबले में अमरोहा वेटरन्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 विकेट से जीत दर्ज की। टीम की जीत के नायक फहीम खान रहे, जिन्होंने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए मात्र 40 गेंदों पर 81 रन बनाए।मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए मुजफ्फरनगर वेटरन्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर127 रन बनाए। टीम की ओर से गौरव सिद्ध ने सर्वाधिक 65 रनों की शानदार पारी खेली।अमरोहा की ओर से इंदरदीप सिंह (इशु) ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट हासिल किए,जबकि मसरूर अहमद,अनस जैदी और पंकज चौधरी ने 2-2 विकेट लेकर विपक्षी टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचने से रोका।128 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमरोहा वेटरन्स की टीम ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 16.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 128 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। फहीम खान ने 40 गेंदों पर 81 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 14 चौके और एक छक्का शामिल रहा। वहीं

फहीम खान ने 40 गेंदों पर 81 रन ठोककर टीम को दिलाई शानदार जीत, गेंदबाजी में इंदरदीप सिंह ने झटके तीन विकेट



अमीन ने नाबाद 20 रन और नसीम अख्तर ने 17 रन बनाकर जीत में अहम योगदान दिया।मैच के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में ओंकोकेयर हॉस्पिटल के ओनर डॉ. सत्यवीर चौहान उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि संजय यादव एवं हरेंद्र सिद्धू ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अमरोहा वेटरन्स क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव हिमांचल यादव ने ओवैस चौधरी को यूपी टी-20 तथा विशाल तोमर को सी.के. नायडू ट्रॉफी में खेलने पर सम्मानित किया।इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष आतिफ फारूक, सचिव हिमांचल यादव, मेंटर अजीम, तैय्यब, देवेंद्र सिंह आरिफ मसूद शादमान जैदी शाहीन रजा सहित एसोसिएशन के अन्य सदस्य एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।अतिथियों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए दोनों टीमों को खेल भावना और अनुशासन के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया।अमरोहा वेटरन्स की इस शानदार जीत से टीम के खिलाड़ियों और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

त्योहारों के दृष्टिगत अमरोहा पुलिस अलर्ट, जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में की गई पैदल गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमरोहा लखन सिंह यादव के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर पैदल गश्त एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, सार्वजनिक स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त की गई। गश्त के दौरान व्यापारियों एवं आमजन से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुरक्षा संबंधी सुझावों की जानकारी ली गई तथा उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।इसके अतिरिक्त बाजारों एवं सार्वजनिक स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की गई। पुलिस टीमों द्वारा संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए आवश्यक पूछताछ एवं जांच की गई। साथ ही व्यापारियों एवं आमजन से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति,वस्तु अथवा गतिविधि की



जानकारी तत्काल पुलिस को दें जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।अमरोहा पुलिस द्वारा त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार सतर्कता बरती जा रही है।जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस की गश्त,निगरानी एवं चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा।

जनपद अमरोहा में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)। जनपद अमरोहा में वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा-2026 तथा आगामी पर्व-त्योहारों दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैयादूज, छठ पूजा, कार्तिक पूर्णिमा एवं गंगा तृतीया सहित विभिन्न धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रमों के दृष्टिगत जनपद में शांति,सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व)अमरोहा गरिमा सिंह द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा जारी की गई है।

01 नवंबर से 15 दिसंबर तक प्रभावी

जारी आदेश के अनुसार जनपद में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के बिना अनुमति एकत्रित होने पर प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध पारिवारिक सदस्यों, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों एवं शासकीय कार्यों से संबंधित आयोजनों पर लागू नहीं होगा। किसी भी व्यक्ति अथवा समूह द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, गलियों अथवा भवनों की छतों पर ईंट-पत्थर या ऐसी सामग्री एकत्रित नहीं की जाएगी, जिससे किसी व्यक्ति को चोट पहुंचाई जा सके। जनपद में आयोजित परीक्षाओं के दौरान शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। परीक्षा केंद्रों के



200 मीटर की परिधि में स्थित फोटो कॉपी की दुकानें, साइबर कैफे एवं अन्य संबंधित प्रतिष्ठान परीक्षा अवधि में बंद रखे जाएंगे। परीक्षा केंद्रों के आसपास ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग, मोबाइल फोन एवं अन्य संचार उपकरणों का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा समाप्ति तक परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। निषेधाज्ञा के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति को साम्प्रदायिक अथवा धार्मिक विद्वेष फैलाने वाले भाषण देने,भड़काऊ संदेश प्रसारित करने,किसी समुदाय अथवा व्यक्ति की भावनाओं को ठेस पहुंचाने या साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की अनुमति नहीं होगी। सोशल मीडिया के माध्यम से भड़काऊ अथवा धार्मिक विद्वेष फैलाने वाले संदेशों का प्रसारण एवं लोगों को एकत्रित करने पर प्रतिबंध रहेगा। बिना अनुमति ड्रोन कैमरे का प्रयोग नहीं किया जाएगा। अश्लील, आपत्तिजनक अथवा साम्प्रदायिक उन्माद उत्पन्न करने वाले बैनर, पोस्टर एवं सामग्री का प्रकाशन, वितरण तथा प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा।

दीपावली एवं अन्य त्योहारों पर आतिशबाजी गोदामों का किया गया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सम्भल। दीपावली एवं आगामी अन्य त्योहारों के अंतर्गत जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निदेशों के अनुपालन में उप जिलाधिकारी चन्दौसी आशुतोष तिवारी द्वारा तहसील चन्दौसी क्षेत्र के ग्राम मई, रामबाग रोड एवं कैथल रोड स्थित आतिशबाजी गोदामों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फायर एवं पुलिस विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान आतिशबाजी गोदामों में सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं संबंधित



नियमों के अनुपालन की स्थिति का परीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि दीपावली एवं अन्य त्योहारों के दृष्टिगत आतिशबाजी के भंडारण एवं बिक्री से जुड़े प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा सुरक्षा मानकों एवं निर्धारित नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके और त्योहारों के दौरान आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

नवीन मतदाता पंजीकरण के प्रति युवाओं को किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बहजोई/संभल। एमजीएम कॉलेज, संभल में नवीन मतदाता पंजीकरण के प्रति युवाओं एवं विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को मतदान के महत्व से अवगत कराना तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने और मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी विकास चंद ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से युवाओं



को लोकतंत्र की मजबूती में अपनी भूमिका समझनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन युवाओं ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है, उन्हें अपना मतदाता पहचान पत्र अवश्य बनवाना चाहिए तथा मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराना चाहिए, ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। मतदान केवल एक अधिकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक जागरूक नागरिक का महत्वपूर्ण दायित्व भी है। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार संभल धीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की आधारशिला है। इसके माध्यम से नागरिक अपनी पसंद की सरकार चुनने का अधिकार प्राप्त करते हैं। प्रत्येक मत का अपना महत्व होता है और सामूहिक रूप से यही मत देश एवं समाज की दिशा निर्धारित करते हैं। डा संजय बाबू दुबे ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं मतदाता पंजीकरण के प्रति जागरूक बनें तथा अपने परिवार, मित्रों और आसपास के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि एक सशक्त लोकतंत्र के निर्माण के लिए आवश्यक है कि अधिक से अधिक योग्य नागरिक चुनाव प्रक्रिया में अपनी भागीदारी ।

अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश,तीन गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बहजोई। संभल में पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर चोरी की 12 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। हैरानी की बात यह है कि गिरोह के दो आरोपी रैपिडो और अमेजॉन कंपनी में डिलीवरी बॉय का काम करते थे और इसी की आड़ में दिल्ली से मोटरसाइकिलें चोरी कर संभल में बेचते थे। वहीं, तीसरा आरोपी चोरी की बाइकों को खरीदकर उनके



पार्ट्स अलग-अलग कर बेचने का काम करता था। पुलिस ने कटे हुए पार्ट्स और बाइक काटने में इस्तेमाल होने वाली ग्राइंडर मशीन भी बरामद की है।दरअसल, थाना रजपुरा पुलिस वाहन चोरों की तलाश में जुटी हुई थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने अनूपशहर रोड से गांव सेगवां जाने वाले रास्ते पर बिजलीघर के पास घेराबंदी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रमोद, अमित और नीरज मिस्त्री के रूप में हुई है। तीनों आरोपी जनपद संभल के अलग-अलग गांवों के रहने वाले हैं। पुलिस पूछताछ में वाहन चोरी के इस नेटवर्क का चौंकाने वाला खुलासा हुआ। बताया गया कि गिरोह के दो सदस्य रैपिडो और अमेजॉन कंपनी में डिलीवरी बॉय का काम करते थे। इसी दौरान वे दिल्ली में मौका देखकर मोटरसाइकिलें चोरी कर लेते थे और फिर उन्हें संभल और आसपास के ग्रामीण इलाकों में सस्ते दामों पर बेच देते थे। वहीं, धनारी थाना क्षेत्र का रहने वाला बाइक मिस्त्री नीरज चोरी की मोटरसाइकिलें खरीदकर उनके पार्ट्स अलग-अलग कर देता था और उन्हें बेचकर मुनाफा कमाता था। इस अवैध धंधे से होने वाली कमाई तीनों आरोपी आपस में बांट लेते थे। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर कुल 12 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। इनमें 9 स्प्लेंडर, एक होंडा साइन, एक टीवीएस राइडर और एक हीरो डीलक्स शामिल हैं। इसके अलावा मोटरसाइकिलों के कटे हुए पार्ट्स और बाइक काटने में इस्तेमाल होने वाली ग्राइंडर मशीन भी बरामद हुई है। पुलिस अब बरामद मोटरसाइकिलों के मालिकों और आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है।

मामले का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी और उनके निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रजपुरा पुलिस को यह सफलता मिली है। फिलहाल पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य संभावित कनेक्शनों की भी जांच कर रही है।

आधार कार्ड बनाने के नाम पर हो रही है अवैध वसूली

बुलन्द सदेश ब्यूरो

संभल। आधार कार्ड बनाने के नाम पर ग्राहकों की जेबो पर डाला जा रहा है डाका। संभल नगर में यूनियन बैंक रिलायंस पेट्रोल पंप के बराबर मे बैंक में लगी आधार कार्ड बनाने की मशीनों से संचालित करने वाले ग्राहकों से अवैध वसूली कर रहे हैं आधार कार्ड के नाम पर वह 100 से लेकर 200 अवैध रूप से वसूल कर रहे हैं। बैंक मे एक महिला द्वारा अपना आधार सही कराया गया आधार को सही कराने का चार्ज 125 रुपये चार्ज था आधार ऑपरेटर द्वारा महिला से 200 रुपये लिये गए परन्तु महिला पर 150 रुपये थे महिला पर 50 रुपये कम पढ़ रहे थे। महिला पर 50 रुपये कम होने से महिला का आधार सही नहीं किया। महिला ने बैंक से बाहर जाकर किसी से 50 रुपये लिये। जब महिला द्वारा 200 रुपये पूरे होने पर ऑपरेटर को दिये तब जाकर ऑपरेटर ने महिला को आधार संशोधन की पर्ची दी। नया आधार पूरी तरह निशुल्क हैं परन्तु उसका भी आधार ऑपरेटर 100 रुपए का चार्ज बसूला गया

यूनियन बैंक संभल में बनाए जा रहे हैं आधार कार्ड के नाम पर ग्राहकों से ली जा रही है मोटी रकम

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नए आधार कार्ड बनाने के लिए निशुल्क आदेश जारी किया गया है सरकार द्वारा नए आधार कार्ड निशुल्क बनाए जाएंगे परंतु संभल में आधार कार्ड के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है।

सभी विकास खंडों में किया जाएगा, विशेष शिवरों का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बहजोई। शासन के निदेशों के क्रम में जनपद सम्भल में पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों को डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र के प्रति जागरूक करने तथा इसके प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से नवंबर माह में विभिन्न विकास खंडों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य सचिव कार्यालय, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या 394/पी0एस0एम0एस0/2026 दिनांक 14 अक्टूबर 2026 में दिए गए निदेशों के क्रम में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल द्वारा शिविरों के आयोजन के संबंध में आदेश जारी किया गया है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 05 नवंबर को विकास खंड सम्भल में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा विकास खंड असमोली में दोपहर 01 बजे से 03 बजे तक शिविर आयोजित होगा।

इसी क्रम में 13 नवंबर को विकास खंड रजपुरा में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा विकास खंड पवांसा में दोपहर 01 बजे से 03 बजे तक शिविर लगाया जाएगा।

18 नवंबर 2026 को विकास खंड बहजोई में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा विकास खंड बनियाखेड़ा (चन्दौसी) में दोपहर 01 बजे से 03 बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा।

वहीं, 25 नवंबर को विकास खंड गुन्नौर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा विकास खंड जुनावई में दोपहर 01 बजे से 03 बजे तक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इन शिविरों के माध्यम से पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों को डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र के महत्व, इसकी प्रक्रिया तथा इससे संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे समय से अपना डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र बनवाने की प्रक्रिया के प्रति जागरूक हो सकें।

डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए जनपद में लगेंगे विशेष शिविर, नवंबर माह में चार तिथियों पर आठ स्थानों पर होगी व्यवस्था।

कार्यक्रम

अमरोहा न्यायालय में पहली बार इतने व्यापक स्तर पर लाभार्थियों के लिए योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया

आयोजित भव्य मेगा/बृहद सहायता एवं सेवा शिविर ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमरोहा के तत्वावधान में जनपद न्यायालय परिसर, अमरोहा में रविवार को आयोजित भव्य मेगा/बृहद सहायता एवं सेवा शिविर ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। अमरोहा न्यायालय में पहली बार इतने व्यापक स्तर पर लाभार्थियों के लिए योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्री-कैंप और मुख्य कैंप को मिलाकर लगभग 19,043 लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। यह कार्यक्रम न्याय आपके द्वार की भावना को साकार करने वाला ऐतिहासिक अवसर बन गया। जनपद में व्यापक स्तर पर लगभग 167 मिनी कैंपों का आयोजन किया गया, जिसमें पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण, सत्यापन और विभागीय समन्वय सुनिश्चित किया गया।इन प्री-कैंपों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि वास्तविक और पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता एवं दक्षता के साथ पहुंचे।कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश विवेक की गरिमामयी उपस्थिति में लाभार्थियों को लाभ वितरण किया गया।जनपद न्यायाधीश के करकमलों से जब पुनीत सिंह को ट्रैक्टर की चाबी सौंपी गई, तो उनके चेहरे पर उमरी प्रसन्नता पूरे आयोजन का प्रेरक दृश्य बन गई। वर्षों की मेहनत और संघर्ष के बाद आधुनिक कृषि उपकरण मिलने से उनके जीवन में नई आशा का संचार हुआ।इसी प्रकार के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान की चाबियां प्रदान की गई जिन परिवारों के पास वर्षों से पक्के घर का सपना अधूरा था, उनके लिए यह क्षण अविस्मरणीय बन गया।कृषि विभाग द्वारा पात्र किसानों को उन्नत बीज वितरित कर जैविक खेती को बढ़ावा दिया गया, जिससे उनकी फसल उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो और कीटनाशक दवाइयों से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके। वहीं युवाओं को खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्पोर्ट्स किट प्रदान की गई। मेधावी छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता एवं प्रोत्साहन राशि के चेक वितरित किए गए। सामाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास, श्रम, स्वास्थ्य, पंचायती राज, कृषि तथा अन्य विभागों ने अपने-अपने स्टॉल स्थापित कर योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई और मौके पर ही आवेदन व प्रमाण पत्र वितरण की प्रक्रिया पूरी की।इस



आयोजन का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह रहा कि न्यायालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम ने न्याय को केवल न्यायिक प्रक्रिया तक सीमित न रखकर सामाजिक न्याय और आर्थिक सशक्तिकरण का भी संदेश दिया। आमतौर पर न्यायालय को केवल वाद-विवाद और सुनवाई के स्थान के रूप में देखा जाता है, किंतु इस मेगा कैंप ने यह सिद्ध किया कि न्याय व्यवस्था समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए भी प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा विभागीय कर्मचारियों ने समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए आयोजन को सफल बनाया। बृहद मेगा शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमरोहा की हेल्प डेस्क स्थापित की गई थी, जिस पर प्रशिक्षित पैरा-विधिक स्वयंसेवकों को तैनात किया गया था। प्रशिक्षित पैरा-विधिक स्वयंसेवकों लोकमान सिंह, रामनिवास सैनी,प्रीति, आलोकनी, रिहाना, मंगरू खान,राजबाला,शिखा देवी, प्रथम सिंह, मोनिका, पूनम, संजीव, प्रवीण सिंह,कुलदीप, महेश द्वारा लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में समझाई गई।

बृहद मेगा शिविर में उपस्थित सभी लाभार्थियों ने खुले मन से इस पहल की सराहना की तथा कई वृद्धजनों और महिलाओं ने कहा कि पहली बार उन्हें ऐसा महसूस हुआ कि शासन-प्रशासन स्वयं उनकी समस्याओं के समाधान और कल्याण के लिए उनके पास आया है।

कुछ लाभार्थियों ने भावुक होकर कहा कि न्यायालय परिसर में लाभ प्राप्त करना उनके लिए सम्मान और आत्मविश्वास का विषय है। जनपद न्यायाधीश द्वारा छह माह के बच्चे को पहली बार अन्न (अन्नप्राशन) ग्रहण कराया गया। बृहद मेगा शिविर के आयोजन ने जनता में संदेश दिया कि जब न्यायपालिका, प्रशासन और विभिन्न विभाग समन्वित रूप से कार्य करते हैं, तो विकास और न्याय का एक अलग ही रूप देखने को मिलता है।यह मेगा कैंप न केवल हजारों परिवारों के सपनों को सकारात्मक परिवर्तन की शुरूआत की है, बल्कि यह भी स्थापित किया है कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के साथ किया जा सकता है। अमरोहा में आयोजित मेगा कैंप आने वाले समय में अन्य जनपदों के लिए भी प्रेरणास्रोत सिद्ध होगा। बृहद मेगा शिविर में लगभग 1,079 लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ वितरण का यह अभूतपूर्व आयोजन अमरोहा की न्यायिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था की संवेदनशीलता और सक्रियता का प्रमाण है। वास्तव में यह कार्यक्रम वास्तविक न्याय के द्वार पर न्याय की अवधारणा को धरातल पर साकार करने वाला ऐतिहासिक कदम साबित हुआ है।

मिशन शक्ति 6.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक, हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य



से मिशन शक्ति-6.0 अभियान के तहत सोमवार को व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार जनपद के सभी थानों पर नियुक्त मिशन शक्ति टीमों ने मंदिरों, मुख्य बाजारों, चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया इस दौरान महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियो स्क्वायड और बाल श्रम उन्मूलन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। टीमों ने महिलाओं को यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 और एंबुलेंस सेवा-102 के बारे में विस्तार से बताया।''इसके साथ ही महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा के उपाय, गुड टच-बैड टच की पहचान तथा साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

त्योहारों को लेकर गुलावठी में पुलिस अलर्ट,भारी पुलिस बल के साथ एएसपी ने किया पैदल मार्च

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गुलावठी। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए बुलंदशहर पुलिस अलर्ट मोड पर है। इसी क्रम में बीती रात अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक प्रताप अजेय ने भारी पुलिस बल के साथ थाना गुलावठी क्षेत्र के प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी और सतर्कता को परखा।



पैदल गश्त के दौरान एएसपी ने संबंधित अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के मद्देनजर पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करें और अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहें। उन्होंने बाजारों एवं सार्वजनिक स्थानों पर विशेष निगरानी रखने, भीड़भाड़ वाले इलाकों में प्रभावी गश्त करने तथा यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए एएसपी ने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। साथ ही अफवाह फैलाने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए।

पुलिस अधिकारियों को कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए गए।

जहांगीराबाद के मोहल्ला पाठक में धूमधाम से निकली महाकाली शोभायात्रा, हुई नवदुर्गा कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति

बुलन्द संदेश ब्यूरो

जहांगीराबाद। नगर के मोहल्ला पाठक में परम्परागत मां महाकाली की भव्य शोभायात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ भटनी वाले मंदिर से भाजपा से टिकट दावेदार अनिल गुप्ता एवं बीके पब्लिक स्कूल के प्रबंधक नरेंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। मां महाकाली की विशाल महाआरती कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही, जिसमें सचिन शर्मा

भाजपा नेता अनिल गुप्ता व बी. के स्कूल संचालक नरेंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से किया उद्घाटन, महाआरती रहीं विशेष आकर्षण का केंद्र - सचिन शर्मा भईपुर व आशु गुप्ता ने संयुक्त रूप से की महाआरती

भईपुर व आशु गुप्ता ने संयुक्त रूप से महाआरती की। श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर शोभायात्रा में भाग लिया। शोभायात्रा में मां महाकाली का भव्य स्वरूप सोनू बंसल ने धारण किया। महाकाली स्वरूप ने चोक-नुक्कड़ों पर हैरतअंगेज करतब किए। मोहल्ला पाठक स्थित ओझा जी मोबाइल हब पर विशेष स्टॉप स्टेज के माध्यम से महाआरती का आयोजन किया गया। ढोल-नगाड़ों और धार्मिक जयकारों के बीच शोभायात्रा पूरे मोहल्ला पाठक में भ्रमण करती हुई वापस भटनी वाले मंदिर पहुंची, जहां विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर अनिल गुप्ता ने कहा कि ऐसे पारंपरिक धार्मिक आयोजन हमारी सनातन संस्कृति और धरोहर को संजोए रखने का कार्य करते हैं। वहीं नरेंद्र शर्मा ने कहा कि सभी त्योहार



आपसी भाईचारे और मिलजुलकर मनाने चाहिए। ऐसे आयोजनों से समाज में प्रेम, सौहार्द और एकता की भावना मजबूत होती है।

कार्यक्रम में शोभायात्रा अध्यक्ष गौरव बंसल, कुनाल ओझा, मनु राज गोयल, रौनक बंसल, दीपांशु ओझा, सौरभ विरदी, रोहित अग्रवाल, माधव गोयल, गणेश गर्ग, शिवराम मलिक, हनी वार्ष्णेय, पिंटू सैनी, नीतीश कंसल, राजेश बंसल, दक्ष शर्मा, सेंकी पाठक, हिरदेश पाठक, नितिन राजा बाबू, हिर्देश लोधी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम में शोभायात्रा अध्यक्ष गौरव बंसल, कुनाल ओझा, मनु राज गोयल, रौनक बंसल, दीपांशु ओझा, सौरभ विरदी, रोहित अग्रवाल, माधव गोयल, गणेश गर्ग, शिवराम मलिक, हनी वार्ष्णेय, पिंटू सैनी, नीतीश कंसल, राजेश बंसल, दक्ष शर्मा, सेंकी पाठक, हिरदेश पाठक, नितिन राजा बाबू, हिर्देश लोधी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

कार्यक्रम में भाजपा नेता नवीन बंसल और मनोज गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने मां महाकाली के जयकारों के साथ सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग रहा। प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र सिंह राठौर, चौकी प्रभारी अजय कुमार व स्थानीय पुलिस बल पूरी मुस्तैदी से डटा रहा

बेटी के आग्रह पर भाजपा नेता ने दिलाई साइकिल,परिवार में खुशी की लहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर। भाजपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र शर्मा जीतू भैया क्षेत्र में लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। गरीब, असहाय, मजदूर व दिव्यांग लोगों की हरसंभव मदद के लिए वे जाने जाते हैं।



इसी क्रम में काजल नाम की एक बच्ची अपने माता-पिता के साथ उनके पास पहुंची और स्कूल जाने में परेशानी की बात बताई। बच्ची ने बताया कि साइकिल न होने से स्कूल जाने में दिक्कत होती है। उसकी समस्या सुनकर जीतू भैया ने तत्काल उसे साइकिल दिलाई। साइकिल पाकर भाई-बहन व माता-पिता काफी खुश हुए। इस अवसर पर जितेंद्र शर्मा ने कहा कि बच्चों की फीस में कोई दिक्कत हो तो वह मदद करेंगे। इस दौरान आशू नरवाल, वेद प्रकाश शर्मा, विकास कुमार गर्ग, सुभाष शर्मा, नीरज चौधरी, संदीप तेवतिया, शादाब, उपेंद्र सिंह समेत गणमान्य लोग मौजूद रहे।

गौतम सूर्यवंशी बने जिला महामंत्री,समर्थकों ने दी बधाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

समर्पण और मेहनत को देखते हुए संगठन ने दी अहम जिम्मेदारी

शिकारपुर। भाजपा कार्यकर्ता गौतम सूर्यवंशी को उनके समर्पण, मेहनत और कार्यकुशलता को देखते हुए जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है।



उनकी नियुक्ति पर समर्थकों और कार्यकताओं में हर्ष का माहौल है। लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि गौतम ने संगठन के लिए लगातार सक्रिय रहकर कार्य किया है। हितेश कुमार शर्मा मंडल आईटी विभाग ने गौतम सूर्यवंशी को बुके देकर बधाई दी।

बधाई संदेश में कहा गया कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि वह अपनी नई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा, ऊर्जा और ईमानदारी के साथ करेंगे और समाज व संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का काम करेंगे। समर्थकों ने उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।

शतरंज प्रतियोगिता में केके पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन, जोबिया ने जीता पहला स्थान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सरधना (जावेद अब्बासी)। मेरठ के बीएनजी स्कूल, किला रोड पर आयोजित आरके मेमोरियल



इंटर स्कूल द्वितीय शतरंज प्रतियोगिता में केके पब्लिक स्कूल सरधना के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में स्कूल को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, जबकि अंडर-19 गर्ल्स वर्ग में जोबिया ने प्रथम स्थान हासिल कर बड़ी उपलब्धि अपने नाम की।31 अक्टूबर से आयोजित इस प्रतियोगिता में सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड से जुड़े 50 स्कूलों के 250 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिला शतरंज एसोसिएशन के सानिध्य में हुई प्रतियोगिता में अंडर-9, अंडर-12, अंडर-15 और अंडर-19 आयु वर्ग में बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।केके पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने अलग-अलग वर्गों में बेहतर प्रदर्शन किया। अंडर-9 बालक वर्ग में मनन ने 13वां स्थान प्राप्त किया। अंडर-15 बालक वर्ग में प्रणव 10वें और इक्षु जैन 11वें स्थान पर रहे। अंडर-19 बालक वर्ग में मनदीप ने नौवां स्थान हासिल किया।बालिका वर्ग में अंडर-19 में जोबिया ने शानदार खेल दिखाते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। समृद्धि चौथे, आरवी नौवें, आयरा 11वें और जारा 13वें स्थान पर रहीं। स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।जोबिया की शानदार जीत से स्कूल में खुशी का माहौल रहा। स्कूल प्रबंधक सुशील कुमार, सचिव संजीव कुमार और प्रधानाचार्य डॉ. उत्तम सिंह ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने स्कूल की ओर से खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

भतीजियों की शादी की खुशियां मातम में बदलीं, ट्रक की टक्कर से बाइक सवार हानिफ खान की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

डिबाई (केपी सिंह चौहान)। दौलतपुर चौकी क्षेत्र में रविवार दोपहर करीब 12 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। जहां घर में दो भतीजियों की शादी की तैयारियां चल

एक ही घर में आनी थीं दो बारातें, हादसे के बाद दोनों परिवारों ने सादगी से शादी कराने का लिया निर्णय

रही थीं और बारात आने वाली थी, वहीं शादी का सामान लेने बाजार जा रहे बाइक सवार युवक हनीफ खान की ट्रक की टक्कर लगने से मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और खुशियों वाले घर में शोक छा गया।

जानकारी के अनुसार, हनीफ खान अपनी भतीजियों की शादी का सामान लेने के लिए बाइक से बाजार जा रहे थे। इसी दौरान जहांगीराबाद की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि ट्रक चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों पर



दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं और रविवार को ही दो भतीजियों की बारात आनी थी। परिवार की खुशियां अचानक मातम में बदल गईं। बताया गया कि हादसे के करीब एक घंटे बाद गाजियाबाद के लोनी से एक बारात युवक के घर पहुंच गई। शादी की तैयारियां पूरी होने और बारात घर पहुंचने की स्थिति में दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से शादी की रस्में सादगी के साथ संपन्न कराने का निर्णय लिया। दूसरी बारात आहार थाना क्षेत्र से आनी थी और वह भी रास्ते में थी। यह हादसा एक बार फिर तेज रफ्तार और भारी वाहनों की लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं की गंभीरता को उजागर करता है। एक परिवार में शादी की खुशियां मनाई जानी थीं, लेकिन सड़क हादसे ने पूरे परिवार को जीवनभर का दर्द दे दिया। पुलिस को फरार ट्रक चालक की तलाश कर उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करनी चाहिए।

यातायात माह शुरू, पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान, नियम तोड़ने वालों के काटे चालान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर । यातायात माह नवंबर-2026 के शुभारंभ के साथ ही रविवार को पुलिस ने नियमों का पालन कराने के लिए चेकिंग व जागरूकता अभियान शुरू कर दिया। इससे पहले एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया और बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इसी क्रम में शिकारपुर के बरासऊं मंदिर कट के पास मेरठ-बदायूं हाईवे पर ट्रैफिक पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया।



इस दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट और वाहनों में प्रेशर हॉर्न का इस्तेमाल करने वाले चालकों के चालान काटे गए। अभियान का नेतृत्व एसआई सुनील कुमार दीक्षित ने किया। उनके साथ ट्रैफिक पुलिसकर्मी लोकेंद्र कुमार और नवीन कुमार मौजूद रहे। पुलिस ने दोपहिया वाहनों की सघन चेकिंग कर नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की, जबकि चौपहिया वाहनों की जांच कर चालकों को चेतावनी दी गई। पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और तेज आवाज वाले हॉर्न का इस्तेमाल न करने की हिदायत दी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यातायात माह के दौरान जागरूकता के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि सड़क हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

अनामिका शुगर मिल का पेराई सत्र शुरू, जिला गन्ना अधिकारी ने किया विधिवत शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर। अनामिका चीनी मिल भंडोरिया का नवीन पेराई सत्र 2026-27 का सोमवार को जिला गन्ना अधिकारी ने विधिवत शुभारंभ किया। चीनी मिल में प्रथम गन्ना डालने वाले किसानों को मिल की ओर से पुरस्कृत किया गया।

श्री रेणुका शुगर्स की इकाई अनामिका चीनी मिल भंडोरिया के नवीन सत्र का शुभारंभ करने पहुंचीं जिला गन्ना अधिकारी सना आफरीन का मिल प्रबंधन ने बुके भेंट कर स्वागत सत्कार किया। पूजा अर्चना के पश्चात हवन किया गया जिसमें मिल प्रबंधन के साथ साथ गणमान्य लोगों ने आहुतियां दीं। तत्पश्चात जिला गन्ना अधिकारी सना आफरीन, चीनी मिल उपाध्यक्ष डॉ तेजवीर सिंह ढाका,युनिट हैड संजय धीमान, गन्ना महाप्रबंधक जितेन्द्र पंवार,एच आर हैड रमेश मिश्रा, डेवलपमेंट हैड नीरज उज्जवल आदि ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों व कृषक बंधुओं के साथ मिल चेन पर गन्ना डाल कर पेराई सत्र का शुभारंभ किया। जिला गन्ना अधिकारी ने मिल प्रबंधन को पेराई सत्र शुरू होने पर बधाई देते हुए सफलता पूर्वक मिल संचालन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मिल प्रबंधन को गन्ना डालने वाले किसानों को समय से भुगतान सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। शुभारंभ समारोह में समस्त मिल अधिकारी,कर्मचारी, क्षेत्र भर से आए गणमान्य लोगों के साथ साथ सैंकड़ों किसान मौजूद रहे। सभी ने मिल के सुचारू संचालन के लिए कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

राधा सिरोही बनीं भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष, समर्थकों में खुशी की लहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संगठन में विस्तार करते हुए एक साधारण कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी ने राधा सिरोही को महिला मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के बाद उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकताओं में हर्ष का माहौल है।



नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष राधा सिरोही ने जिलाध्यक्ष विकास चौहान, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कल्पना वर्मा एवं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने एक साधारण कार्यकर्ता पर विश्वास जताकर जो सम्मान दिया है, उसके लिए वह सबकी आभारी हैं।

उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह दायित्व केवल एक पद नहीं, बल्कि संगठन के प्रति सेवा, समर्पण और विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी पदाधिकारी अपनी ऊर्जा, अनुभव और संगठनात्मक क्षमता से महिला मोर्चा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। राधा सिरोही ने कार्यकर्ताओ से आह्वान करते हुए कहा, "आइए, हम सभी एकजुट होकर संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, महिलाओं को सशक्त बनाने और पार्टी को और अधिक मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। हम सभी मिलकर एक सशक्त, सक्रिय एवं संगठित महिला मोर्चा का नया अध्याय लिखेंगे।" इस नियुक्ति पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओ ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी है।

आयोजन

एसएसपी ने लाभार्थियों को भेंट किए उपहार

बुलंदशहर में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बुलंदशहर की ओर से उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वावधान में आई०पी० कॉलेज में मेगा एवं वृहद विधिक सहायता तथा सेवा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला जज संजय कुमार-कशामिल हुए। शिविर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को विधिक सहायता, उनके अधिकारों और सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल एवं सेवाओं के माध्यम से लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा जरूरतमंद





लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया गया इस दौरान एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने शिविर में पहुंचे लाभार्थियों को उपहार भेंट किए। अधिकारियों ने आमजन को कानूनी अधिकारों की जानकारी देने और जरूरतमंदों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई। बुलंदशहर पुलिस की ओर से कहा गया कि आमजन की सुरक्षा, सहायता और अधिकारों के संरक्षण के साथ-साथ पीड़ित एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को न्याय दिलाने तथा उनकी न्याय तक पहुंच आसान बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

राधा रमण जी की द्वितीय प्रभात फेरी में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

बुलन्द संदेश ब्यूरो

जहांगीराबाद (बुलंदशहर)। कार्तिक मास के पावन अवसर पर राधा रमण जी की संगीतमय प्रभात फेरी का द्वितीय आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया।

कांच वाले मंदिर से शुरू हुई प्रभात फेरी, विवेकानंद चौक स्थित गोस्वामी मंदिर पर हुआ समापन

प्रभात फेरी का शुभारंभ सुबह कांच वाले मंदिर से हुआ, जो गांधी चौक, पुख्ता बाजार और मौहल्ला पाठक होते हुए विवेकानंद चौक स्थित गोस्वामी मंदिर पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। प्रभात फेरी का शुभारंभ वार्ड सभासद मनमोहन अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर राम अवतार बंसल मामा, राजू बंसल, टिप्पन वर्मा, नरेश बंसल सहित मोहल्ले के सैकड़ों गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। प्रभात फेरी के दौरान रसिक सुमित गोयल, विक्की गोयल, समीर सोनी आदि श्रद्धालुओं ने राधा रमण जी के सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने राधा रमण जी के जयकारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया।



Name change

I Mohammad Khalil Khan s/o Akhtar Khan Resident of Vill-Hajipur Bhataula Post-Mundakhera Distt-Bulandshahr (u.p) Have changed my Name from Mohammad Khalil Khan to Khalil Henceforth I would be Known by the name of Khalil For All Future Purpose.

दीपावली 8 नवंबर को, महासभा ने किया शास्त्रसम्मत निर्णय घोषित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



हापुड़। भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा ने राजेंद्रनगर स्थित कार्यालय पर बैठक कर दीपावली पर्व का निर्णय घोषित किया। भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा अध्यक्ष पं.के.सी. पाण्डेय काशी वाले ने बताया कि स्वाति नक्षत्र युक्त अमावस्या होने से दीपावली 8 नवंबर रविवार को मनाई जाएगी। स्नान-दान की सोमवती अमावस्या 9 नवंबर सोमवार को है। धनतेरस 6 नवंबर शुक्रवार को, नरक चतुर्दशी 7 नवंबर शनिवार को,गोवर्धन पूजा 10 नवंबर मंगलवार को और भैयादूज 11 नवंबर बुधवार को मनाई जाएगी। दीपावली का शुभ पूजन मुहूर्त 8 नवंबर सायं 5.24 से रात 8.45 तक रहेगा। इसके अलावा भैया दूज पर शुभ मुहूर्त सुबह 10:41 से दोपहर 12.02 बजे व 1.22 से 3.53 बजे तक रहेगा।

जैन मिलन ने दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। जैन मिलन के तत्वावधान मे श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कसेरठ बाजार पर आयोजित समारोह में णमोकार मंत्र लेखन पुस्तिकाओं में मंत्र लेखन करने वाले साधक-साधिकाओ को गिफ्ट देकर पुरस्कृत किया गया तथा दीपावली मिलन समारोह आयोजित हुआ।

जैन मिलन के महामंत्री सुशील जैन तथा अध्यक्ष पंकज जैन ने कहा कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी णमोकार मंत्र लेखन अभियान का आयोजन जैन मिलन के द्वारा किया गया। जैन मिलन के उपाध्यक्ष तथा मंत्र लेखन अभियान के संयोजक सुरेश चन्द जैन पत्रकार के द्वारा णमोकार मंत्र लेखन की पुस्तिकाओं को निशुल्क उपलब्ध कराया गया। इसके लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए पटका ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अभियान की सह संयोजिका तथा महिला जैन समाज की अध्यक्षा रेणुका जैन तथा मंजू जैन को भी सम्मानित किया गया,जिन्होंने मंत्र लेखन पुस्तिकाओं का वितरण तथा संग्रह किया।

मेरठ से पधारे कवि संजय जैन ने जैन धर्म पर आधारित तथा वीररस की कविता तिरंगे के रंग प्रस्तुत की समारोह की अध्यक्षता सुरेश चन्द जैन आलू वालों ने की तथा मुख्य अतिथि जैन समाज के अध्यक्ष सुधीर जैन टपिया रहे। विशिष्ट अतिथि चंडी मन्दिर समिति के मंत्री मोहित जैन अचार वाले,जैन मिलन के कोषाध्यक्ष डा.अनिल जैन,डा.पारितोष जैन तथा डा. मानसी जैन रहे।





इसे पूर्वसमारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर महावीर वन्दना, मंगलाचरण से हुआ,सामूहिक णमोकार महामंत्र का जाप किया गया। णमोकार महामंत्र लेखन अभियान के संयोजक सुरेश चन्द जैन ने कहा कि णमोकार मंत्र लेखन का पुण्य मंत्र जाप से दश गुना है, णमोकार महामंत्र जैन धर्म का सबसे श्रेष्ठ मंत्र है सभी जैन धर्म के अनुयायियो को इस मंत्र का नियमित जाप तथा लेखन करना चाहिए। समारोह का संचालन जैन मिलन के अध्यक्ष पंकज जैन ने किया। जैन समाज के अध्यक्ष सुधीर जैन ने कहा कि जैन समाज के लोगो को णमोकार महामंत्र का जाप व लेखन अवश्य करना चाहिए। मंत्र लेखन करने वाले सभी जैन साधक-साधिकाओं को इससे पुण्य प्राप्त होता है तथा सभी प्रकार के दुखो का नाश होता है। धार्मिक तम्बोला का आयोजन रेणुका जैन द्वारा कराया गया। समारोह के उपरांत मन्दिर जी के बाहर जलपान की व्यवस्था की गई।

समारोह में जैन समाज के संरक्षक अनिल जैन, संरक्षक सदस्य सुधीर जैन,जैन मिलन के अध्यक्ष पंकज जैन, उपाध्यक्ष सुरेश चन्द जैन पत्रकार,महामंत्री सुशील जैन, मंत्री राजीव जैन, कोषाध्यक्ष डा.अनिल जैन, राजीव जैन आलू वाले, महिला जैन समाज की अध्यक्षा रेणुका जैन, डा.रेखा जैन, निशा जैन, प्रभा जैन, सुनील जैन,आशीष जैन ने मंत्र लेखन करने वालो को गिफ्ट देकर पुरस्कृत किया।

नगर में शांति यात्रा निकाली, बड़ी संख्या श्रद्धालु शामिल हुए

बुलन्द संदेश ब्यूरो



हापुड़। विश्व कल्याण और मानवता की भलाई की कामना के साथ दास धर्म लोनी दरबार की ओर से नगर में शांति यात्रा निकाली गई। इससे पूर्व श्रीनगर स्थित सेठी निवास में सवा घंटे तक 'नानक नाम चढ़दी कला, तेरे भाणे सरबत दा भलाइ का पाठ किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर विश्व शांति और मानव कल्याण की कामना की।

शांति यात्रा श्रीनगर से प्रारंभ होकर पटेल नगर, नई शिवपुरी,गणेश चौक समेत विभिन्न मार्गों से होते हुए पुरानी शिवपुरी पहुंची। यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान श्रद्धालु कीर्तन करते हुए और भजनों पर झूमते हुए आगे बढ़ रहे थे। सामूहिक अरदास के साथ यात्रा का समापन हुआ। इस अवसर पर बताया गया कि सतगुरु महाराज दर्शन दास ने अपना जीवन देशप्रेम, मानवता और शांति के प्रसार के लिए समर्पित किया था। उन्होंने सदैव लोगों को आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ रहने की प्रेरणा दी। इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से दास धर्म की ओर से देशभर में शांति यात्राएं निकाली जा रही हैं।

यात्रा में रवि शर्मा, रितु, पवन सेठी, शिवानी, सोनू सेठी, मंजू, राजेश ढींगरा, सपना, यशु ढींगरा, नेहा, नवीन, रुपाली, रमेश शर्मा, सीमा, विजय शर्मा, अनिल शर्मा, प्रफुल्ल शर्मा अमरजीत कौर, इशू पवार और शशि बाला सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

विद्युत तार चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश,हिस्ट्रीशीटर सहित 5 सदस्य गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़,पिलखुवा। जनपद के थाना पिलखुवा पुलिस ने विद्युत तार चोरी करने वाले गिरोह का

चोरी का 2.76 कुंटल विद्युत तार,तीन तमंचे,दो चाकू,कार व बाइक बरामद

पदार्फाश करते हुए गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से चोरी का 2.76 कुंटल विद्युत तार,तीन तमंचे,दो अवैध चाकू,तार चोरी करने के उपकरण,घटना में कार व बाइक बरामद की।

पिलखुवा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज चौधरी ने पत्रकारों को बताया कि थाना पुलिस ने



विद्युत तार चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए गत 22 अक्टूबर की रात्रि में पिलखुवा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ौदा हिन्दुवान के जंगल में विद्युत तार चोरी की घटना का खुलासा करते हुए हिस्ट्रीशीटर सहित पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम नीटू उर्फ नवीन उफ नेताजी पुत्र ईश्वर सिंह निवासी सैंतकुंआ थाना खरखौदा जनपद मेरठ,आयुष पुत्र सोनू निवासी ग्राम शाहपुर मोरटा थाना मुरादनगर गाजियाबाद,इरफान पुत्र नूर मौहम्मद निवासी शाहजहां कालोनी,थाना लिसाड़ी गेट,जनपद मेरठ,काल किशन पुत्र राम दुलारे निवासी ग्राम गिरधरपुर थाना बादलपुर जनपद गौतमबुद्ध नगर,कृष्ण अवतार पुत्र ओमपाल सिंह निवासी ईशापुर सनवरी थाना नखासा जनपद संभल है। कोतवाल ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर नीटू उर्फ नवीन उर्फ नेताजी के खिलाफ जनपद मेरठ,बुलन्दशहर,गाजियाबाद व हापुड़ में डकैती,विद्युत तार चोरी,आर्म्स एक्ट आदि के तीन दर्जन से अधिक अभियोग दर्ज है।

दीपावली से पूर्व खाद्य विभाग की बड़ी छापामार कार्यवाही, मचा हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आदेश पर राज्य सचल दल उत्तर प्रदेश ने जनपद में विभिन्न स्थानों पर

जिले में राज्य सचल दल ने प्रतिष्ठानों से मिठाईयों के भरे नमूने

छापामार कार्यवाही की। साथ ही 10 मिठाईयों के नमूने भरकर जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजे गये ।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय चन्द्रशेखर मिश्र ने बताया कि दिवाली के त्योहार को देखते हुए शुद्ध खाने की चीजें उपलब्ध कराने के लिए राज्य सचल दल ने 10 मिठाई और खाने की दुकानों से सैंपल लिए गए। उन्होंने बताया कि मेराज



स्वीट्स आदर्श नगर, स्काईनेट हॉस्पिटैलिटी (बीकानेरवाला) दिल्ली रोड, बंसल बीकानेर स्वीट्स आर्य नगर, वत्सांश स्वीट्स वर्कशॉप, कोठी गेट, न्यू तपस्या स्वीट्स पुराना बाजार, गोरस स्वीट्स, जीसीआर मिष्ठान पिलखुवा, अन्नपूर्णा स्वीट्स पिलर नंबर 73, एसएनसी फूड्स बीकानेरवाला गढ़ और आकाश दीप स्वीट्स गढ़मुक्तेश्वर के प्रतिष्ठान से पनीर, खोया, बर्फी, सोन, छेना, रसगुल्ला, बूंदी लड्डू आदि के सैंपल लेकर टेस्टिंग के लिए लैब में भेज दिए हैं। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

आगरा में मनीष राणा और प्रिंस राणा ने जीता गोल्ड मेडल, धौलाना क्षेत्र का बढ़ाया मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

धौलाना (संजीव वशिष्ठ) । उत्तर प्रदेश के आगरा में आयोजित उत्तर प्रदेश नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में धौलाना क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण आया है। धौलाना तहसील क्षेत्र

धौलाना के नगला काशी गांव के दोनों खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम किया रोशन

के ग्राम नगला काशी निवासी दो होनहार खिलाड़ी मनीष राणा और प्रिंस राणा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर पूरे धौलाना क्षेत्र का नाम रोशन किया है। भाजपा नेता आदित्य राणा ने बताया





परिचय । मेडल के साथ धौलाना के विजेता वीर ।

की उनके ग्राम नगला काशी निवासी मनीष राणा पुत्र विपुल सिंह एवं प्रिंस राणा पुत्र प्रवीण सिंह ने कबड्डी प्रतियोगिता में अपने दमदार खेल से विरोधी टीमों को पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में दोनों खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की निर्णायकों और दर्शकों ने सराहना की।

दोनों खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि के बाद गांव नंगला काशी सहित पूरे धौलाना क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों में इस सफलता को लेकर गर्व है। युवाओं के लिए दोनों खिलाड़ी प्रेरणा स्रोत बन गए हैं।

ग्रामीणों और खेल प्रेमियों ने बताया कि मनीष राणा और प्रिंस राणा ने कठिन परिश्रम, निरंतर अभ्यास और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि ने साबित कर दिया है कि यदि लक्ष्य के प्रति ईमानदारी और मेहनत हो तो ग्रामीण क्षेत्र से भी राष्ट्रीय स्तर तक सफलता प्राप्त की जा सकती है।

दोनों खिलाड़ियों की सफलता पर क्षेत्र के सम्मानित लोगों, ग्राम प्रधान, युवा साथियों और खेल प्रेमियों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

ग्रामीणों ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे गांव के लिए गर्व की बात है और इससे अन्य युवाओं को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। गांव के बुजुर्गों ने कहा कि धौलाना क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत है तो उन्हें सही मंच और प्रोत्साहन देने की।

मनीष और प्रिंस की यह जीत आने वाले समय में कई युवाओं को खेल के मैदान की ओर आकर्षित करेगी।२

एसएचवीएम पब्लिक स्कूल नारायनपुर बास्का में स्वर्गीय होती सिंह की स्मृति में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

धौलाना (संजीव वशिष्ठ) । इलाके की





विशाल शिक्षण संस्था एसएचवीएम पब्लिक स्कूल नारायनपुर बास्का में स्वर्गीय होती सिंह की स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ये प्रतियोगिता हर वर्ष व्यापक स्तर पर आयोजित होती है । जिसमें विद्यालय के सभी छात्र व छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

प्रबंधन के अमित राणा ने बताया की प्रतियोगिता में 1600 मीटर दौड़ में वंश राणा प्रथम स्थान पर रहा। 800 मीटर दौड़ में तुषार शिशोदिया प्रथम स्थान पर रहा। रस्सा कसी प्रतियोगिता में उड़ान हाउस प्रथम तथा संकल्प हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। वॉलीबॉल में शक्ति हाउस प्रथम तथा संकल्प हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। साइकिल रेस में अब्दुल प्रथम तथा उपदेश द्वितीय स्थान पर रहा। छात्रा वर्ग में 200 मीटर दौड़ में मानवी प्रथम तथा मानसी द्वितीय स्थान पर रही। साइकिल रेस में आरोही प्रथम तथा मानवी द्वितीय स्थान पर रही। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक ललित कुमार राणा , प्रबंधक अमित कुमार राणा, प्रधानाचार्या पूनम सिंह व अध्यापक मानवेन्द्र शिशोदिया, सुधीर कुमार चौहान, हर्ष शिशोदिया, मंजू पाठक सहित समस्त अध्यापक गणों ने छात्र व छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। बच्चों ने उच्चस्तर पर अपनी खेल का प्रदर्शन किया । ललित राणा के मुताबिक विजेता छात्रों को भव्य समारोह में सम्मानित किया जाएगा ।

योगेंद्र सैनी बने सैनी महासभा उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष,बधाई दी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



हापुड़। सोमवार को सैनी महासभा उत्तर प्रदेश हापुड़ के जिला अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ,जिसमें योगेंद्र कुमार सैनी सिमरोली वालों को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं प्रेमचंद सैनी को युवा जिला अध्यक्ष घोषित किया गया।

इसके अलावा मुकेश कुमार सैनी जिला उपाध्यक्ष, एडवोकेट सोनू सैनी को जिला उपाध्यक्ष नॉमिनेट किया गया। ओमप्रकाश सैनी को जिला महासचिव,अमित सैनी को कोषाध्यक्ष, प्रशांत सैनी को जिला सचिव,अरविंद सैनी को जिला सचिव, लखन सैनिकों जिला प्रचारक तथा पूर्व जिला अध्यक्ष शिवकुमार सैनी को जिला संरक्षक नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त कार्यकारिणी को सभी ने माला पहनकर स्वागत किया।

इस अवसर पर डॉ मुकेश सैनी,एडवोकेट दिनेश सैनी, कौशल सैनी,नंदकिशोर सैनी,राजीव सैनी,वीरेंद्र सैनी, राहुल सैनी,अंकित सैनी,अनिल सैनी,सुनील सैनी,नीरज सैनी,निखिल सैनी,संजय सैनी व दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

निर्देश

चेयरमैन ने गंगा मेला स्थल का किया निरीक्षण,तैयारी में तेजी लाने के दिये निर्देश

कल 4 नवंबर को गंगा मेले का भूमि पूजन किया जायेगा : शिशुपाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर। गढ़मुक्तेश्वर के खादर क्षेत्र में कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले गंगा मेले का भूमि पूजन कल 4 नवंबर को विधि विधान से किया जायेगा। जिला पंचायत चेयरमैन ने गंगा

- **डीएम मेला स्थल पर मेला तैयारी संबंधी समीक्षा करेगी**
- **गंगा मेला स्थल पर सड़क व घाटों का निर्माण जारी**

मेला स्थल का निरीक्षण कर,तैयारी में तेजी लाने के निर्देश दिये। इसके अलावा मेला स्थल पर जिलाधिकारी द्वारा मेला संबंधी तैयारियों की समीक्षा करेंगी। आपको बता दें,कि अनुसार प्रतिवर्ष जिला पंचायत द्वारा गढ़मुक्तेश्वर के खादर क्षेत्र में पौराणिक कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले का आयोजन किया जाता है। जिसकी तैयारी जिला प्रशासन द्वारा एक माह पूर्व से शुरू कर दी जाती है। मेले में गंगा स्नान करने के लिए उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के अलावा राजस्थान,पंजाब,हरियाणा व दिल्ली से करीब 20 से 25 लाख श्रद्धालु आते है। जिला पंचायत व प्रशासन का प्रयास रहता है,कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। इसके लिए जिला प्रशासन व जिला पंचायत द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है । अपर मुख्य अधिकारी शिशुपाल शर्मा ने बताया कि कल 4 नवंबर को गंगा मेले का भूमि पूजन किया जायेगा। उनके द्वारा प्रतिदिन गंगा मेला स्थल पर तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है। उन्होंने ठेकेदारों को मेले की तैयारियों में तेजी लाने के निर्देश दिये है।





उन्होंने बताया कि गंगा मेला स्थल पर जोरों से तैयारियों चल रही है। मेला स्थल पर सड़क मार्ग व घाटों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मुख्य गंगा स्नान से पूर्व सभी तैयारियों पूर्ण हो जावेंगी।

सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर ने अपर अभियंता आदेश कुमार के साथ गंगा मेला स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को मेला तैयारियों में तेजी लाने के निर्देश दिये गये।

गौरतलब है,कि कल बुधवार को जिलाधिकारी कविता मीना द्वारा गंगा मेला स्थल पर मेला तैयारियों की समीक्षा करेंगी।

पिलखुवा में बिजली तार चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश, पांच गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

पिलखुवा। विद्युत तार चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को पिलखुवा पुलिस




ने गिरफ्तार कर बड़ी बरामदगी की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 2.76 कुंतल चोरी का बिजली तार, तीन तमंचे, तीन कारतूस, दो चाकू और तार काटने के उपकरण बरामद किए हैं। इसके अलावा चोरी में इस्तेमाल की गई कार और मोटरसाइकिल भी कब्जे में ली गई है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि गिरोह ने 22/23 अक्टूबर की रात बड़ौदा हिंदुवान के जंगल में विद्युत तार चोरी किए थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांचों को रेलवे अंडरपास के पास से दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों में नीटू उर्फ नवीन उर्फ नेताजी निवासी मेरठ, आयुष निवासी गाजियाबाद, इरफान निवासी मेरठ, बालकिशन निवासी गौतमबुद्धनगर और कृष्ण अवतार निवासी संभल शामिल हैं। पुलिस के अनुसार नीटू हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ चार जिलों में तीन दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

तूफानी घोषणाओं के बाद भी वीरान पड़ा साथा चीनी मिल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। एक लंबे अर्से के बाद भी जवां क्षेत्र के गन्ना किसानों को राहत मिलती नजर नहीं आ रही है । साथा चीनी मिल को बंद हुए कई साल बीत चुके हैं । साथा चीनी मिल में लगभग 5000 किसान खाताधारक है बातचीत के दौरान क्षेत्र के किसानों ने बताया कि साथा चीनी मिल हर वर्ष लगभग 5 लाख टन चीनी का उत्पादन कर रहा था । औसतन प्रतिदिन का उत्पादन लगभग 1250 कुंतल चीनी हुआ करता था । उत्पादन होने के समय से ही साथा चीनी मिल में तकनीकी व्यवस्था खराब होती चली गई समय समय पर सरकार से दुरुस्तीकरण के लिए पैसा पर्याप्त मात्रा में कभी नहीं मिल पाया । इस कारण से साथा चीनी मिल बंद हो गया । चीनी मिल बंद होने के बाद सरकार व चीनी मिल प्रबंधन द्वारा क्षेत्र के गन्ना किसानों के लिए एक वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई जिसमें साबितगढ़ चीनी मिल



से सभी गन्ना खाताधारक किसानों को अटैच कर दिया गया । अब जवां क्षेत्र के किसानों का दर्द साफ-साफ छलकने लगा है जवां क्षेत्र में कभी गन्ने की मिठास से महकने वाले खेतों में अब पसरा है सन्नाटा जवां क्षेत्र कभी अपनी उपजाऊ भूमि और गन्ने की बंपर पैदावार के लिए पूरे इलाके में जाना जाता था। यहां के किसानों की आजीविका का मुख्य आधार साथा चीनी मिल हुआ करती थी। इस मिल की चिमनियों से उठता धुआं क्षेत्र के आर्थिक विकास और किसानों के चेहरे पर मुस्कान की गवाही देता था। लेकिन आज, यही चीनी मिल सालों से वीरान पड़ी है, पूरे चीनी मिल को जंग खा रही है और भवन खंडहर बन चुके हैं इसके साथ ही इस पूरे क्षेत्र से गन्ने की खेती लगभग गायब हो चुकी है।

किसानों की जुबानी: खुशहाली से बबार्दी तक का सफर

कभी जिस क्षेत्र में दूर-दूर तक गन्ने के लहलहाते खेत दिखाई देते थे, आज वहां सन्नाटा पसरा है। स्थानीय किसानों का कहना है कि सांथा चीनी मिल के बंद होने और सालों से वीरान पड़े रहने के कारण उनकी कमर टूट गई है।

परिवहन और लागत की मार:

मिल बंद होने के बाद किसानों को अपना गन्ना दूर-दराज की चीनी मिलों में भेजने के लिए मजबूर होना पड़ा। ढुलाई (ट्रांसपोर्ट) का खर्चा इतना बढ़ गया कि गन्ने की लागत उसकी बिक्री मूल्य से अधिक हो गई।

भुगतान की समस्याएं: दूर की मिलों में पर्ची मिलने में देरी, समय पर भुगतान न होना और मिल मालिकों की मनमानी ने किसानों को पूरी तरह पस्त कर दिया।

खेती बदलने की मजबूरी: किसानों के पास जब कोई विकल्प नहीं बचा, तो उन्होंने घाटे के इस सौदे से तौबा कर ली और गन्ने की खेती छोड़कर धान, गेहूं या अन्य फसलों की ओर रुख करना पड़ा। जवां क्षेत्र से गन्ने की खेती का लगभग सफाया हो चुका है।

काफी लम्बे समय से खंडहर में तब्दील मिल

सांथा चीनी मिल के वीरान होने से केवल किसानों का आर्थिक नुकसान ही नहीं हुआ है, बल्कि इस पूरे इलाके का सामाजिक-आर्थिक ढांचा भी चरमरा गया है। मिल परिसर में लगी मशीनें कबाड़ में तब्दील हो रही हैं। स्थानीय स्तर पर युवाओं को मिलने वाला रोजगार पूरी तरह खत्म हो गया है। क्षेत्र का व्यापार जो इस मिल की रौनक पर निर्भर था, वह अब मंदा पड़ चुका है।

प्रशासन और सरकार से किसानों की उम्मीदें

क्षेत्र के किसानों और स्थानीय लोगों की मांग है कि सरकार या तो इस बंद पड़ी सांथा चीनी मिल का पुनरुद्धार करे या फिर इसकी जगह किसी अन्य औद्योगिक इकाई की स्थापना करे, जिससे जवां क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल सके और किसानों के दिन फिर से बहुर सकें। सांथा चीनी मिल की यह वीरानी सिर्फ एक बंद मिल की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस दर्द की दास्तान है जो अन्नदाता की मेहनत को धीरे-धीरे लील रहा है। अब देखना यह है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या पर कब सुध लेते हैं और किसानों के जख्मों पर मरहम कब लगाया जाता है।

अतरौली क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद, सहनौल में बुजुर्ग महिला से कुंडल छीने, कान हुआ घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अतरौली (अलीगढ़)। अतरौली क्षेत्र में चोरी और छिनैती की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि आए दिन आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला अतरौली क्षेत्र के गांव सहनौल का है, जहां आज बाइक सवार बदमाशों ने लाइकराम की बुजुर्ग मां जो अपने खेत में काम कर रही थी उसको को निशाना बनाते हुए उनके कानों के कुंडल छीन लिए। कुंडल खींचने के दौरान महिला का कान भी फट गया, जिससे वह घायल हो गईं। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मोटरसाइकिल से मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों के अनुसार, इससे एक दिन पहले भी गांव सहनौल में दो गैस सिलेंडर चोरी होने की घटना सामने आई थी। लगातार हो रही चोरी और छिनैती की घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि गांव में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और बाइक सवार बदमाशों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाए, ताकि क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। अब सवाल यह है कि आखिर अतरौली क्षेत्र में कब तक चोर और बदमाश इसी तरह बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम देते रहेंगे।

टीकाराम कन्या महाविद्यालय में पांच दिवसीय स्काउट गाइड शिविर शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय के बीएड विभाग में पांच दिवसीय स्काउट एंड गाइड शिविर का शुभारंभ हुआ। शुरूआत प्राचार्या प्रो. लकी गुप्ता व विभागाध्यक्ष प्रो. मंजू यादव ने ध्वज शिष्टाचार के साथ की।भारत स्काउट गाइड संस्था के प्रशिक्षक गौतम सैनी व हिमांशु वार्ष्णेय ने



छात्राओं को ध्वज शिष्टाचार, स्काउट गाइड के उद्देश्य, सिद्धांत, नियम, प्रतिज्ञा, सैल्यूट, तालियां व कर्तव्यों की जानकारी दी।इस अवसर पर शिविर संयोजिका डॉ. अदिति जैन, डॉ. मधु माहौर, डॉ. आरती शर्मा, डॉ. पूनम गुप्ता, कुमारी लक्ष्मी व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संजय कुमार मौजूद रहे।

अतरौली में बजरंग दल द्वारा भव्य रक्तदान शिविर आयोजित, 92 लोगों ने किया रक्तदान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अतरौली, अलीगढ़ । 2 नवंबर को 'हुतात्मा दिवस' के पावन अवसर पर देश के वीर हुतात्माओं के बलिदान को नमन करते हुए सौ शैया अस्पताल, अतरौली में बजरंग दल की ओर से एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष प्रकाश कसेरा जी की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में युवाओं और कार्यकताओं ने भारी उत्साह के साथ हिस्सा लिया और कुल 92 यूनिट रक्तदान किया गया।

?शिविर के दौरान राष्ट्र सेवा और मानवता के इस कार्य में समाज के विभिन्न वर्गों से लोग पहुंचे। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के जिला मंत्री असीम शर्मा जी ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे दानदाता समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

?"देश के हुतात्माओं के बलिदान को याद



करने का इससे बेहतर माध्यम और क्या हो सकता है कि हम अपने खून की एक-एक बूंद से किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाएं। हमारे रक्तदाताओं का यह समर्पण और सेवा भाव समाज में राष्ट्रवाद और मानवता की एक मजबूत मिसाल पेश करता है।"

– असीम शर्मा, जिला मंत्री, विहिप

प्रमुख उपस्थिति प्रांत उपाध्यक्षा शशि वाला वार्ष्णेय

इस आयोजन को सफल बनाने में संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे:

अध्यक्षताः प्रकाश कसेरा (जिला अध्यक्ष)

विशेष उपस्थितिः असीम शर्मा (जिला मंत्री), महेश वर्मा (जिला सह मंत्री), मनोज राजपूत (जिला संयोजक), आकाश भारद्वाज (जिला सहसंयोजक)

अन्य प्रमुख पदाधिकारीः अजय ठाकुर (जिला गौ रक्षा प्रमुख), दीपक (जिला समरसता प्रमुख), दीपक (जिला प्रचार प्रमुख), विनोद (प्रखंड संयोजक), कमल (प्रखंड अध्यक्ष), अनुज गौड़ (प्रखंड उपाध्यक्ष), आदित्य सैनी (प्रखंड विद्यार्थी प्रमुख), पारस, रोहित, हरदेव, सागर चौहान (जिला विस्तारक), योगेश (विभाग सह सेवा प्रमुख), एवं गिरीश दीवाना जी।

भ्रष्टाचार मुक्त भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय में



सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के तहत एनएसएस के तृतीय एकदिवसीय शिविर में भ्रष्टाचार मुक्त भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई। शुभारंभ प्राचार्या प्रो. लकी गुप्ता ने किया। चित्रकला विभाग प्रभारी प्रो. हेमलता अग्रवाल विशिष्ट अतिथि रहीं, निर्णायक डॉ. प्रियंका दीक्षित रहीं।एनएसएस की 80 छात्राओं ने प्रतिभाग किया, 200 छात्राएं उपस्थित रहीं। छात्राओं ने रिश्वतखोरी, धार्मिक संस्थाओं में भ्रष्टाचार व डिजिटल मीडिया के दुरुपयोग पर विचार रखे और "न रिश्वत लेंगे, न लेने देंगे" का संकल्प लिया। डॉ. कविता भारती, डॉ. अंजू सिंह पटेल व डॉ. प्रतिमा वार्ष्णेय ने छात्राओं को ईमानदारी व नैतिक मूल्यों की प्रेरणा दी।प्रतियोगिता में दिव्यांशी व श्वेता यादव संयुक्त रूप से प्रथम, पलक व मुस्कान द्वितीय, तनिष्का शर्मा व उन्नति शर्मा तृतीय रहीं। विशाखा व शांभवी को सांत्वना पुरस्कार मिला।

अलीगढ़ से हुई देशव्यापी अग्नि सुरक्षा जागरूकता की पहल, लोटस टेक्नोलॉजीज ने किया 'इंडिया फायर सेफ्टी अवेयरनेस मिशन' का भव्य शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। आग से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम,जन-जीवन की सुरक्षा तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अलीगढ़ की तकनीक एवं डिजिटल सेवाओं से जुड़ी संस्था लोटस टेक्नोलॉजीज ने एक नवंबर को अपनी एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल 'इंडिया फायर सेफ्टी अवेयरनेस मिशन' का भव्य शुभारंभ किया और इस अवसर इफ सैम के डायरेक्टर आरिफ सिद्दीकी ने जानकारी देते हुए बताया कि लोटस टेक्नोलॉजीज का उद्देश्य तकनीक और डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग के साथ समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप उपयोगी सेवाएँ एवं जागरूकता अभियान विकसित करना है और इसी सोच के तहत संस्था ने निःशुल्क अग्नि सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय को जन-जागरूकता का हिस्सा बनाने की दिशा में



यह पहल शुरू की है। उन्होंने कहा कि तकनीक का वास्तविक उपयोग तभी सार्थक है, जब उससे समाज को लाभ मिले और लोगों के जीवन को सुरक्षित बनाने में योगदान दिया जा सके। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जाकिर हुसैन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्रधानाचार्य मोहम्मद मुजम्मिल उपस्थित रहे और विशिष्ट अतिथि के रूप में मेडिकल कॉलेज और एएमयू के अग्नि सुरक्षा प्रभारी दानिश फरहत सिद्दीकी,डॉ.राजेंद्र कुमार वार्ष्णेय,प्रो.उमर फारूक, जॉनी फोस्टर,डॉ.ज़िकुर रहमान, एडवोकेट शम्सुल तथा शकील खान को भी उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं मिशन के उद्देश्य और परिचय के साथ हुआ जहां पर अतिथियों को मिशन की आवश्यकता, कार्ययोजना,भविष्य की गतिविधियों तथा समाज पर पड़ने वाले संभावित सकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।इस दौरान मिशन की को-प्रोजेक्ट डायरेक्टर मानसी वत्स ने बताया कि इंडिया फायर सेफ्टी अवेयरनेस मिशन लोटस टेक्नोलॉजीज की एक सामाजिक पहल है।

अतरौली क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद, सहनौल में बुजुर्ग महिला से कुंडल छीने, कान हुआ घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अतरौली (अलीगढ़)। अतरौली क्षेत्र में चोरी और छिनैती की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि आए दिन आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला अतरौली क्षेत्र के गांव सहनौल का है, जहां आज बाइक सवार बदमाशों ने लाइकराम की बुजुर्ग मां जो अपने खेत में काम कर रही थी उसको को निशाना बनाते हुए उनके कानों के कुंडल छीन लिए। कुंडल खींचने के दौरान महिला का कान भी फट गया, जिससे वह घायल हो गईं। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मोटरसाइकिल से मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों



के अनुसार, इससे एक दिन पहले भी गांव सहनौल में दो गैस सिलेंडर चोरी होने की घटना सामने आई थी। लगातार हो रही चोरी और छिनैती की घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि गांव में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और बाइक सवार बदमाशों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाए, ताकि क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

अब सवाल यह है कि आखिर अतरौली क्षेत्र में कब तक चोर और बदमाश इसी तरह बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम देते रहेंगे?

पूर्वजों की पुण्य स्मृति को सेवा कार्य से किया अमर, श्री सालासर बालाजी मंदिर में भव्य रसोई घर का निर्माण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हरिगढ़ (अलीगढ़)। धार्मिक आस्था, पारिवारिक संस्कारों और सेवा समर्पण की अनुपम मिसाल पेश करते हुए श्री सालासर बालाजी मंदिर, हरिगढ़ में नवनिर्मित रसोई घर का अनावरण श्रद्धा एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। इस रसोई घर का निर्माण स्वर्गीय श्री दयाराम शर्मा भैयाजी एवं स्वर्गीय श्रीमती कपूरी देवी की पुण्य स्मृति में उनके परिवार द्वारा कराया गया है।

इस पुनीत सेवा कार्य में उनके पुत्र वीरेंद्र शर्मा, पुत्रवधू किरन शर्मा, पौत्री गौरी शर्मा एवं पौत्र हर्ष शर्मा का विशेष योगदान रहा। परिवार ने अपने दिवंगत पूर्वजों की स्मृति को केवल यादों तक सीमित न रखते हुए मंदिर में सेवा और जनकल्याण के कार्य के रूप में स्थायी स्वरूप प्रदान किया। नवनिर्मित रसोई घर का विधिवत अनावरण अलीगढ़ के महापौर श्री प्रशांत सिंघल एवं राजस्थान स्थित श्री सालासर बालाजी मंदिर के पुजारी श्री गौरीशंकर जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर



मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण रहा। इस पुनीत कार्य के प्रेरणास्रोत स्वर्गीय पुजारी श्री गोविंद राम जी, श्री सालासर बालाजी मंदिर, राजस्थान रहे। उनके मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से संपन्न इस सेवा कार्य को धार्मिक सेवा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना गया। इस अवसर पर शर्मा परिवार के सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा गया कि माता-पिता एवं पूर्वजों की पुण्य स्मृति में किए गए ऐसे कार्य उनकी स्मृतियों को सदैव जीवंत रखते हैं। मंदिर में निर्मित रसोई घर से श्रद्धालुओं एवं भक्तों की सेवा में सुविधा मिलेगी तथा धार्मिक आयोजनों में भी इसका लाभ प्राप्त होगा। शर्मा परिवार ने रसोई घर का निर्माण कर यह संदेश दिया कि सच्ची श्रद्धांजलि केवल स्मरण करने में नहीं, बल्कि ऐसे पुण्य कार्यों में है, जिनसे समाज और श्रद्धालुओं को निरंतर लाभ मिलता रहे।

किसना ने उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में अपने एक्सक्लूसिव आउटलेट का किया शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में अपने एक्सक्लूसिव की आउटलेट का भव्य उद्घाटन किया। यह आउटलेट जीएस कॉलेज इन फ्रंट ऑफ अब्दुल्ला कॉलेज गेट नंबर वन मारिश चौराहा,

किसना ने उत्तर प्रदेश में किया विस्तार

अलीगढ़ में स्थित है। इस अवसर पर हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक श्री घनश्याम ढोलकिया की गरिमामयी उपस्थिति रही, जो किसना के रिटेल विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह किसना का उत्तर प्रदेश में चौंतीसवां स्टोर है, जबकि देश में उनके स्टोरों की संख्या 181 पहुंच गई है। इस भव्य शुभारंभ के अवसर पर किसना ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर लेकर आया है। इनमें डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 100% तक की छूट



तथा केवल 25% डाउन पेमेंट पर डबल गोल्ड रेट प्रोटेक्शन शामिल है। ग्राहक अपने पुराने सोने को एक्सचेंज करके डायमंड ज्वेलरी की खरीद पर 105% वैल्यू का लाभ भी उठा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, किसना डायमंड ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज सहित 90% बायबैक और 95% एक्सचेंज की सुविधा प्रदान करता है। साथ ही, ग्राहकों को ग्रैंड लकी ड्रॉ में भाग लेने और कार या स्कूटर जीतने का मौका भी मिलेगा। (नियम एवं शर्तें लागू।) हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक श्री घनश्याम ढोलकिया ने कहा, अलीगढ़ में किसना की एक्सक्लूसिव की आउटलेट का शुभारंभ उत्तर प्रदेश में हमारी उपस्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दीपावली नई शुरूआत और परिवार की प्रिय परंपराओं का अवसर है। इस त्योहारी सीजन में हम अधिक से अधिक परिवारों तक डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी की खुशियां पहुंचाने के लिए उत्साहित हैं। देशभर में अपने विस्तार के साथ हमारा ध्यान हर उत्सव और हर परिवार का हिस्सा बनने पर बना हुआ है, ताकि हर घर किसना के हमारे विजन को साकार करने के और करीब पहुंच सकें।

फिल्म अभिनेता सुदेश बेरी ने किया डॉ. अवनीश राही के मृत्यु-बोध महाग्रंथ का विमोचन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ । हिंदी के गीतकार एवं साहित्यकार डॉ. अवनीश राही के महाग्रंथ मृत्यु-बोध : मृत्यु की चिता पर–जीवन का उत्सव का विमोचन दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता

मैं भूख हूँ के बाद जीवन और मृत्यु के गूढ़ प्रश्नों पर डॉ. राही की नई कृति; पुस्तक की गंभीरता और जीवन-दर्शन से प्रभावित हुए सुदेश बेरी

सुदेश बेरी ने किया। विशेष संयोग रहा कि यह विमोचन सुदेश बेरी के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर संपन्न हुआ। पुस्तक की विषयवस्तु और वैचारिक गंभीरता से प्रभावित सुदेश बेरी ने जीवन और मृत्यु जैसे सार्वभौमिक प्रश्नों को साहित्य के माध्यम से उठाने के डॉ. राही के प्रयास की सराहना की। उन्होंने पुस्तक के जीवन-दर्शन और उसके गहन चिंतन को महत्त्वपूर्ण बताया।

इस अवसर पर डॉ. अवनीश राही ने कहा कि मृत्यु-बोध मृत्यु के भय या उसके वर्णन तक सीमित कृति नहीं है, बल्कि जीवन को उसकी संपूर्णता में समझने का साहित्यिक प्रयास है। जीवन की क्षणभंगुरता का बोध ही समय, संबंधों, संवेदनाओं और मानवीय मूल्यों के महत्त्व को गहराई से समझने की दृष्टि देता है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों डॉ. अवनीश राही की नुवॉइस प्रेस से पेंगुइन रैंडम हाउस भारत द्वारा प्रकाशित कृति मैं भूख हूँ – एक युग-काव्य-संहिता भी अपने गंभीर सामाजिक सरोकारों के कारण साहित्यिक जगत में चर्चा में रही है। इस महाग्रंथ का विमोचन अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने किया था। इसमें भूख को रोटी से राष्ट्र तक की



मानवीय वेदना, गरिमा और सामाजिक न्याय से जोड़कर प्रस्तुत किया गया है। मैं भूख हूँ के बाद अब ह्यमृत्यु-बोध के माध्यम से डॉ. राही ने जीवन और मृत्यु के गहन प्रश्नों को अपनी लेखनी का विषय बनाया है।

पुस्तक के संदर्भ में महाकवि अमर सिंह राही ने अपने अभिमत में कहा कि डॉ. अवनीश राही का ह्यमृत्यु-बोधह्न मनुष्य को जीवन के वास्तविक अर्थ से परिचित कराने वाली गंभीर कृति है। यह मृत्यु का वर्णन मात्र नहीं, बल्कि जीवन के प्रति नई संवेदना और जागरूकता जगाने का प्रयास है। इस महाग्रंथ का प्रकाशन पश्चिम बंगाल के बर्धमान स्थित ब्लूइंक पब्लिशर द्वारा किया गया है। प्रकाशन संस्था के संस्थापक मुहम्मद शाबाज ने कहा कि मृत्यु-बोध जैसे गंभीर विषय पर आधारित कृति का प्रकाशन साहित्यिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है।

जीवन और मृत्यु के शाश्वत प्रश्नों को साहित्य के माध्यम से प्रस्तुत करने वाली ऐसी रचनाएँ पाठकों को विचार और आत्ममंथन के लिए प्रेरित करती हैं।

विशेष मंथन मुजफ्फरा में टाइगर ग्रुप द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह में शिक्षा, करियर गाइडेंस और युवाओं के भविष्य पर हुआ विशेष मंथन

50 गांवों के 400 बच्चों ने लिया अटल सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में हिस्सा, मेधावी उर्वी को मिली इलेक्ट्रिक स्कूटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। ग्राम मुजफ्फरा में मुजफ्फरा टाइगर ग्रुप की ओर से 25 अक्टूबर को आयोजित अटल सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परिणाम घोषित होने के बाद रविवार को भव्य पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुजफ्फरा सहित आसपास के लगभग 50 गांवों के 400 बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर देवेंद्र कुमार राजपूत, वार्ष्णेय कॉलेज अलीगढ़, श्री दान सहाय, ब्रांच मैनेजर एसबीआई बैंक अलीगढ़, श्री प्रेमपाल सिंह, रेडियो अनुरक्षण अधिकारी अलीगढ़ एवं घनश्याम शर्मा, प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अतरौली श्रीमती अंजना राजपूत जी प्रधानाध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुजफ्फरा के रूप में मुख्य वक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री गोपाल सिंह अध्यापक जी ने की तथा मंच संचालन पुष्पेंद्र लोधी ने अपने प्रभावशाली शब्दो से मंच संचालन कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया ! विशिष्ट अतिथि के रूप में एस.पी. वर्मा प्रवक्ता लोधी समाज/प्रदेश महामंत्री राष्ट्रीय लोधी महासभा शिखरना वाले उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना, करियर गाइडेंस उपलब्ध कराना तथा बेरोजगारी, गरीबी और सामाजिक पिछड़ेपन जैसी चुनौतियों से बाहर निकलने के लिए युवाओं को सही दिशा दिखाना रहा। कार्यक्रम में स्मार्ट समय और स्मार्ट वर्क के महत्व पर भी विशेष चर्चा की गई। बाहर से आए शिक्षाविदों एवं अधिकारियों ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में आने वाली बाधाओं से किस प्रकार निपटा जा सकता है तथा आईएएस, आईपीएस, पीसीएस, इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपना भविष्य बनाने के लिए कौन-सी पढ़ाई, डिग्री और प्रतियोगी परीक्षाएं आवश्यक होती हैं। बच्चों ने भी अपने भविष्य और करियर से जुड़े अनेक सवाल पूछे, जिनका अतिथियों ने बेहद सरल एवं सहज भाषा में जवाब दिया।

मेधावी विद्यार्थियों को मिले आकर्षक पुरस्कार

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में तीनों समूह में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कुमारी उर्वी राजपूत गाँव आलंपुर कायस्थान अतरौली अलीगढ़ को इलेक्ट्रिक स्कूटी देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त तीनों



समूहों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को एक-एक टैबलेट, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को एक-एक साइकिल तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को एक-एक स्टडी टेबल एवं चेयर प्रदान की गई। वहीं टॉप-10 विद्यार्थियों को दीवार घड़ी देकर सम्मानित किया गया।

पुरस्कार वितरण के बाद कार्यक्रम को मंच संचालन पुष्पेंद्र लोधी ने समापन की ओर आगे बढ़ते हुए बाहर से आए मुख्य अतिथियों को टाइगर ग्रुप की टीम द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह के रूप में तस्वीरें भेंट की।

टाइगर ग्रुप की टीम का रहा विशेष योगदान

इस आयोजन को सफल बनाने में मुजफ्फरा टाइगर ग्रुप की पूरी टीम का विशेष योगदान रहा। टीम के यह टीम कई वर्षों से गांव में तमाम सामाजिक आयोजनों को अंजाम दे चुकी है सदस्यों में हरीश लोधी, अतेंद्र सिंह, नागेश कुमार, डॉ अजय राजपूत राहुल कुमार, गौरव तिवारी, डॉ सोमवीर सिंह, कमलकांत, अर्जुन सिंह दीपक,धर्मवीर लोधी, हरेंद्र वर्मा, प्रमोद ज्वेलर्स, हिमांशु कुमार, आकाश लोधी, गुलशन कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, प्रतिभा सम्मान और करियर मार्गदर्शन की दिशा में एक सकारात्मक संदेश दिया। आयोजन का उद्देश्य केवल पुरस्कार देना नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बड़े सपने देखने, सही दिशा में मेहनत करने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

मेगा विधिक शिविर में स्वास्थ्य विभाग का स्टॉल, मिली निःशुल्क सेवाएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। मेगा बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में स्वास्थ्य विभाग ने स्टॉल लगाकर आमजन का स्वास्थ्य परीक्षण किया और निःशुल्क दवाइयां वितरित कीं।मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष पंकज कुमार अग्रवाल ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत क्षय योद्धा प्राची व अन्य टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की।चिकित्साधिकारी डॉ. बृजेश कुमार की टीम में डॉ. योगेश कौशल, साधना सिंह, अभिषेक शर्मा, ओमपाल सिंह सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। जिला पीपीएम समन्वयक डेविड कुमार शाही ने टीबी मरीजों को पोषण सहायता व समयबद्ध उपचार के प्रति जागरूक किया। जिला



क्षय रोग अधिकारी डॉ. दिनेश खत्री ने कहा कि समय पर पहचान, नियमित उपचार व पोषण से टीबी को हराया जा सकता है।

आरकेजीआईटी एण्ड मैनेजमेंट में नवरंग दीपोत्सव का उत्साहपूर्ण आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। राजकुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट दीवाली के उपलक्ष्य में मंथन द फोर्टे के माध्यम से नवरंग नामक सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ-चढ़कर भाग लिया और पूरे परिसर में उत्सव का माहौल देखने को मिला। सभी फैकल्टी एवं स्टॉफ ने बढ़चढ़कर भाग लिया एवं गरबा तथा तम्बोला आदि में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिताओं के साथ-साथ कई फन गेम्स और सरप्राइज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आर0के0जी0 ग्रुप के चेयरमैन



दिनेश गोयल , वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, वाइस चेयर वूमन आंचल गोयल , एडवाइजर डॉ0 लक्ष्मण प्रसाद, एक्जूक्यूटिव डायरेक्टर डॉ0 डी0के0 चैहान, डायरेक्टर डॉ0 राकेश गोयल, डीन एकेडमिक्स डॉ0 मनोरमा शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन डॉ0 राशी सक्सेना ने सभी को हार्दिक बधाई व धन्यवाद देकर किया।

एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में क्लिनिकल रिसर्च और एआई के व्यावहारिक अनुप्रयोग पर विशेषज्ञ कार्यशाला आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। क्लिनिकल रिसर्च, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और औषधि नियामक प्रक्रियाओं में तेजी से हो रहे बदलावों के बीच विद्यार्थियों को उद्योग की नवीनतम कार्यप्रणालियों से परिचित कराने के उद्देश्य से एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद के स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज (SPS) ने रतिराम एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन के सहयोग से शुक्रवार को एक दिवसीय व्यावहारिक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में राहे लाइफ साइंसेज नई दिल्ली के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक (क्लिनिकल ऑपरेशंस, क्वालिटी एश्योरेंस एवं रेगुलेटरी अफेयर्स) मुकेश कुमार ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित किया।

मुकेश कुमार ने अपने औद्योगिक अनुभव साझा करते हुए क्लिनिकल रिसर्च की वैज्ञानिक पद्धतियों, अनुसंधान प्रोटोकॉल, अध्ययन डिजाइन, डेटा संग्रहण तथा औषधियों की सुरक्षा एवं प्रभावकारिता के मूल्यांकन से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा कार्यशाला में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) के बढ़ते उपयोग पर विशेष चर्चा हुई। विशेषज्ञ वक्ता ने बताया कि अक आधारित तकनीकें डेटा विश्लेषण, अनुसंधान प्रक्रियाओं के अनुकूलन और निर्णय लेने की क्षमता को अधिक प्रभावी बना रही हैं। हालांकि, इनके उपयोग में डेटा की गोपनीयता, सटीकता, विश्वसनीयता तथा निगरानी सुनिश्चित करना भी आवश्यक है।कार्यक्रम का शुभारंभ विशेषज्ञ वक्ता के पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत के साथ हुआ। इसके उपरांत डॉ. शालिनी शर्मा, निदेशक, स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया। इस शैक्षणिक पहल को सफल बनाने में विश्वविद्यालय प्रबंधन का



निरंतर मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन महत्वपूर्ण रहा। चांसलर महेंद्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल, प्रो-चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव, प्रो-चांसलर (अकादमिक्स) विमल कुमार शर्मा, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार तथा कुलसचिव डॉ. दीपेश कुमार सक्सेना के सहयोग एवं मार्गदर्शन से विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के शैक्षणिक, अनुसंधान एवं व्यावसायिक विकास को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन अंकुर श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक, स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज द्वारा किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने नै उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा विशेषज्ञ से विषय-संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। पंजीकृत प्रतिभागियों को सहभागिता के लिए प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए।

कनावनी के किसानों का 81वें दिन भी धरना जारी, सुनवाई नहीं होने से नाराज किसान बोले मांगें नहीं मानीं तो देशभर के किसानों के साथ करेंगे आंदोलन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। कनावनी गांव में अपनी जमीन वापस लेने की मांग को लेकर किसानों का धरना लगातार जारी है। आज धरने को 81 दिन हो गए हैं, लेकिन किसानों का कहना है कि अब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है और न ही उनकी मांगों पर कोई ठोस सुनवाई हुई है। किसान अपनी जमीन पर ही शांतिपूर्ण तरीके से धरने पर बैठे हैं। उनका कहना है कि यदि जल्द उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन को और बड़ा किया जाएगा। किसान सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे और दूसरे राज्यों के किसान संगठनों को भी साथ जोड़कर व्यापक आंदोलन शुरू करेंगे। गाजियाबाद के कनावनी गांव में जमीन को लेकर किसानों और गाजियाबाद विकास



प्राधिकरण के बीच विवाद लगातार बना हुआ है। अपनी जमीन और अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे किसानों के धरने को 81 दिन पूरे हो चुके हैं। किसानों का कहना है कि इतने लंबे समय से प्रदर्शन करने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। किसान फिलहाल अपनी जमीन पर शांतिपूर्ण तरीके से धरना दे रहे हैं और प्रशासन से उनकी मांगों पर कार्रवाई किए जाने की उम्मीद कर रहे हैं।किसानों का कहना है कि यह लड़ाई अब केवल मुआवजे तक सीमित नहीं है, बल्कि अपनी जमीन और राजस्व अभिलेखों में अपने अधिकार वापस पाने की है। किसानों की प्रमुख मांग है कि जिन जमीनों के खसरा-खतौनी में उनके नाम हटाकर प्राधिकरण का नाम दर्ज किया गया है, वहां किसानों के नाम दोबारा बहाल किए जाएं। किसानों का कहना है कि अब वे मुआवजे के बजाय अपनी जमीन वापस चाहते हैं।

कांठ में 2 करोड़ 60 लाख से बनेगा आधुनिक नगर पंचायत कार्यालय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। मुख्यमंत्री नगरोदय योजना के तहत नगर पंचायत कांठ को बड़ी सौगात मिली है। 2.60 करोड़ से नया अत्याधुनिक कार्यालय भवन बनेगा जिसका सोमवार को पूजा अर्चना के बाद शिलान्यास किया गया' उत्तर प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री नगरोदय योजना के अंतर्गत नगर पंचायत कांठ के लिए वर्ष 2025-26 हेतु नए कार्यालय भवन के निर्माण हेतु 2 करोड़ 60 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

नगर पंचायत कांठ के चहुंमुखी विकास की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम है। लंबे समय से जर्जर और कम जगह वाले पुराने कार्यालय में नगर की बढ़ती आबादी के अनुसार कार्य संचालन में



कठिनाई हो रही थी । सोमवार को भूमि पूजन के साथ कार्य का शुभारंभ नगर पंचायत परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम एवं अधिशासी अधिकारी रामेश्वर दयाल ने संयुक्त रूप से नींव की ईंट रखकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया ।

पूजन-अर्चन का कार्य पंडित भावेश शर्मा द्वारा विधि-विधान से कराया गया । इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि "शासन की मंशा के अनुरूप कांठ नगर को एक मॉडल नगर पंचायत के रूप में विकसित किया जा रहा है। नया कार्यालय भवन बनने से नगरवासियों को एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं मिलेंगी और पारदर्शी व सुगम प्रशासन सुनिश्चित होगा। "अधिशासी अधिकारी रामेश्वर दयाल ने बताया कि भवन का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के अंदर गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाएगा ।

इस अवसर पर नगर पंचायत के चमन सिंह, मनोज कुमार, नसीम अहमद, शकील अहमद, मो. इलियास, दिलशाद, मो. उस्मान,ईस अहमद मो. नितिन बिश्नोई, परवेज सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार आदि मौजूद थे ।

गन्ने का भाव साढ़े पाँच सौ रुपए प्रति क्विंटल मिले: राकेश टिकैत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी) । भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत आज एक पुराने मुकदमे में गाज़ियाबाद कोर्ट में हाज़िर होने आये थे । कोर्ट परिसर में भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि किसान आंदोलन 22 जनवरी 2021के बाद किसानों की एमएसपी पर सरकार से कोई बातचीत नहीं हुई है । और ना ही देश में किसान आंदोलन के बाद कोई बड़ा आंदोलन हुआ है । अब जेन जी और विपक्ष ने सरकार के खिलाफ आन्दोलन शुरू किये हैं । उन्होंने विपक्ष के नेताओं को सुझाव दिया कि वोट चोरी के खिलाफ अब प्रत्येक राज्य में बड़ी रैली करनी चाहिए । उन्होंने कहा कि किसानों की गन्ने की फसल में आ रही लागत को देखते हुए सरकार को गन्ने का भाव कम से कम साढ़े पाँच सौ रुपये देना चाहिए ।उन्होंने कहा कि इस बार जब भी कोई किसान आंदोलन होगा तब दिल्ली के चारों तरफ केएमपी एक्सप्रेसवे को बंद कर दिल्ली को घेरा जाएगा । एक सवाल के



जवाब में उन्होंने कहा कि अगर सरकार जयंत चौधरी को कृषि मंत्री बना देगी तो किसानों के सवालों पर उनसे भी सवाल किए जाएँगे । उन्होंने कहा कि दिल्ली व एनसीआर में कारों से या पराली जलाने से कोई प्रदूषण नहीं होता है । किसान अब खेतों में कोई पराली नहीं जलाते हैं क्योंकि उनकी पराली तो खेतों से ही बिक जाती है । प्रदूषण तो बड़ी बड़ी फैक्टरियों व निर्माण कार्यों से होता है । राकेश टिकैत के अधिवक्ता चौधरी अजय वीर सिंह ने बताया कि राकेश टिकैत सन 2014 एक पुराने मामले में विशेष न्यायालय (एम पी , एमएलए कोर्ट)श्री निशांत मान की कोर्ट में में उपस्थित हुए थे। कोर्ट में हड़ताल हो जाने के कारण मुकदमे में सुनवाई के लिए अगली तिथि 12 नवंबर निर्धारित की गई है ।इस अवसर पर उनके साथ जिला अध्यक्ष चौधरी बिजेनदर सिंह, चौधरी राम कुमार सिंह दुहाई, महेश यादव बमहैटा आदि उपस्थित थे ।

मृतक की पत्नी सुनीता ने अज्ञात कंबाइन चालक के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। लदावली गांव में हुई सड़क दुर्घटना



के मामले में पुलिस ने कंबाइन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। नगर पंचायत कांठ के मोहल्ला घोसीपुरा निवासी कृष्ण अवतार पुत्र राजेंद्र सिंह अपने वाहन से मुरादाबाद सामान उतार कर वापस आ रहे थे दोपहर बाद लगभग ढाई बजे लदावली गांव में पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही कंबाइन ने उनके वाहन को टक्कर मार दी जिसमें वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और कृष्ण अवतार को भी काफी चोट आई पीआरबी व जनता की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन वहां पर मृत घोषित कर दिया गया मृतक की पत्नी सुनीता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कंबाइन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

संक्षिप्त समाचार

नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय के स्टाफ द्वारा गुलदस्ता भेंट किया स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। नवागत खंड शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र कुमार गोंड का सोमवार को पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय कांठ



(कंपोजिट) के स्टाफ द्वारा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। श्री गोड़ ने आज ही चार्ज ग्रहण किया था ' इस अवसर पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक उदयवीर सिंह, वंदना बिश्नोई, बदर जहां, पारुल जैन सोनी, देवेश कुमार, वंदना शर्मा, श्रीमती राखी बिश्नोई, सुमन कुमार मौजूद थे ।

तंबाकू मुक्त युवा अभियान: 100 गांवों एवं 1100 विद्यालयों को बनाया जाएगा "तंबाकू मुक्त"

बुलन्छ संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी नगर अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई।



बैठक में जनपद के 100 गांवों एवं 1100 विद्यालयों को तंबाकू मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में पंचायती राज विभाग को 100 गांवों तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को 1100 विद्यालयों को तंबाकू मुक्त बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। पुलिस विभाग को कोटपा अधिनियम-2003 एवं इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम-2019 का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक रचना मिश्रा को सभी थानों में एक-एक पुलिस अधिकारी नामित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त खंड विकास अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों एवं चिकित्सा अधीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्रों में तंबाकू नियंत्रण संबंधी कानूनों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध अधिक से अधिक चालान की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक के समापन पर अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई तथा अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों से समन्वित प्रयास करने का आह्वान किया।

मां ज्वाला देवी मंदिर से अखंड ज्योति लाने के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। नगर के रामलीला मैदान में पांच नवंबर को बम बटक एकता मंच के तत्वावधान में मां भगवती का 18वां भव्य जागरण आयोजित किया जाएगा। जागरण में स्थापित करने के लिए मां ज्वाला देवी मंदिर, हिमाचल प्रदेश से अखंड ज्योत लाने के श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। मंच के अध्यक्ष जितेंद्र चौहान ने जत्थे में शामिल श्रद्धालुओं को फूलमालाएं पहनाकर रवाना किया।

जत्थे में डॉ. त्रिवेद कुमार, दानवीर कुमार, ब्रह्मपाल सिंह, राजकुमार सिंह, विकास कुमार, रानी देवी, संतोष देवी, कुमारी निवी, निशांत कुमार, अरविन्द कुमार और रणवीर कुमार शामिल हैं।

२जत्था चार नवंबर की सुबह हिमाचल प्रदेश स्थित मां ज्वाला देवी मंदिर से अखंड ज्योत लेकर कांठ के भूड़ मंदिर पहुंचेगा। इसके बाद



भूड़ मंदिर से रामलीला मैदान तक शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें श्रद्धालु अखंड ज्योत के साथ शामिल होंगे। जत्थे को रवाना करने के दौरान डॉ. देवराज सिंह, बृजवाला चौहान, सोनू, अमित कुमार, विनोद कुमार, सचिन कुमार, अंकित शर्मा, सुशांत कुमार, हेमंत कुमार और जितेंद्र चौहान सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

4-5 नवम्बर को खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण, युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार का अवसर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। देशमुख कुमार राजकीय फल संरक्षण केन्द्र ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि खाद्य प्रसंस्करण विभाग उ०प्र० लखनऊ के अधीन राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र गाजियाबाद द्वारा ग्राम औरगांबाद, गदाना ब्लॉक भौजपुर जिला गाजियाबाद। दिनॉक 04.11.2026 से 05.11.2026 तक किया जाना प्रस्तावित है। जनपद में सरकार की मुख्यमन्त्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण, शिक्षित बेरोजगार युवक व युवतियो के लिये अपना स्वरोजगार लगाकर स्वालम्वी बनाने के उददेश्य से आयेजित किया गया। इस प्रशिक्षण में उद्यमियो को खाद्य प्रसंस्करण की जानकारी विषय विषयज्ञो द्वारा दी जायेगी साथ ही विभाग, की संचालित योजनाओ सें किस प्रकार अनुदान प्राप्त कर सकते है, आदि की एवं वित्तीय व्यवस्था प्रबन्धन, ऋण आदि के बारे में जानकारिया भी दी जायेगी। खाद्य प्रसंस्करण मिशन के अन्तर्गत कैसे हम छोटी बडी खाद्य प्रसंस्करण की इकाई स्थापित करें, इस योजना में उद्योग स्थापित करने हेतु अधिकतम एक लाख का अनुदान विभाग द्वारा प्रत्येक लाभार्थी को दिया जायेगा, खाद्य प्रसंस्करण में बडे उद्योगो में विभाग द्वारा 35 प्रतिशत अनुदान की भी व्यवस्था है। मुख्यमन्त्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना में लाभार्थियो को लेखन सामग्री निःशुल्क वितरित की जायेगी, इस महत्वाकाक्षी योजना से प्रशिक्षण प्राप्त कर खाद्य प्रसंस्करण की सूक्ष्म एवं लघु इकाई स्थापित करने हेतु । प्रशिक्षण उपरान्त इच्छुक लाभार्थी पनीर, मक्खन, दही, बेकरी, बिस्कूट केक, रस, मसाला पैकिंग, अचार, फल सब्जी आधारित उत्पाद सॉस, कैचप, फूट जूस, कैण्डी, पेठा, मुरब्बा, जैम, पापड, बडी, अचार, आलू चिप्स फ्लोर मिल, राईस मिल, ऑयल मिल, दाल मिल, पैकिंग, ग्रेडिंग आदि का उद्योग लगा सकतें है।

आरोप

पुलिस की कार्रवाई पर उठे सवाल, पुलिस ने आरोपों को बताया निराधार

कविनगर जिम में युवती से छेड़छाड़ का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी) । कविनगर थाना क्षेत्र के महिंद्रा एन्क्लेव स्थित एक जिम में युवती के साथ कथित छेड़छाड़ और विरोध करने पर जिम संचालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आने की बात कही जा रही है। पीड़ित पक्ष के अनुसार, जिम में मौजूद गौरव नाम के युवक ने युवती के साथ अभद्रता की। युवती ने इसकी शिकायत जिम संचालक से की। संचालक ने जब आरोपी को रोकने का प्रयास किया तो वह मौके से फरार हो गया। आरोप है कि कुछ देर बाद वह अपने साथियों के साथ वापस पहुंचा और जिम संचालक के साथ मारपीट करते हुए हथियार की बट से हमला कर उसे घायल कर दिया।

मामले की शिकायत कविनगर थाने में की गई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस ने आरोपी को रात में हिरासत में लेने के बाद छोड़ दिया, जिसके विरोध में थाने पर हंगामा हुआ। पीड़ितों ने यह भी आरोप लगाया कि बाद में आरोपी को दोबारा थाने लाया गया और पीछे के रास्ते से अंदर ले जाया गया। पीड़ित पक्ष ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर निष्पक्ष जांच और सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का पक्षः पुलिस के अनुसार, मामला जिम संचालक और दूसरे पक्ष के बीच हुए विवाद एवं मारपीट का है। पुलिस का कहना है कि गौरव नाम के युवक ने सौरव समेत कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर जिम संचालक से झगड़ा किया था। इस मामले में पुलिस ने शांति भंग की आशंका के तहत धारा 151 सीआरपीसी के अंतर्गत कार्रवाई की थी। पुलिस ने हिरासत में लेने के बाद आरोपी को छोड़े जाने को लेकर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया है। पुलिस





का कहना है कि सात वर्ष से कम सजा वाले अपराधों में गिरफ्तारी और हिरासत को लेकर कानून में निर्धारित प्रक्रिया एवं अधिकारों का पालना करना अनिवार्य है। साथ ही मामले में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।कानूनी पहलूः कानून के अनुसार, किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी और हिरासत का निर्णय आरोपों की प्रकृति, उपलब्ध साक्ष्यों तथा लागू कानूनी प्रावधानों के आधार पर किया जाता है। सात वर्ष तक की सजा वाले अपराधों में भी गिरफ्तारी स्वतः अनिवार्य नहीं होती। हालांकि इसका अर्थ यह नहीं है कि पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने या निष्पक्ष जांच करने से मुक्त है। ऐसे मामलों में पीड़ित की शिकायत, सीसीटीवी फुटेज, मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों की निष्पक्ष जांच महत्वपूर्ण है।फिलहाल मामले में दोनों पक्षों के आरोपों के बीच पुलिस की जांच और आगे की कानूनी कार्रवाई महत्वपूर्ण है। यह भी स्पष्ट होना बाकी है कि युवती से छेड़छाड़ और हथियार से हमला किए जाने के आरोपों की

कांठ में आवारा कुत्तों और बंदरों से नागरिक परेशानः आर्य समाज मंदिर को बनाया विश्राम स्थल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। शासन के निर्देश के बाद भी नगर पंचायत कांठ में आवारा कुत्तों और बंदरों को पकड़ने के लिए कोई सफल प्रयास नहीं हुए हैं' रोजाना लोग बंदरों के और कुत्तों के शिकार हो रहे हैं' आवारा कुत्तों ने तहसील भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, डायट परिसर, एवं आर्य समाज मंदिर को अपना विश्राम स्थल बना लिया है' पिछले दिनों बंदरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया गया था लेकिन यह अभियान सफल नहीं हो पाया' नगर पंचायत में अनेक स्थानों पर काफी संख्या में आवारा कुत्तों को घूमते हुए देखा जा सकता है' यह आवारा कुत्ते बच्चों को और बुजुर्गों को अपना शिकार भी बना लेते हैं' लेकिन इनको पकड़ने के लिए अभी तक कोई कठोर कार्रवाई नहीं की गई है।



आधुनिक तकनीक और बाजार से जोड़कर माटी कला के शिल्पकारों को आत्मनिर्भर बना रही सरकार: राकेश सचान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ (असद रिजवी)। उत्तर प्रदेश सरकार पारंपरिक माटी कला को आधुनिकल्न तकनीक, वित्तीय सहायता, उद्यमिता और व्यापक बाजार से जोड़कर शिल्पकारों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही है। खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने बुधवार को यह बात कही। सचान ने डालीबाग स्थित खादी भवन परिसर में उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड की ओर से आयोजित 11 दिवसीय माटी कला महोत्सव-2026 एवं राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

मिट्टी से संस्कृति, संस्कृति से समृद्धि थीम पर आयोजित यह महोत्सव 7 नवंबर तक चलेगा।

मंत्री ने कहा कि बदलती बाजार मांग के अनुरूप माटी कला के उत्पादों की गुणवत्ता, आकर्षक डिजाइन, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और डिजिटल मार्केटिंग पर विशेषल्ल ध्यान दिया जा रहा है, ताकि शिल्पकारों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिल सके। उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिशिर सिंह के अनुसार, 19 जुलाई 2018 को माटी कला बोर्ड की स्थापना के बाद से प्रदेश में 48 हजार से अधिक शिल्पकार परिवारों को चिह्नित किया गया है। इनमें लगभग 40 हजार शिल्पकारों को मिट्टी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भूमि एवं पट्टे संबंधी सुविधाएं दी गई हैं।

सिंह ने बताया, "पारंपरिक माटी कला को बनाए रखने के लिए शिल्पकारों को कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करना जरूरी है। इसी उद्देश्य से लगभग 40 हजार शिल्पकारों को भूमि एवं पट्टे संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।"

उन्होंने बताया कि शिल्पकारों को अब तक 18,400 से अधिक विद्युत चालित चाक वितरित किए जा चुके हैं। चालू वित्तीय वर्ष में 2,740 अतिरिक्त विद्युत चालित चाक के साथ मिट्टी के बर्तन और दीये बनाने के आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना के तहत वित्तीय सहायता और बैंक ऋण के माध्यम से



1,300 से अधिक उद्यम स्थापित किए गए हैं। चालू वित्तीय वर्ष में 300 नए उद्यम स्थापित करने का लक्ष्य है। सिंह के मुताबिक, "इस योजना का उद्देश्य पारंपरिक शिल्पकारों को अपना उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना और उनके हुनर को स्थायी रोजगार के अवसरों में बदलना है।"

शिल्पकारों को साझा उत्पादन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पीलीभीत, रामपुर, कन्नौज, अमरोहा, बाराबंकी, फिरोजाबाद, बिजनौर, अमेठी, बरेली और जालौन में 10 कॉमन फैसिलिटी सेंटर स्थापित किए गए हैं।

बोर्ड ने चालू वित्तीय वर्ष में लगभग 4,900 शिल्पकारों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा, सामूहिक उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 128 सहकारी समितियां पंजीकृत की गई हैं।

श्री सिंह ने कहा, "कौशल विकास, आधुनिक उपकरण और बाजार तक पहुंच इस क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। प्रशिक्षण से शिल्पकारों की तकनीकी दक्षता और उद्यम स्थापित करने की क्षमता बढ़ेगी।" महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर पांच शिल्पकारों को निःशुल्क विद्युत चालित चाक और दो को पग मिल वितरित किए गए। मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए। प्रदर्शनी में प्रदेश के विभिन्न जिलों के शिल्पकारों द्वारा तैयार पारंपरिक एवं आधुनिक मिट्टी के उत्पाद, सजावटी वस्तुएं और कलाकृतियां बिक्री एवं प्रदर्शन के लिए उपलब्ध हैं।

एक और ऐतिहासिक उपलब्धि की दहलीज पर विराट कोहली, ऐसा करने वाले बनेंगे दुनिया के पहले बल्लेबाज

नई दिल्ली । टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपने करियर के उस मुकाम पर हैं, जहां वह हर मैच के साथ ही कोई न कोई बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लेते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार (4 नवंबर) को होने वाले वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में भी विराट के पास एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने का सुनहरा मौका होगा। दरअसल, विराट कोहली वनडे में नंबर तीन की पोजीशन पर खेलते हुए अब तक 305 पारियों में 12,988 रन बना चुके हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ अगर पहले वनडे मुकाबले में विराट 12 रन बनाने में सफल रहते हैं, तो वह इस पोजीशन पर खेलते हुए 13 हजार रन पूरे करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन जाएंगे। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज रिकी पोंटिंग मौजूद हैं, जिन्होंने 365 पारियों में 12,662 रन बनाए हैं। वनडे क्रिकेट में किसी एक पोजीशन पर खेलते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है। सचिन ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर 15,310 रन बनाए हैं। विराट कोहली अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में एक शतक लगाने में सफल रहते हैं, तो वो लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ देंगे। कोहली और सचिन ने अभी तक लिस्ट-ए क्रिकेट में 60-60 शतक लगाए हैं।

कोहली का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के खिलाफ 50 ओवर की क्रिकेट में शानदार रहा है। विराट ने 36 मुकाबलों में न्यूजीलैंड के खिलाफ 57 की दमदार औसत से खेलते हुए 1,897 रन बनाए हैं।

फिनएक्स इंस्टीट्यूट ने लखनऊ में नए कैंपस का किया शुभारंभ, युवाओं को मिलेगी इंडस्ट्री-रेडी BFSI शिक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। फिनएक्स इंस्टीट्यूट (पूर्व में बीएसई इंस्टीट्यूट) ने रतन स्क्वायर, विधान सभा मार्ग स्थित अपने नए एकेडमिक कैंपस का शुभारंभ किया। उद्घाटन एसबीआई म्यूचुअल फंड के



प्रेसिडेंट एवं सीबीओ श्री मनीष मेहता तथा छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के प्रो-वाइस चांसलर डॉ. सुधांशु पांड्या ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम की शुरूआत कैंपस डायरेक्टर श्री विराग जैन के स्वागत संबोधन से हुई। उन्होंने कहा, "फिनएक्स का उद्देश्य लखनऊ और आसपास के युवाओं को बैंकिंग एवं फाइनेंशियल सर्विसेज (BFSI) क्षेत्र की गुणवत्तापूर्ण, इंडस्ट्री-ओरिएंटेड शिक्षा और रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। संस्थान उद्योगों एवं शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर इंटर्नशिप, प्लेसमेंट और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देगा। साथ ही, वंचित वर्गों के युवाओं को वित्तीय कौशल से जोड़ने और लखनऊ को इन्नक टैलेंट हब बनाने की दिशा में भी काम करेगा।"

इस अवसर पर फिनएक्स के सीईओ श्री हिमांशु व्यपक ने कहा, "हमारा लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को बैंकिंग, कैपिटल मार्केट और फिनटेक जैसे क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए अपने शहर में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, इंडस्ट्री एक्सपोजर और प्लेसमेंट सपोर्ट मिले।"

समारोह में कोटक बैंक के स्टेट हेड श्री सुनील गुरनानी, आईसीआईसीआई बैंक के रीजनल हेड श्री अभय शुक्ला, बंधन बैंक के स्टेट हेड श्री अनुराग श्रीवास्तव, फ्रैंकलिन टेम्पलटन के स्टेट हेड श्री गौरव नागर, एचडीएफसी लाइफ के श्री वैभव त्रिपाठी तथा लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन के वाइस चेयरमैन श्री प्रवीण कुमार सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

फिनएक्स के कार्यक्रमों में बैंकिंग, फाइनेंस, कैपिटल मार्केट, डेटा साइंस और फिनटेक से जुड़े डिग्री, डिप्लोमा एवं प्रोफेशनल सर्टिफिकेशन कोर्स शामिल हैं। संस्थान 300 से अधिक इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स के सहयोग से प्रतिवर्ष लगभग 10,000 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देता है और देशभर के 350 से अधिक कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी रखता है।

शमीम निखत उर्दू फिक्शन अवॉर्ड डॉ.सबीहा अनवर और वकार रिजवी पत्रकारिता अवॉर्ड संजय शर्मा को प्रदान एमएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। ऑल इंडिया कैफी आजमी अकादमी में शुआ फातिमा एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में बारहवें डॉ. शमीम निखत उर्दू फिक्शन अवॉर्ड-2026 और सैयद वकार रिजवी पत्रकारिता अवॉर्ड



वितरण समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में परिवहन विभाग के फाइनेंस कंट्रोलर मनीष शुक्ला उपस्थित रहे। संचालन प्रो. अब्बास रजा नैयर ने किया। समारोह में प्रसिद्ध कहानीकार और करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पीजी कॉलेज की पूर्व प्राचार्य डॉ. सबीहा अनवर को ह्यडॉ. शमीम निखत उर्दू फिक्शन अवॉर्ड प्रदान किया गया। यह पुरस्कार इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के संस्थापक एवं चांसलर प्रो. सैयद वसीम अख़्तर के हाथों दिया गया। वहीं, वरिष्ठ पत्रकार संजय शर्मा को ह्यसैयद वकार रिजवी पत्रकारिता अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। अचानक लखनऊ से बाहर जाने के कारण संजय शर्मा की ओर से उनकी पत्नी बबीता चतुर्वेदी ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। इस अवसर पर ह्यउर्दू फिक्शन पर विश्व फिक्शन के प्रभाव विषय पर व्याख्यान देते हुए बीएचयू के उर्दू विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. याकूब यावर ने कहा कि उर्दू फिक्शन में सबसे बुनियादी प्रवेश यथार्थवाद का हुआ, जिसके तहत साहित्य का मुख्य दायित्व मानव जीवन के साथ गहरा संबंध स्थापित करना बना। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. अम्मार रिजवी ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए प्रो. शारिब रुदौलवी द्वारा दस वर्ष पूर्व शुरू किए गए इस कार्यक्रम की परंपरा की सराहना की।

विशिष्ट अतिथि मनीष शुक्ला ने प्रो. शारिब रुदौलवी के साहित्यिक और मानवीय योगदान को याद किया। कार्यक्रम में प्रो. सैयद वसीम अख़्तर, प्रो. मोहम्मद काज़िम और खान अहमद फारूक ने भी अपने विचार रखे। समारोह के दौरान विद्यार्थियों के लिए आयोजित कहानी लेखन प्रतियोगिता के परिणाम भी घोषित किए गए। रिसर्च स्कॉलर स्तर पर साइमा माही (प्रथम) और उर्सला अबरार (द्वितीय) विजयी रहीं। एमए स्तर पर सदफ नूर को प्रथम तथा गुलनाज सिद्दीकी को द्वितीय स्थान मिला। बीए स्तर पर रजा अबरार और बाद सबा संयुक्त रूप से प्रथम रहे, जबकि मोहम्मद अहमद और रमशा कुरैशी को द्वितीय पुरस्कार तथा चार अन्य विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया।

लखनऊ में सजेगा शिक्षा और प्रतिभा सम्मान का मंच, ऑलिव मिशन आयोजित करेगा एजुकेशनल समिट 2.0

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने, मेधावियों को सम्मानित करने और सामाजिक सरोकारों से जुड़े व्यक्तित्वों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से ऑलिव मिशन द्वारा रविवार, 1 नवंबर को लखनऊ स्थित 'यूपी संगीत नाटक अकादमी' में एजुकेशनल समिट 2.0 एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन



किया जा रहा है।

दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित होने वाले इस गरिमामयी कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज सेवा से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (RDSO) के अपर महानिदेशक (ADG) काजी मेराज अहमद उपस्थित रहेंगे, जबकि प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता श्री अजय कंचन विशिष्ट मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की राजपत्रित सदस्य व सामाजिक उद्यमी श्रीमती सबीहा अहमद, वरिष्ठ पत्रकार सुश्री कुलसूम तल्हा और एरा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एम.एम. फरीदी विशेष अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध 'अल-अमीन मिशन' की प्रेरणा से कार्यरत 'ऑलिव मिशन' विशेष रूप से विद्यार्थियों को मेडिकल (NEET-UG) जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क व गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। आयोजकों ने बताया कि यह सम्मेलन केवल सम्मान का अवसर नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास जगाने, विचारों का आदान-प्रदान करने और राष्ट्र निर्माण के सामूहिक संकल्प को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम है।

ऑलिव मिशन ने सभी शिक्षाविदों, समाजसेवियों, विद्यार्थियों और अभिभावकों से इस प्रेरणादायी समारोह में सहभागी बनने की अपील की है।

शुभ नवरात्रि

जिला बुलन्दशहर में सबसे सस्ती विकसित Approved Colony

सरस्वती विहार

ऑफर

APPROVED COLONY APPROVED

शुरूआत में आओगे तो सस्ता मिलेगा, देर से आओगे तो महंगा मिलेगा

- जिला पंचायत द्वारा स्वीकृत।
- भूड़ चौराहे से मेरठ हाईवे पर ऑनरोड कॉलोनी।
- न्यू नोएडा के नजदीक।
- बुलंदशहर रिंग रोड के नजदीक।
- सुन्दर पार्क एवं भव्य मन्दिर।
- स्कूल, डिग्री कॉलेज, रेस्टोरेंट, पैट्रौल पम्प के बिल्कुल नजदीक
- एक गेट की बन्द कॉलोनी।



दीपावली के अवसर पर आज से दीपावली तक प्लॉट बुक कराने पर विशेष लकी ड्रा

5 विजेताओं को 5* इलैक्ट्रिक स्कूटी जीतने का सुनहरा अवसर

नियत व शर्तें लागू*

होमलोन की सुविधा

24 घंटे बिजली सुविधा

कॉमर्शियल प्लॉट आवासीय प्लॉट

तैयार दुकान व तैयार मकान

सीसीटीवी कैमरे द्वारा सुरक्षित कॉलोनी

- प्लॉट - साईज 60 गज, 80, 100, 150 गज
- मकान - 2BHK, 3BHK
- रास्ते - 35, 30, 28, 24, 20 फुट चौड़े
- सीवर, पक्की नाली व पक्के चौड़े रास्ते

Marketd By : ALLIED DEVELOPER & ASSOCIATES, Bulandhsahr

-Vivek Rana -Shubham Singhal 9457015881 9917176500

पता-रेनिसेन्स स्कूल के पास, मेरठ रोड, गिझौरी, बुलन्दशहर

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी (संपादक) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी (उप सम्पादक), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267